प्रयागराज, बुधवार, 23 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 11, अंक 214, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर- सूर्यकुमार यादव ने जीता 'प्लेयर आफ द सीरीज' का खिताब



अंदर- वैश्विक स्तर पर जनसंख्या वृद्धि से उभरती चिंताएं

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# असम-मेघालय बॉर्डर पर हिंसा

## फायरिंग में अब तक 6 लोगों की मौत, वन रक्षकों ने तीन लोगों को पकड़ा

**गुवाहाटी ।** असम-मेघालय बॉर्डर पर हुई फायरिंग में छह लोगों की जान चली गई। असम-मेघालय सीमा से लगे मुकरोह क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना में मारे गए 6 लोगों में से पांच मेघालय के हैं जबकि एक असम का नागरिक है।

मेघालय के सीएम कोनराड संगमा ने बताया कि मेघालय पुलिस ने इस घटना को लेकर केस दर्ज कर लिया है। कुछ लोग घटना में जख्मी भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पश्चिम कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक इमदाद अली ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि असम वन विभाग ने मेघालय सीमा पर ट्रक को रोका था। ट्रक चालक ने भागने की कोशिश की। उसे रोकने के लिए वन रक्षकों ने फायरिंग कर दी। अधिकारी ने आगे बताया कि फायरिंग में ट्रक का टायर पंक्चर हो गया। वन रक्षकों ने ट्रक चालक समेत तीन लोगों को पकड़ लिया। हालांकि, अन्य भागने में कामयाब रहे। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने बताया कि आज, मुकरोह गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें असम पुलिस और असम के वन रक्षकों ने गोलीबारी की, इस गोलीबारी में 6 लोगों की मौत हो गई। मारे गए लोगों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके बारे में एक जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

**झड़प**

**पुलिस के पहुंचते ही कुछ स्थानीय लोग हाथों में हथियार लिए वहां पहुंचे**

**तस्करों को छोड़े जाने की मांग को लेकर वन रक्षकों और पुलिस को घेरा**




मेघालय पुलिस ने बताया कि असम वन रक्षकों ने असम पुलिस के साथ लकड़ी लदे एक ट्रक का पीछा किया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। यह सुनते ही मुकरोह गांव के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए और सबको घेर लिया था। मेघालय सरकार ने भी मुकरोह में गोलीबारी की घटना के बाद 22 नवंबर से 7 जिलों में 48 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी है। पश्चिम जयंतिया हिल्स, पूर्वी जयंतिया हिल्स,ईस्ट खासी हिल्स, री-भोई, ईस्टर्न वेस्ट खासी हिल्स, वेस्ट खासी हिल्स और साउथ वेस्ट खासी हिल्स सहित जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। इस बीच मेघालय सरकार ने एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें कहा गया है, पुलिस मुख्यालय, मेघालय, शिलॉन्ग से रिपोर्ट मिली है कि मुकरोह, पश्चिम जयंतिया हिल्स, जोवई में एक अप्रिय घटना हुई है। इसमें सार्वजनिक रूप से इलाके में शांति भंग की है और ये मामला पश्चिम जयंतिया हिल्स, पूर्वी जयंतिया हिल्स, ईस्ट खासी हिल्स, री-भोई, ईस्टर्न वेस्ट खासी हिल्स, वेस्ट खासी हिल्स और साउथ वेस्ट खासी हिल्स में सार्वजनिक लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं, जिससे कानून और व्यवस्था बिगड़ सकती है।

### गृहविभाग ने बंद की सोशल मीडिया की सेवाएं



मेघालय के सचिव सीवीडी डेंगदोह ने अधिसूचना जारी कर मेघालय राज्य में शांति भंग करने के लिए सोशल मीडिया (व्हाट्सएप और सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के दुरुपयोग को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गृह (पुलिस) विभाग ने मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स, पूर्वी जयंतिया हिल्स, ईस्ट खासी हिल्स, री-भोई, ईस्टर्न वेस्ट खासी हिल्स, वेस्ट खासी हिल्स और साउथ वेस्ट खासी हिल्स जिलों में टेलीकॉम और सोशल मीडिया सेवाएं बंद करवा दी हैं।

# दाऊद ने रची पीएम को मारने की साजिश



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जान को खतरा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस को एक वॉट्सऐप मैसेज मिला है, जिसमें कहा गया है कि भगोड़े आतंकी दाऊद इब्राहिम ने पीएम को मारने की साजिश रची है। इस मैसेज के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। जानकारी के मुताबिक मुंबई ट्रैफिक पुलिस को भेजे गए ऑडियो मैसेज में कहा गया है कि दाऊद इब्राहिम ने मुश्ताक अहमद और मुश्ताक नाम के दो आतंकियों को प्रधानमंत्री मोदी को मारने की सुपारी दी है।

इस मामले में वर्ली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है और पुलिस मैसेज भेजने वाले की तलाश कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसी साल अगस्त में भी जान से मारने की धमकी मिली थी। उस समय एक ई-मेल भेजकर कहा गया था कि आतंकियों के स्लीपर सेल में शामिल 20 लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मारने के लिए तैयार हैं। ई-मेल में कहा गया था कि इस स्लीपर सेल के पास 20 किलो आरडीएक्स है। ई-मेल भेजने वाले ने यह दावा भी किया था कि उसके आतंकवादियों से संबंध हैं। ई-मेल में कहा गया कि इस साजिश के खुलासे से बचने के लिए वह सुसाइड कर रहा है। जून 2018 में पुणे कोर्ट में पुलिस ने एक चिट्ठी पेश करते हुए दावा किया था कि माओवादी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजीव गांधी की तरह हत्या करने की साजिश रच रहे थे।

**अलर्ट**

**दो आतंकियों को हत्या की सुपारी दी, मुंबई पुलिस को मिला वॉट्सऐप मैसेज**




# सपा नेता आजम खां को मिली जमानत



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खां को नफरती भाषण देने के एक मामले में निचली अदालत ने जमानत प्रदान कर दी। कोर्ट ने उन्हें 50-50 हजार के दो जमानती पेश करने और 50 हजार रुपये का मुचलका भरने के बाद जमानत प्रदान कर दी।

**नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला**

कोर्ट ने नफरती भाषण देने के मामले में उन्हें तीन साल की कैद और छह हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस फैसले को आजम खां ने सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। सेशन कोर्ट ने आजम खां को 22 नवंबर तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी। इस मामले में जमानत के लिए आजम खां मंगलवार को कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट में वो लगभग चार घंटे तक रहे। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने 50-50 हजार रुपये के दो जमानती पेश करने और 50 हजार रुपये का मुचलका भरने के बाद जमानत दे दी है।

# मुख्य आरोपी व निलंबित लेबर कमिश्नर अरेस्ट

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान गैंगरेप केस के मुख्य आरोपी और निलंबित लेबर कमिश्नर आरएल ऋषि को सोमवार दोपहर करीब एक बजे चेन्नई से एक उड़ान से पोर्ट ब्लेयर पहुंचने के बाद अंडमान निकोबार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें अंडमान निकोबार के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण और पोर्ट ब्लेयर का कारोबारी संदीप सिंह उर्फ रिंकू शामिल है।

महिला को सरकारी नौकरी दिलाने का वादा करके गृह सचिव के घर बुलाने और सामूहिक बलात्कार करने के मामले में आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया गया था। एसआइटी अब तक तीन बार नारायण से पूछताछ कर चुकी है। अंडमान निकोबार पुलिस ने दो नवंबर को सिंह और ऋषि के बारे में जानकारी देने पर एक-एक लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी। एक अक्तूबर को दर्ज की गई प्राथमिकी में अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण के साथ आर एल ऋषि का नाम दर्ज किया गया था। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया था कि उसे सरकारी नौकरी देने का वादा करके बहकाया था। नारायण को इस महीने की शुरूआत में तब गिरफ्तार किया गया था, जब पोर्ट ब्लेयर की एक सत्र अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

**कार्रवाई**

**अंडमान गैंगरेप केस में अब तक तीन आरोपी की गिरफ्तारी**

## योगी सरकार ने वन ट्रिलियन डालर इकोनामी के लिए उठाया बड़ा कदम

**लखनऊ।** वन ट्रिलियन डालर इकोनामी का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में उत्तर प्रदेश एक अहम पहल करने जा रहा है। दरअसल, यूपी में इनवेस्टर्स समिट फरवरी के दूसरे हफ्ते में प्रस्तावित है और इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। यूपी इनवेस्टर समिट 2023 के कर्टन रेजिंग प्रोग्राम का आयोजन 22 नवंबर, 2022 को दिल्ली के सुषमा स्वराज प्रवासी भारतीय भवन में होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हो रहे इस कर्टन रेजिंग सेरेमनी में इनवेस्टर्स की इज आफ इनवेस्टमेंट को ध्यान में रखकर दो पोर्टल्स का शुभारंभ भी किया जाएगा। साथ ही ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट को लेकर एक शार्ट फिल्म का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के जुड़े लोगो को भी लांच किया जाएगा।

# 71,000 युवाओं को नौकरी का तोहफा

## प्रधानमंत्री बोले–युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का यह सिलसिला जारी रहेगा

**नई दिल्ली।** युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान रोजगार मेला के तहत मंगलवार को 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपें और कहा कि युवाओं को रोजगार देने का यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक महीने से इसी प्रकार के अभियान राजग शासित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में भी चलाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकारों के होने के यही फायदे हैं। युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का यह सिलसिला जारी रहेगा। ज्ञात हो कि डबल इंजन की सरकार भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का प्रमुख मुद्दा है। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इसे जोर शोर से उठाया भी है। प्रधानमंत्री ने कुल 71,056 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्रों की भौतिक प्रतियां गुजरात और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश के 45 स्थानों पर सौंपी गई। इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी है और वहां आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। पीएम मोदी ने कहा कि राजग शासित राज्यों में सिर्फ पिछले एक महीने के भीतर हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा, पिछले एक महीने में सिर्फ महाराष्ट्र और गुजरात ने हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार ने भी नियुक्ति पत्र सौंपे। जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव, चंडीगढ़ में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया और युवाओं को नौकरियां दी गई। प्रधानमंत्री ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बताया और कहा कि युवाओं की प्रतिभा और उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आए, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप्स से लेकर स्वरोजगार तक, अंतरिक्ष से लेकर ड्रोन तक आज भारत में युवाओं के लिए चौतरफा नए अवसरों का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों के लिए आयोजित किए जाने वाले ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स कर्मयोगी प्रारंभ की भी शुरूआत की। इसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल नैतिकता और ईमानदारी, मानव संसाधन नीतियां और अन्य लाभ व भत्ते से संबंधित जानकारियां शामिल होंगी।

**रोजगार मेला**

**प्रधानमंत्री ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बताया युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र**



# आयकर की 5 शहरों में छापेमारी

## बेहिसाब नकदी के साथ 5 करोड़ के आभूषण भी बरामद

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने 17 नवंबर को पटना, भागलपुर, डेहरी, लखनऊ और दिल्ली में सोने और हीरे के आभूषण और रियल एस्टेट के कारोबार में लगे कुछ समूहों से संबंधित 30 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी अभियान के दौरान, बेहिसाब नकदी और 5 करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण जब्त किए गए। इसके अलावा, आय की चोरी का सबूत भी बरामद किया गया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि कुल 14 बैंक लॉकरों को सीज किया गया। अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनदेन का पता चला है। आयकर विभाग ने तेलंगाना के श्रम मंत्री मल्ला रेड्डी और उनके रिश्तेदारों के आवास और कार्यालयों पर छापेमारी की। इस दौरान 50 टीमें और 170 अधिकारी तलाशी के काम में जुटी हुई हैं। टीमें आय रिकार्ड की भी जांच कर रही हैं। आयकर विभाग की कर चोरी विंग की करीब 50 टीमों ने मंगलवार सुबह तड़के तलाशी शुरू की। यह तलाशी कोम्पल्ली में पाम मीडोज विला पर भी की गई। 150 से 170 अधिकारी तलाशी अभियान में लगे हुए हैं। वे कर चोरी के आरोपों के साथ ही मल्ला रेड्डी समूह की तरफ से संचालित संस्थानों के आय रिकार्ड की भी जांच कर रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, मल्ला रेड्डी समूह मेडिकल कालेज, डेंटल कालेज, अस्पताल और इंजीनियरिंग कालेज सहित कई शैक्षणिक संस्थान चलाता है। आयकर विभाग की टीमें इन संस्थानों के शीर्ष अधिकारियों के आवास और कार्यालयों में भी छापेमारी कर रही हैं। यह छापा ऐसे समय में किया जा रहा है, जब तेलंगाना के विशेष जांच दल ने विधायकों के अवैध खरीद फरोख्त मामले की जांच तेज कर दी है। एजेंसी

**कसा शिकंजा**

**वित्त मंत्रालय ने बताया कुल 14 बैंक लॉकरों को सीज किया**

**अब तक 100 करोड़ से अधिक के बेहिसाब लेनदेन का पता चला**




### रीता जोशी बहुगुणा ने फेसबुक पर मुलायम सिंह यादव की जगह लालू प्रसाद को बता दिया स्वर्गीय



**प्रयागराज।** सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के मौके पर प्रयागराज की सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने अपने फेसबुक पोस्ट में मुलायम सिंह के स्थान पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को स्वर्गीय बताते हुए उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दे दी। थोड़ी देर में उनका यह पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल हो गया। फेसबुक पोस्ट में तस्वीर मुलायम की थी और नाम लालू प्रसाद यादव का लिखा था। जब यह जानकारी रीता जोशी को हुई तो उन्होंने तत्काल वह पोस्ट अपने फेसबुक से हटवा दी। रीता जोशी के प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद विजय पुरस्वानी ने बताया कि सांसद के स्टाफ से यह चूक सुबह हुई। जैसे ही है जानकारी हुई तत्काल यह पोस्ट हटा दी गई।

# चुनावी बांड अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर 6 दिसंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनावी बॉन्ड योजना में संशोधन से संबंधित याचिका पर सुनवाई के लिए 6 दिसंबर की तारीख तय की है। केंद्र सरकार की ओर से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानसभा चुनावों के दौरान 15 अतिरिक्त दिनों के लिए चुनावी बॉन्ड की बिक्री की अनुमति के लिए योजना में संशोधन किया गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली और जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील के यह कहने के बाद मामले को स्थगित कर दिया कि उन्होंने कुछ अतिरिक्त आधार लिए हैं। इस मामले की सुनवाई 6 दिसंबर को की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा दायर की गई यह ताजा अर्जी मुख्य मामले के साथ सुनवाई के लिए 2017 से लंबित है। जया ठाकुर ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को चुनौती दी है, जिसमें राजनीतिक पार्टियों को बेनामी फंडिंग की इजाजत होती है। इलेक्टोरल बॉन्ड प्रॉमिसरी नोट या बियरर बॉन्ड की प्रकृति का एक साधन है जिसे किसी भी व्यक्ति, कंपनी, फर्म या व्यक्तियों के संघ द्वारा खरीदा जा सकता है। बशर्ते वह व्यक्ति या निकाय भारत का नागरिक हो या भारत में निगमित या स्थापित हो। बांड विशेष रूप से राजनीतिक दलों को धन का योगदान करने के उद्देश्य से जारी किए जाते हैं।



# मुख्यमंत्री योगी ने की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की घोषणा

## बोले, यूपी देश में सबसे बड़ा खाद्यान्न व दूध का उत्पादक राज्य


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर योगी आदित्यनाथ की सरकार तत्पर दिख रही है। इसी कड़ी में योगी सरकार ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट-2023 के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट-2023 को लेकर सीएम योगी ने समिट का लोगो लांच कर निवेशकों से इसमें भागीदार बनने का आह्वान किया। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में 43 देशों के राजदूत एवं 13 देशों के औद्योगिक विकास मंत्री भी शामिल हुए। सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश एक प्रगतिशील और परिवर्तनकारी यात्रा के शिखर पर है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के कायाकल्प का प्रमुख केंद्र भी उत्तर प्रदेश है। विगत साढ़े पांच साल में प्रदेश सरकार ने विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रदेश में कारोबारी माहौल बनाने में भी सफलता प्राप्त की है।

सीएम योगी ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए यूपी का योगदान 1 ट्रिलियन डॉलर का देने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। इसके लिए अगले साल फरवरी में 10 से 12 फरवरी तक यूपी इंवेस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक हम 40 देशों से संपर्क कर चुके हैं जिसमें 25 देशों की ओर से सहभागिता का आश्वासन दिया है। इसके लिए कई देशों के रोड शो और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। योगी ने कहा, सभी देशों के राजदूतों से आग्रह है कि वहां आएं और यूपी में निवेश करें। इस कार्यक्रम का ध्येय राज्य सरकार के द्वारा निवेश को लेकर बनाए हुए माहौल का प्रदर्शन करना है। प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार भी है। यूपी जीडीपी में 8 प्रतिशत का योगदान भी करता है। हमारी सरकार ने राज्य में कानून व्यवस्था का माहौल बनाया है जिससे निवेशक बिना किसी भय के निवेश कर सकते हैं। यूपी सरकार द्वारा सिंगल विंडो निवेश के लिए निवेश मित्र द्वारा सुविधाएं दी जा रही हैं। 16 हजार किमी की लंबाई के साथ यूपी में सबसे बड़ी रेल लाइन है। फ्रेट कॉरिडोर भी प्रदेश में है। यूपी ने खुद को एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में स्थापित करने का काम भी किया है। 6 एक्सप्रेसवे पूरे हो चुके हैं। यूपी 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का प्रदेश बनने जा रहा है। वाराणसी में 100 एकड़ में भारत का पहला फ्रेट विलेज बनने जा रहा है। यूपी के 5 शहरों में मेट्रो है।

यूपी भारत में फूड बास्केट के रूप में जाना जाता है। यूपी देश में सबसे ज्यादा खाद्यान्न, दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है। ओडीओपी के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यूपी भारत का तीसरा फैब्रिक्स उत्पादक भी है। यूपी भारत का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटक स्थल भी है। यूपी भारत में सबसे बड़ी युवा जनसंख्या का केंद्र भी है।

**इन्वेस्टर्स समिट-2023**

**कहा, दुनिया भर के निवेशकों का स्वागत है**



# सीईसी व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में संविधान की चुप्पी और कानून की कमी के कारण (शोषण का) जो रवैया अपनाया जा रहा है, वह परेशान करने वाली परंपरा है। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान संविधान के अनुच्छेद 324 का हवाला दिया और कहा कि यह अनुच्छेद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की बात तो करता है, लेकिन नियुक्ति की प्रक्रिया के पर चुप है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस बारे में कानून बनाने पर गौर किया जाना चाहिए था लेकिन 72 साल में ऐसा नहीं किया गया। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने इस प्रक्रिया का शोषण किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2004 के बाद से कोई भी मुख्य चुनाव आयुक्त छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में छह मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए जबकि एनडीए के आठ साल के कार्यकाल में आठ मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केएम जोसेफ की अगुवाई वाली पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने इसे देश के लिए एक परेशान करने वाली परंपरा करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चीफ इलेक्शन कमिश्नर की नियुक्ति प्रक्रिया के मामले में संविधान की चुप्पी को किस तरह से शोषित किया गया है, यह साफ-साफ दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस बारे में कोई कानून नहीं है और इस तरह कानूनी तौर पर यह सब सही है। कानून के अभाव में कुछ नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने उस अर्जी पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं जिनमें चीफ इलेक्शन कमिश्नर की नियुक्ति के लिए कॉलिजियम की तरह सिस्टम तैयार करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यहां तक कि संस्थान के मुखिया के तौर पर चीफ इलेक्शन कमिश्नर का जो खंडित कार्यकाल होता है, उसमें वो कुछ ठोस नहीं कर पाते हैं।

**उठाये सवाल**

**शीर्ष अदालत ने कहा कि उचित कानून के अभाव में सरकारें उठा रहीं गलत फायदा**

# हाईवा ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**शंकरगढ़।** तेज रफ्तार लोड हाइवा ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार छिटक कर ट्रक के पहिए के नीचे आ गये जिससे मौके पर ही बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के प्रयागराज बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवराजपुर की है।

थाना क्षेत्र के अमिलिहाई गांव के पुष्पराज यादव 26 वर्ष पुत्र सोनकर यादव तथा राम सूरत यादव 40 वर्ष पुत्र नर्मदा यादव बाइक से कहीं जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही शिवराजपुर चौराहे के समीप एक पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, हाइवा ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए और पहिए की चपेट में आ गए और दोनो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई । हादसे के बाद हाइवा चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस मौके पर पहुंच गई और पहचान होने के बाद परिजनों को सूचित किया। जैसे ही यह मनहूस खबर मृतकों के घर पहुंची, कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों निरंकारी संघ से जुड़े हुए थे। मृतकों में पुष्पराज के दो बच्चे हैं तथा राम सूरत के चार बच्चे हैं। राम सूरत ने अपनी एक बेटी की शादी पिछले वर्ष ही की है। इनकी मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुष्पराज की पत्नी रोते रोते बेहोश हो जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी तरह ओवरलोड वाहन तेज गति से भागते हैं। जिससे आए दिन घटनाएं होती हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन इन पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है।

## पानी भरने के विवाद में घर में घुस कर छेड़खानी मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** नलकूप में पानी भरने के विवाद को लेकर घर में घुस कर महिलाओं से छेडखानी की गई। विरोध पर मारा पीटा गया । महिला ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि नलकूप पर पानी भरने के विवाद को लेकर आरोपी उसके घर में घुस कर मारे पीटे और महिलाओं से छेडखानी किए। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने मऊआइमा थाने में सुधाकर मिश्रा ,आदित्य मिश्रा ,अनिरूद्ध मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच कर रही है।


जुताई के दौरान पलटा ट्रैक्टर

## जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटा चालक दबा, गंभीर

**सहसों।** चिरोड़ा गांव में मंगलवार सुबह अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे किसान अमरनाथ कुशवाहा 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामप्रताप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बगल के गड्ढे नुमा खेत में अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे किसान अमरनाथ ट्रैक्टर के नीचे दब गए आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने देखा तो दौड़ते हुए घटनास्थल पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद बांस बल्ली के सहारे बाहर निकाले तत्काल स्वजन निजी अस्पताल में लेकर भागे जहां हालत गंभीर बताई जा रही है।

## नाबालिग बालिका से युवक ने किया दुष्कर्म,दी गई तहरीर

**उरुवा।** कार्यक्रम में शामिल होने गांव में जा रही नाबालिग बालिका के साथ पड़ोस गांव का एक युवक अगवा कर दुराचार किया। रात भर खोजते रहे परिजनों को दूसरे दिन सुबह पीड़ित बालिका बगीचे में बेहोश मिली। मामले की जानकारी होते ही परिजनों ने पुलिस को खबर देने के साथ मेजा थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ लिखित तहरीर दी। मेजा थाना क्षेत्र के पट्टीनाथ राय सुमेरी का पूरा निवासी एक 13 वर्षीय बालिका सोमवार की शाम को गांव में बालक जन्म के कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। पड़ोस के गांव उंचडीह का एक युवक उसे रास्ते से अगवाकर उठा ले गया और दुराचार किया। रात में घर नही घर नही पहुंची तो खोजबीन के दौरान बालिका परिजनों को मंगलवार सुबह गांव के पास एक बगीचे में बेहोशी की हालत में मिली। होश में आने पर बालिका ने रोते हुए सारी आपबीती परिजनों को बताया। परिजनों ने तत्काल डायल 112 को खबर देने के साथ मेजा थाने जाकर उंचडीह गांव निवासी विजय भारतीया के बेटे अभिषेक भारतीया के खिलाफ लिखित तहरीर दिया।

# साठ लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार


कच्ची शराब व लहन नष्ट करती पुलिस

**माण्डा।** माण्डा क्षेत्र कूदर गांव में कच्ची शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा गया जो कि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम व माण्डा पुलिस ने कूदर गांव में घेराबंदी कर छापा मारा व भारी मात्रा में 60 लीटर अवैध देशी शराब को बरामद किया मौके पर ही तीन देशी शराब की भट्ठी व तीन कुन्तल लहन नष्ट कर दिया दो भट्ठी संचालक जिसमें संदीप कुमार पुत्र स्व० बाबूलाल ग्राम कूदर थाना माण्डा, श्रीमती दुर्गावती पत्नी स्व० सन्तू गांव कूदर थाना माण्डा को गिरफ्त में लिया व एक भट्ठी संचालक मिठाईलाल पुत्र मोहन सोनकर गांव कूदर जो मौके से फरार हो गया। माण्डा थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम निरीक्षक सुभाष सिंह यादव, वरिष्ठ उप निरीक्षक राम केवल यादव थाने के अन्य पुलिस तथा आबकारी निरीक्षक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह व साथी पुलिस मौजूद रही।

## संक्षेप

### सबजूनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता 26 नवंबर को.

**मेजा।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के तत्वावधान में वर्तमान सत्र 2022-23 में विभिन्न श्रृंखलाओं में आयोजित की जाने वाली सब जूनियर बालकों की पांचवी वालीबाल लीग प्रतियोगिता आगामी 26 नवंबर 2022 को स्थानीय रामनगर(डोरवा) डी.कुमार कॉन्वेंट स्कूल के क्रीड़ांगन में आयोजित की गई है। एसोसिएशन के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने वर्तमान सत्र में भाग लेने वाली समस्त टीमों के कप्तानों/टीम मैनेजरों से अपील की है कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथि को प्रातः 10 बजे तक निर्देशित क्रीड़ा स्थल पर पहुंचकर विद्यालय के प्रबंधक राम मिलन पटेल, प्रधानाचार्य डी.राम भारतीया अथवा आयोजक दिनेश कुमार पटेल से संपर्क करके अपने टीम की भागीदारी सुनिश्चित करा ले।

### परिषदीय विद्यालय में थानाध्यक्ष ने लगाई क्लास, पढ़ाया सुरक्षित यातायात का पाठ




**बारा।** यातायात माह नवंबर में नागरिक पुलिस और यातायात पुलिस का जागरुकता अभियान निरंतर जारी है। जनपद की पुलिस द्वारा स्थानीय विद्यालयों, वाहन स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को जागरुक कर यातयात नियमों के पालन की अपील की जा रही है। इसी क्रम में शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारीबारी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। परिषदीय विद्यालय नारीबारी के बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बच्चों से हमेशा ट्रैफिक रूल्स के पालन की अपील की। कहा, सड़क पर हमेशा बाएं चलें। सड़क क्रास करते हुए समय सड़क के दोनों तरफ देखें और जब कोई वाहन आता न दिखे, तभी सड़क पार करें और जहां पर जेब्रा क्रासिंग हो और सिग्नल लगा हो, वहां लाल और हरी बत्ती को फालो करें। एसओ मनोज कुमार सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों से भी हमेशा हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट बांधने की अपील की। कहा कि वह भी लोग नियमित रूप से यातायात नियमों कापालन करें और अपने आसपास के लोगों को इसके प्रति जागरुक करें। एसओ ने कहा कि यदि सभी लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें तो सड़क पर होने वाले हादसों को काफी कम किया जा सकता है। इस मौके पर नारीबारी चौकी प्रभारी समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### बाइक सवार बदमाशों ने विद्युत कर्मी का मोबाइल छीना, पुलिस को दी तहरीर

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के छिंवकी पुलिस चौकी के समीप सोमवार की रात बाइक सवार बदमाशों ने विद्युत कर्मी का मोबाइल छीन कर फरार हो गए। भुक्तभोगी के द्वारा घटना की तहरीर नैनी कोतवाली को दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार विवेक कुमार दुबे पुत्र राजेश कुमार दुबे सब स्टेशन टी.एस.एल स्टोर नैनी मैं कार्यरत हैं। बताते हैं, कि सोमवार की रात मैं तकरीबन 8:00 बजे वह पैदल नई बाजार ए.डी.ए मोड़ पर सब्जी लेने गए थे। सब्जी लेकर लौटते समय छिंवकी पुलिस चौकी के समीप अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। जब तक कि वह कुछ समझ पाते, तब तक वह लोग काफी दूर जा चुके थे। उन्होंने फौरन घटना की तहरीर नैनी कोतवाली को दी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, लोगों की सुरक्षा के लिए यहां पर पुलिस चौकी स्थापित तो की गई। परंतु यहां की पुलिस हमेशा नदारद रहती है। वह चौबीसों घंटे धन उगाही में मशगूल रहती है। इनका अपराध से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। धन उगाही के चक्कर में यह लोग थाने की सीमा को भी पार कर जाते हैं।

### डीएनएम कान्वेंट स्कूल में पौधरोपण करके संरक्षण लिया संकल्प



**करछना।** ब्लॉक करछना के खेक्सा गांव स्थित डी. एन .एम. कान्वेंट स्कूल में विद्यालय परिवार की ओर से मंगलवार को पौधरोपण किया गया। साथ ही साथ आपस में इसके संरक्षण के लिए संकल्प भी लिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पटेल ने बताया कि विद्यालय परिसर में फलदार और छायादार के अनेक पौध विद्यार्थियों की ओर से रोपे गए। पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य रूप से मौजूद रहे डीएनएम कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक पवनेश कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं से पेड़ पौधे के महत्व तथा सभी के जीवन में उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। और कहा कि वृक्ष धरा के भूषण हैं। इसके साथ ही साथ इसके सुरक्षा के लिए सभी ने आपस में संकल्प भी लिया। इस मौके पर विद्यालय के संरक्षक हिन्छराम मिश्र, बृजेश कुमार शर्मा, सुशील कुमार, आदर्श कुमार तिवारी, सनी कुमार यादव, विनीत कुमार पाल, एचके शर्मा, मीना मिश्रा ,बिंदु मिश्रा, रिंकी गुप्ता, अनामिका सिंह, रिद्धि द्विवेदी, कीर्ति शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले चार लोगों पर केस दर्ज , चलेगा बुल्डोजर

**मऊआइमा।** मऊआइमा में सरकारी भूमि पर नाजायज कब्जा करके बिल्डिंग बनाने पर लेखपाल ने चार के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। अब जल्द बुल्डोजर की कार्यवाही शुरू की जाएगी। जिससे क्षेत्र में हडकंप मचा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा क्षेत्र के आराजी संख्या 2715 में से कुछ भू भाग में कतिपय लोगों ने अवैध कब्जा करके बिल्डिंग बना ली। जिसपर लेखपाल राम सागर ने मऊआइमा कस्बा के पूरे मियां जी पुराना बस अड्डा निवासी मोहम्मद इलियास ,मोहम्मद युनुस पुत्रगण अब्दुल जब्बार ,अब्दुल हमीद पुत्र मोहम्मद युसुफ, अब्दुल सलाम पुत्र मोहम्मद इलियास के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज करा दिया है। बताया गया है कि अब बहुत जल्द बुल्डोजर की कार्यवाही करके ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। जिससे सरकारी जमीन खाली करायी जा सके। इस से क्षेत्र में हडकंप मचा हुआ है।

# सीओ मेजा ने यातायात नियमों की दी जानकारी


बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते सीओ मेजा

**मेजा।** यातायात माह नवम्बर के मद्देनजर क्षेत्र के आरबीएस महाविद्यालय मेजा खास में मंगलवार को यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी विमल कुमार मिश्र ने बीएड /बीटीसी तथा स्नातक स्तर के छात्रों को यातायात नियमों के विषय में बताया । कार्यक्रम में मौजूद इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर मिश्र यातायात के नियमों एवं एमबी एक्ट व होने वाले जुमार्ने की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आरबीएस महाविद्यालय के बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष सर्वेश कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को यातायात नियमों के पालन का संकल्प दिलाया। आरबीएस महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार मिश्र सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र जयसवाल व अन्य प्रवक्ता गण सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि गेंहूँ की बुवाई के 20-25 दिन पर पहली सिंचाई ताजमूल अवस्था पर और दूसरी सिंचाई 40-45 दिन पर कल्ले निकलते समय करें । शरदकालीन गन्ना में आवश्यकतानुसार सिंचाई करते रहे । इससे गन्ना सूखने नहीं पायेगा और वजनी भी बनेगा । जौ में पहली सिंचाई , बुवाई के 30-35 दिन बाद कल्ले बनते समय करें । फ्रेंचबीन में पहली सिंचाई फूल आने के ठीक पहली तथा दूसरी सिंचाई फली बनते समय करनी चाहिए । जई में हर तीन सप्ताह यानी 20-25 दिन पर सिंचाई करते रहें। आंवला के फलों की तुड़ाई एवं विपणन की व्यवस्था करें। बेर के फलों को गिरने से रोकने के लिए सुपरफिक्स हार्मोन 1.0 मिलीलीटर प्रति 4.5 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। ग्लैडियोलस में आवश्यकतानुसार सिंचाई एवं निराई - गुड़ाई करें । मुरझाई टहनियों को निकालते रहें और बीज न बनने दें । पशुओं को हरे चारे के साथ दाना भी पर्याप्त मात्रा में दें।

# महाविद्यालय पीड़ी में एमए द्वितीय वर्ष के 50 छात्र-छात्राओं में निःशुल्क टेबलेट वितरित किया गया



छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित करते हुए

**करछना।** तहसील के पीडी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीड़ी में एम .ए .फाइनल वर्ष के छात्र-छात्राओं में मंगलवार को युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टेबलेट वितरित किया गया। टेबलेट पाकर छात्र व छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान बनी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के सहित सरस्वती गीत से हुआ। वहीं विद्यार्थियों की ओर से स्वागत गान की भी प्रस्तुतियां हुई। यह जानकारी पीड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीड़ी के प्रबंधक अशोक कुमार शुक्ल ने दी है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य रूप से मौजूद रहे पीडी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निदेशक नवीन कुमार शुक्ला ने बताया कि एम .ए. फाइनल वर्ष के 50 छात्र-छात्राओं में युवा सशक्तिकरण योजना के तहत निशुल्क में टेबलेट वितरित किया गया । उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से टेबलेट का सही उपयोग व प्रयोग करने की अपील भी की। इसके साथ ही साथ उन्होंने सरकार की ओर से चलाई जा रही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी योजनाओं को सराहा भी। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे बाबा लाल शुक्ल इंटर कॉलेज पीड़ी के प्रधानाचार्य पवन कुमार मिश्र ने भी शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही सभी योजनाओं के विषय में छात्र छात्राओं से अवगत कराया और इनके प्रयोग और उपयोग पर विशेष बल दिया। इस मौके पर पीड़ी ग्राम प्रधान मन्नूलाल आदिवासी माही गांव के पूर्व ग्राम प्रधान पवन कुमार मिश्र, जैनेंद्र पांडेय, अजय कुमार शुक्ल, अखिलेश कुमार पांडेय, अतुल कुमार शुक्ल, शुभम शुक्ल, अनुराग शुक्ला, राम निरंजन गुप्ता, रामू प्रसाद कोटार्य, एएमएस खांन सहित महाविद्यालय के छात्र व छात्राएं मौजूद रही।

# नैनी में नई तहसील बनाने की मॉग

**नैनी।** नैनी को अलग तहसील बनाए जाने की मांग को लेकर यमुनापार विकास समिति के द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण में जनमत संग्रह व उसके पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पहले क्षेत्र का प्रशासन परगना अरैल नैनी से ही संचालित होता था तथा वर्तमान मे भी सरकारी लिखा पढ़ी मे परगना अरैल ही लिखा जाता है। नैनी को अलग तहसील बनाए जाने के कई महत्वपूर्ण पक्ष हैं। पहला यह कि पहले यहीं पर तहसील (परगना) थी। सबसे अधिक राजस्व नैनी क्षेत्र के लोग देते हैं । करछना आने जाने में नैनी क्षेत्र के लोगों को बहुत दिक्कत होती है । हमेशा जाम लगा रहता है। वहां तहसील में बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। कोई वाहन स्टैंड और पार्किंग नहीं है। शौचालय मूत्रालय बदहाल स्थिति में हैं। समय की अलग बबार्दी होती है । जनता की सुविधा को देखते हुए पहले भी नई तहसीलों का गठन किया गया है। इसी क्रम में नैनी को भी अलग तहसील बनाया जाना जनहित मे होगा। कोरांव, मेजा और बारा नई तहसीलें बन सकती हैं तो नैनी को अलग तहसील क्यों नहीं बनाया जा रहा है ?

अलग तहसील बनाए जाने की मांग को लेकर यमुनापार विकास समिति का मानना है कि तहसील मुख्यालय होने से नैनी का तेजी से विकास होगा। क्षेत्र के विकास के लिए नैनी को तहसील बनाने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अलग तहसील बनाने की मांग को लेकर यमुनापार विकास समिति के द्वारा शीघ्र ही क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक समितियों की सहभागिता एवं समर्थन के लिए जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने कहा कि नैनी व्यापार मंडल सहित अन्य सामाजिक एवं श्रमिक संगठनों से भी इस संबंध में वार्ता करके उनका समर्थन लिया जाएगा। यमुनापार विकास समिति की मांग का पुरजोर समर्थन करते हुए अन्य कई लोगों ने नैनी की जनता से अपील किया है कि वे नैनी को अलग तहसील बनाए जाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से चलाए जा रहे अभियान में शामिल हों। यमुनापार विकास समिति की शीघ्र ही बैठक आयोजित की जायेगी जिसमें अग्रिम कार्रवाई पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा । समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने कहा है कि इसके लिए मुख्यमंत्री से लेकर सभी अधिकारियों को पहले पत्र भेजकर उन्हें नैनी क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया जाएगा और शांतिपूर्ण तरीके से अभियान चलता रहेगा । श्रमिक कल्याण समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि नैनी को अलग तहसील बनाना बहुत जरूरी है। अलग तहसील हो जाने से नैनी का तेजी से विकास होगा।

# ऊर्जा के संरक्षण हेतु सौर ऊर्जा उपयोगी : पियूष रंजन



उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए

**करछना।** राष्ट्रहित में ऊर्जा के संरक्षण के लिए सौर ऊर्जा को उपयोगी बताया और कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में विकसित सोलर पैनल के प्रयोग करने का लोगों को सुझाव भी दिया। कहा कि सौर ऊर्जा से प्राप्त होने वाले लाभ को बताते हुए बताया कि पर्यावरण सुरक्षा का यह साधन भी है । उक्त उद्गार करछना विधायक पियूष रंजन निषाद ने सनग्लैक्सो इन्फोटेक लिमिटेड के ब्रांच ऑफिस सुनैना इंटरप्राइजेज पचदेवरा के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहा। उन्होंने सुनैना इंटरप्राइजेज का उद्घाटन फीता काटकर किया । विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी व भाजपा यमुनापार के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने भी सौर ऊर्जा से प्राप्त होने लाभ को बताते हुए पर्यावरण सुरक्षा का साधन भी बताया। इसके पूर्व निदेशक अमित मिश्र एवं सौरभ गुप्ता की ओर से पुष्पगुच्छ अंगवस्त्रम प्रदान कर अतिथियों का सम्मान किया गया । मौजूद आचार्यों की ओर से स्वस्तिवाचन भी किया गया। समारोह की अध्यक्षता शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र नारायण शुक्ला ने किया। तथा संचालन प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी ने किया। अधिवक्ता सुमित मिश्र की ओर से सभी के प्रति आभार भी जताया गया। इस मौके पर प्रमोद तिवारी, लक्ष्मी शंकर पांडेय, सुरेश पांडेय, विनोद तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी, केएस तिवारी, अरुण मिश्र, डॉ नकुल प्रसाद निषाद, कृष्ण कांत निषाद, विद्याधर मिश्र, प्रकाश पांडेय, शेषमणि मिश्र, प्रबल तिवारी, आशीष शुक्ला, सत्यप्रकाश मिश्र, कमलेश सिंह, शशिकांत पांडेय, लोकेश पांडेय, राजेश मिश्र, स्वतंत्र तिवारी, पंकज शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे ।

## मऊआइमा थाने के चार पुलिसकर्मियों ने खून देकर बचाई दो जिन्दगियां, हो रही है सराहना


रक्तदान करते पुलिसकर्मी

**मऊआइमा।** पुलिस कानून व्यवस्था को पालन कराने के अलावा दूसरों की जिन्दगी भी बचाने का कार्य कर रही है। मऊआइमा के चार पुलिसकर्मियों ने दो लोगों को अपना खून देकर जीवन बचाया। जिस को लेकर क्षेत्र में सराहना हो रही है। मऊआइमा थाने में तैनात अंकुर यादव और हिमांशु ने थाने के वाहन चालक गणेश के भतीजे जो डेंगू से मौत और जिन्दगी से जूझ रहा था। जिसे बीती रात खून की आवश्यकता पड़ी तो चालक ने पुलिसकर्मियों को गुहार लगाई। जिसपर सिपाही अंकुर यादव, हिमांशु ने अपना खून देकर जिन्दगी बचा ली। इसी प्रकार थाने में तैनात वीरेंद्र साहू की पत्नी प्रसव रोग से पीडित थी। जिसे डाक्टरों ने तुरन्त खून की मांग की तथा कहे कि तुरन्त खून न मिला तो जच्चा बच्चा की जिन्दगी बचाना मुश्किल हो जाएगा। वीरेंद्र साहू ने मऊआइमा थाने में फरियाद लगाई तो बीती रात विकास और कुंदन नामक सिपाहियों ने खून देकर जच्चा बच्चे की जिंदगी बचा ली। जिसे लेकर थाना के इंस्पेक्टर सुरेश सिंह, एस आई रमेश सिंह, अनुप वर्मा तथा थाने की महिमा कांस्टेबल प्रेमबाला, पूनम वर्मा, प्रीती मौर्या और कांस्टेबल विजय पाल, महेंद्र कुमार आदि ने इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा व्यक्त किए।


## नगर निगम, प्रयागराज।

**अति अल्प कालिक निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर निगम, प्रयागराज में समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, प्रयागराज द्वारा निमनलिखित कार्यों की निविदा टू बिड सिस्टम के आधार पर दिनांक 02/12/2022 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। दिनांक 02/12/2022 को सायंकाल 04.00 बजे निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01/12/2022 को प्रातः 10.30 बजे से सायं 02.00 बजे तक जनकार्य विभाग से प्राप्त किया जा सकता है। तकनीकी एवं वित्तीय बिड के लिफाफे को एक बड़े लिफाफे में डालकर मुख्य अभियन्ता कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाला जाना अनिवार्य होगा। निविदा हेतु वांछित दो प्रतिशत जमानत धनराशि को NEFT/RTGS के माध्यम से इण्डसइण्ड बैंक सिविल लाइन्स, प्रयागराज में Earnost Money के नाम से खोले गये खाता संख्या 100116210062 व IFSC CODE-INDB0000124 एवं निविदा शुल्क को NEFT/RTGS के माध्यम से Tender Cost खाता संख्या 100116210130 व IFSC CODE-INDB0000124 में जमा किया जा सकता है अथवा दो प्रतिशत जमानत धनराशि सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0, भी मान्य होगा, (जो नगर अभियन्ता /मुख्य अभियन्ता, नगर निगम प्रयागराज के पक्ष में बन्धक होगी।) (सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0, की वैधता अवधि 31, दिसम्बर, 2022 तक होना अनिवार्य होगा), जिसे निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। मा0 सदन द्वारा दिनांक 28-05-2019 को पारित संकल्प संख्याः 70 में निलये गये निर्णय के अनुसार नगर निगम में जिस भी ठेकेदार को 02 कार्य की निविदा प्राप्त हो युकी है और उस ठेकेदार द्वारा उन दोनों कार्यों को पूर्ण नही किया गया है ऐसी दशा में यदि उस ठेकेदार द्वारा अन्य कार्यों की निविदा में भाग लिया जाता है तो उनकी निविदा स्वीकार नही किया जायेगा। निविदा किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी नगर निगम प्रयागराज में निहित होगा। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लाउदर रोड लकड़मण्डी में संजय गुप्ता के मकान से प्रिंटिंग प्रेस व जय श्री सिंह के मकान से राजेश गुप्ता के मकान तक गली में इण्टरलाकिंग का कार्य | 796000.00 | 16000.00 | 800/-+18%GST =944 | 1 माह |
| 2. | जोन-4 वार्ड-23 के अन्तर्गत मो0 सर्वोदय नगर में श्री केशव देव त्रिपाठी के मकान से ज्ञानदेव ओझा म0नं0-91सी0/8 तक नाली व इण्टरलाकिंग टाईल्स द्वारा सड़क सुधार कार्य | 466200.00 | 9330.00 | 500/-+18%GST =590 | 1 माह |
| 3. | जोन-5 नैनी स्थित नव सृजित क्षेत्र के लिये जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति का कार्य। | 867300.00 | 17350.00 | 900/-+18%GST =1062 | 3 माह |

पत्रांक सं0डी0-2327/ज0सर्प00अधि0/2022 दिनांक-22/11/2022

मुख्य अभियंता
नगर निगम प्रयागराज



शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फागिंग करते नगर निगम कर्मी

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

## महिला व्यापार मंडल ने केक काटकर मनाया जन्मदिवस

**प्रयागराज।** महिला व्यापार मंडल की ओर से मंगलवार को व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सोहेल अहमद का जन्म दिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सुहेल अहमद ने उपस्थित सभी लोगों का मुंह मीठा करवाया । वहीं दूसरी तरफ महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष अवंतिका टंडन और महामंत्री पल्लवी अरोड़ा ने अंग वस्त्र प्रदान करसु अहमद की दीघार्यु होने की कामना की। जन्मदिवस पर काफी संख्या में व्यापार मंडल के कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित रहे सभी ने बधाइयां दी।

# बच्चों के अन्दर विशिष्ट क्षमता को निखारने में शिक्षकों की महती भूमिका : मुख्य विकास अधिकारी

**प्रयागराज।** दिव्यांग बच्चो की समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु मंगलवार को जनपद स्तरीय कार्यशाला जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा (समकित शिक्षा) द्वारा किया गया, जिसमे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने आये हुए अतिथियों, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी गण, समस्त एस0आर0जी/ए0आर0पी0, एन0सी0सी0 कैडिट एवं एन0एस0एस0 कैडेट, नोडल शिक्षकों आदि का सभी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी श्री नन्द किशोर याज्ञिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक सिन्हा,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 नानक सरन, सहायक वित एवं



कार्यकम का शुभारंभ करते मुख्य अविकास अधिकारी

लेखाधिकारी समग्र शिक्षा बी0के0 सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष सौरभ पुरी, सचिव अभिषेक वर्मा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव औतार सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। लायन्स क्लब के पदाधिकारी गण, प्रख्यात शिक्षाविद्जन,नागरिकसुरक्षा के अधिकारीगण द्वारा कार्यशाला को सम्बोधित किया गया। जनपद के सभी एस0आर0जी0, समस्त ए0आर0पी0, सभी स्पेशल एजुकेटर व दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम दिव्यांग बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। एस0आर0जी0 वन्दना श्रीवास्तव, स्पेशल एजुकेटरश्रीमती करूणा राय, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय एवं विन्द्रेश कुमार मौर्य, जिला समन्वयक निर्माण द्वारा निर्धारित विषयों पर व्याखान दिया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों के अन्दर विशिष्ट क्षमता होती है, जिसे निखारने में शिक्षकों की महती भूमिका है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राजीव त्रिपाठी द्वारा समर्थ एप ऐपलिकेशन व परियोजना से प्रदत्त विभिन्न डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन करते हुए विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक/नृत्य कार्यक्रम किये गये जिन्हे अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

## जर्जर दीवार गिरने से बिजली का पोल ध्वस्त, मकान मालिक व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली लक्ष्मण बाजार बहादुरगंज क्षेत्र में रिलायंस ट्रेंड मॉल के ठीक सामने जर्जर दीवार 18 नवंबर की शाम अचानक भरभरा कर गिर पड़ी थी जिसमें गाय व बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई थी। साथ ही मलबे में एक स्कूटी व विधुत विभाग के पोल 05 नग एबीसी केबल अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे बिजली विभाग को 1,35000 राजस्व की हानि हुई, बिजली विभाग का आरोप है कि दीवार गिरने के कारण 200 घरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी जिसके कारण काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। बिना बिजली विभाग को सूचित किए बिना ही मकान गिराने का कार्य गृहस्वामी व ठेकेदार ने जारी रखा। वही बिजली विभाग रामबाग उपखंड अधिकारी विनीत कुमार शुक्ला ने गृहस्वामी गुड्डू केसरवानी मुट्ठीगंज निवासी व ठेकेदार मो. हसीब 170/3इ जेल रोड चकदौरी नैनी के रहने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का प्रार्थना पत्र संबंधित थाने में दिया इस विषय को गंभीरता से लेते हुए बहादुरगंज चौकी प्रभारी आकाश सचान ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में पुलिस जुट गई है।

# चार अवैध प्लाटिंग पर पीडीए का चला बुलडोजर



**प्रयागराज।** उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को पीडीएनए चार अवैध प्लाटों के बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया है। यह अभियान अजय कुमार संयुक्त सचिव / जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन संख्या - 05 में चलाया गया।सौरभ मिश्रा द्वारा स्थल उस्तापुर महमूदाबाद झूसी, प्रयागराज में लगभग 04 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया।बबलू यादव द्वारा स्थल उस्तापुर महमूदाबाद झूसी, प्रयागराज में लगभग 104 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। बबलू यादव द्वारा स्थल उस्तापुर महमूदाबाद झूसी, प्रयागराज में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। नागेन्द्र कुमार द्वारा स्थल भक्तारपुर उपरहार झूसी, प्रयागराज में लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। उपर्युक्त कार्यवाही में जोनल अधिकारी के अतिरिक्त क्षेत्रीय अवर अभियन्ता श बी0एन0 सिंह, पुलिस बल एवं पी०डी०ए० प्रवर्तन टीम शामिल रहे।

## संक्षेप

### दबंगों द्वारा जबरन मुकदमा में समझौता करने का बनाया जा रहा है दबाव, मिल रही पीड़ित को धमकी

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के फिरोजपुर भरहरी गांव में दबंगों का आतंक इतना है कि पहले मारा पीटा तथा जब थाने में मुकदमा पंजीकृत हो गया तो पीड़ित परिवार को जबरन मुकदमा वापस लेने का दबाव दिया जा रहा है। तथा पीड़ित के विरोध करने पर दबंगों द्वारा जान से मारने की धमकी भी मिल रही है। वही पीड़ित ने स्थानीय थाने समेत उच्च अधिकारियों को लिखित पत्र के माध्यम से सुरक्षा की गुहार लगाई है।फिरोजपुर भरहरी थाना उतराव निवासी राम बहादुर गौतम जो मजदूरी करता है। वहीं पड़ोस में ही विवाद उत्पन्न होने पर स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसको लेकर दबंगों द्वारा आए दिन तांडव किया जाता है। मुकदमा होने पर खुन्नस खाए दबंगों द्वारा अब पीड़ित परिवार पर जबरन समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। मना करने पर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी मिल रही है। पीड़ित ने स्थानीय थाने समेत उच्च अधिकारियों को लिखित पत्र के माध्यम से अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच गंभीरता से कर रही है।

### शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म अब युवक हुआ फरार, युवती ने दी तहरीर

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के मकसूदना गांव निवासी एक युवक द्वारा क्षेत्र के एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा तथा जब मन भर गया तो मोबाइल बंद कर फरार हो गया।वही युवती ने स्थानीय थाने में युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मकसूदना गांव का एक युवक जिसका उतराव थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती से 2019 में मोबाइल के माध्यम से संपर्क हुआ और बातचीत होना शुरू हुआ एक दूसरे के बीच बात प्यार में बदल गया।दोनों एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसम खाकर लगातार बातचीत करते रहे। वही युवती का आरोप है कि युवक द्वारा शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक शोषण भी किया गया तथा अब जब शादी करने की बारी आई तो मारने की धमकी देते हुए मोबाइल बंद कर फरार हो गया। युवती का संपर्क जब युवक से नहीं हो पाया तो वह उसके घर पहुंची जहां प्रेमी के घर वालों ने युवती को मारपीट कर घर से भगा दिया। प्यार में पागल युवती ने स्थानीय थाने में पहुंचकर प्रेमी व उनके घर वालों के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।वही लगातार युवक से शादी करने पर प्रेमिका अड़ी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुलायम सिंह यादव की जन्मजयंती पर संगम तट पर हुआ यज्ञ हवन भंडारा



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक केंद्र सरकार में पूर्व रक्षा मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव की जन्म जयंती पर मंगलवार को सपा के वरिष्ठ नेता निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह की अगुवाई में प्रयागराज संगम तट पर यज्ञ – हवन, पूजन एवं भंडारा आयोजित कर मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नेताजी द्वारा स्थापित समाजवादी आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए मैनपुरी मे सम्पन्न होने जा रहे उप चुनाव में सपा प्रत्याशी श्रीमती डिम्पल यादव के जीत की भी कामना की गई। कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सपा नेता एवं निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आजाद भारत में श्री मुलायम सिंह यादव ही एक ऐसे नेता थे जिन्होंने समाज में परिवर्तन कि अलख जगाई। वंचितों, शोषितों एवं पिछड़ों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। सही मायने मे नेताजी युगपुरुष थे। आज उनकी जन्म-जयंती पर उनको मानने वाले सभी राजनीतिज्ञों को नेताजी के इस मिशन को पूरा करने का संकल्प लेना होगा। नरेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए श्रद्धेय नेताजी की कर्मभूमि पर मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में श्रीमती डिम्पल यादव की जीत जरुरी है, इस पर सभी साधु संतों एवं उपस्थित समुदाय ने हाथ उठाकर डिम्पल यादव की जीत के लिए जय घोष के साथ आशीर्वाद दिया और ईश्वर से प्रार्थना किया। जन्मजयंती के इस कार्यक्रम में सुबह 9 बजे संगम तट पर पूजन के साथ यज्ञ,हवन प्रारंभ हुआ। तदुपरांत 11बजे से उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर नरेन्द्र सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने अपने संस्मरण सुनाते हुए भावुक हो अपने नेता को याद किया। दोपहर बारह बजे से प्रारम्भ हुए भंडारे में हजारों की संख्या में साधु संतों, पार्टी के नेताओं, समर्थकों सहित शहर के गणमान्य लोगों ने भोजन ग्रहण किया, तथा कार्यक्रम आयोजक नरेन्द्र सिंह के समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पण और सम्पन्न हुए कार्यक्रम के कार्यकुशलता की सराहना किया। सपा के जिला एवं महानगर कार्यालय में भी नेताजी के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी गई। सपा के पूर्व प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कार्यक्रम में आये हुए सभी साधु संतों एवं गणमान्य जनों का अभिवादन करते हुए आभार प्रकट किया। जन्म जयंती कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सर्व जगतगुरु आगमाचार्य श्री 108 रमेश जी महराज, शंकाराचार्य दिलीप जी महाराज, श्री महंत भूषण दास जी, महंत लक्ष्मण दास जी, परमहंस बालकृष्ण,विधान परिषद् सदस्य डॉ मान सिंह यादव, नि. जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, नि.महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व विधायक जोखूलाल यादव, वासुदेव यादव , पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह यादव, रामानंद भारतीय, रवि यादव एडवोकेट, दान बहादुर मधुर, हिमांशु कुमार सिंह, आर. एन. यादव, कुलदीप यादव, राम मिलन यादव, दूधनाथ पटेल, प्रताप बहादुर यादव, इंजी. विक्रम यादव, राहुल सिंह, हिमांशू मिश्रा, चंदू यादव, राजेश यादव, महेन्द्र निषाद, भोला पाल, रामसुमेर पाल, अनिल यादव, पद्मा यादव, आशीष पाल, संतोष यादव, शिव बाबा निषाद, शिब्लू सिंह, कल्लू यादव सहित सैकड़ों की संख्या मे साधु संतों व सपाई। सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ‘सम्भव’ सुनवाई के दौरान आई 38 शिकायतें

**प्रयागराज।** माननीय नगर विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रत्येक दिन मंगलवार सुबह 10:00 से अपरान्ह 2:00 बजे तक नगर आयुक्त उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा नगर क्षेत्र नागरिकों की जन समस्याओं पर ‘सम्भव’ सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है, जिसके क्रम में मंगलवार को नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा जन सुनवाई करते हुए प्रातः 10:00 बजे से 02:00 बजे तक कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई थी उक्त जन शिकायतों के अविलम्ब निस्तारण हेतु नगर आयुक्त द्वारा अपने सम्बन्धित अधिकरियो को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण ससमय कराया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। उक्त ‘सम्भव’ जनसुनवाई बैठक के दौरान अरविन्द कुमार राय, अपर नगर आयुक्त, पी0के0 द्विवेदी जन सम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, जोनल अधिकारी संजय ममगई पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, अधिषाशी अभियन्ता ए0के0 सिंह, सहायक अभियन्ता विद्युत स्वप्निल जैन, आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।



नागरिकों की शिकायतों को सुनते नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग

वहीं मंगलवार को निम्न क्षेत्रों में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। वार्डवार गठित समिति की देख-रेख में 135 साईकिल माउण्टेड मशीन, 8 बड़ी मशीन एवं 143 कर्मचारियों/मशीनों को लगाकर फॉगिंग कार्य कराया जा रहा है। एन्टी लार्वा के छिड़काव हेतु क्षेत्र में 212 हैण्ड स्प्रे मशीन, 20 व्हीकल माउन्टेन एवं 352 कर्मचारियों को तैनात करते हुए नगर निगम प्रयागराज द्वारा चुनाव वार्ड- खुल्दाबाद क्षेत्र, मुठ्ठीगंज क्षेत्र, कटरा क्षेत्र, अल्लापुर क्षेत्र, नैनी क्षेत्र, मुण्डेरा, बम्हरौली, पीपल गांव, झलवां क्षेत्र, फाफामऊ शान्तिपुरम क्षेत्र, झूंसी नगर पंचायत, आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

वाटर लॉगिंग-03 स्थानों पर वाटर लॉगिंग के निस्तारण की कार्यवाही करायी गयी एवं अन्य स्थानों पर जल निकासी की व्यवस्था करायी जा रही है। मलिन बस्ती- भुलई का पुरा, बड़ी बगिया, आजाद नगर, चिल्ला गांव, नेवादा, मऊ सरैया, मदारीपुर, करैलाबाग बालू मण्डी, बाबा जी का बाग, कालीस्थान, 60 फिट रोड, राजरूपपुर, गुलाबबाड़ी आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। अस्पताल- श्री नारायण आश्रम शिवकुटी, सांई नाथ मेडिकेयर केयर, जे0सी0 मेनेटरी, आनंद हास्पिटल, मोहक अस्पताल, मदनानी अस्पताल, यूनानी मेडिकल कालेज, मॉ शारदा अस्पताल आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। सरकारी कार्यालय- आबकारी आफिस, जिला परियोजना कार्यालय, एस0एस0पी0 कार्यालय, बी0एस0ए0 कार्यालय, हाईकोर्ट, मछली दफतर कार्यालय, आर0टी0ओ0 कार्यालय, डाकखाना, रैन बसेरा आदि में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। हॉट स्पॉट- गोविन्दपुर, खरकौनी, कीडगंज, बहादुरगंज, बेली गांव, मम्फोर्डगंज, राजापुर, भुसौली टोला, लूकरगंज क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। स्कूल/कॉलेज- अल्फा स्कूल, गंगा बाल विद्या मंदिर, सेण्ट पीटर स्कूल, मेरी वान्या स्कूल, सेण्ट कोलम्बस स्कूल, मेरी लूकस स्कूल, महबूब अली इण्टर कालेज, चेतना ब्वायज स्कूल, ओक्सफोर्ड इण्टर कालेज, आर्य बेसिक इण्टर कालेज, लाल बिहारी स्कूल, किदवई इण्टर कालेज, लवकुश स्कूल, राजकीय बालिका इ0 कालेज आदि में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

नगर निगम प्रयागराज द्वारा नियमित रूप से आई0ई0सी0 एक्टिविटी के तहत विभिन्न माध्यमों जैसे-पी0ए0 सिस्टम माध्यम द्वारा सभी 198 डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहनों से द्वारा डेंगू सम्बन्धी जानकारी दी जा रही है। वी0एम0डी0 द्वारा 40 बडे चैराहों पर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से काजीपुर नैनी चैकी के पास जोन-5 में डेंगू एवं मलेरिया से रोकथाम हेतु जन जागरूक किया गया। 03 नगर निगम प्रचार वाहनों के माध्यम से बालसन चैराहा, पार्वती हॉस्पिटल के पास, कुन्दन गेस्टहाउस के सामने, साकेत हॉस्पिटल के पास, सोहबतियाबाग तथा मधवापुर सब्जी मण्डी क्षेत्र में कराया गया तथा 3 वार्ड समिति की बैठक द्वारा जनमानस को जागरूक किया जा रहा हैं।

# उमरे द्वारा 150 अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**प्रयागराज।** मंगलवार को आयोजित द्वितीय रोजगार मेला के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा विभिन्न विभागों में चयनित कुल 150 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इन 150 अभ्यर्थियों में 114 चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में तथा 36 अभ्यर्थियों को मेल के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

उत्तर मध्य रेलवे, परिक्षेत्र हेतु रोजगार मेले का आयोजन प्रयागराज एवं ग्वालियर में किया गया है। प्रयागराज में रोजगार मेले का आयोजन सी.आर.पी.एफ कैम्प, फाफामऊ में हुआ जबकि ग्वालियर में रोजगार मेला बी.एस.एफ. कैम्प पर आयोजित किया गया।

सी.आर.पी.एफ. कैम्प, फाफामऊ (प्रयागराज ) में आयोजित रोजगार मेले में प्रयागराज मंडल के 20 चयनित अभ्यर्थियों को प्रत्यक्ष एवं 36 चयनित अभ्यर्थियों को मेल के



रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए

माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

झाँसी मण्डल एवं आगरा मण्डल द्वारा बी.एस.एफ. कैम्प ग्वालियर में आयोजित रोजगार मेले में सम्मिलित रूप से प्रतिभाग किया गया। झाँसी मण्डल द्वारा 36 चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार मेला में प्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए एवं आगरा मण्डल द्वारा कुल 61 चयनित अभ्यर्थियों में से उपस्थित 58 अभ्यर्थियों को प्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। अतः ग्वालियर में आयोजित रोजगार मेले में कुल 94 चयनित अभ्यर्थियों को प्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

# सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर छात्रों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय में छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर चल रहे छात्रसंघ संयुक्त संघर्ष समिति के अजय यादव सम्राट के अगुवाई में छात्र आंदोलन जारी रहा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ भवन पर सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व रक्षा मंत्री कई बार के सांसद विधायक रहे मुलायम सिंह यादव जी की जयंती पर छात्रों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देते हुए छात्र नेता नवनीत यादव ने कहा पिछड़े दलित शोषित वंचित गरीब मजदूर अल्पसंख्यक की आवाज समाजवाद के संगठन प्रखर प्रचारक अनुयाई धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव जी ने समाजवादी पार्टी की स्थापना करते हुए कहा था कि समाज का अंतिम आदमी इतना सशक्त हो जाएगी वह स्वाभिमान और सम्मान से अपना जीवन बसर कर



श्रद्धांजलि देते छात्र

सके वह किसी के रहमों करम का मोहताज ना हो यही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है। नेताजी लोहिया जी की विरासत थे शायद ही अब इस मुल्क को नेताजी जैसा शक्स मिल सकेगा। जब सन 2002 में प्रदेश के सभी छात्रसंघ का चुनाव बंद था तब नेताजी मुख्यमंत्री बनते ही इलाहाबाद विश्वविद्यालय आए थे और छात्रसंघ बहाल किया था। समाजवाद के महानायक, सामाजिक समरसता के पुरोधा, दलितों वंचितों और शोषितो के मसीहा, धरतीपुत्र श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धांजलि देते है। श्रद्धांजलि देने वालों में हरेंद्र यादव, राहुल पटेल, मुबाशिर हारून, अभिषेक यादव, अमित कुमार पाण्डेय, विकास यादव आदि रहे।

# मफलर और चप्पल की निशानदेही पर पकड़ा गया बकरी चोर, माल बरामद

**सोरांव।** सोमवार की देर रात में मफलर और चप्पल की पहचान कर दो बकरी चोरों को गांव वालों ने पकड़ लिया। इतना ही नहीं डांट फटकार लगाने के बाद चोरों ने प्रयागराज शहर में बेची गई बकरी को लेकर चोर भावापुर स्थित एक बाग के पास आए और बकरी स्वामी को बुलाकर सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात शिवगढ़ चौराहा के पास घर में बांधी गई एक बकरी को निशाना बनाया। जिसको रात लगभग 11 बजे घर के पीछे से खोलकर ले जा रहे थे। इतने में खेत की सिंचाई कर रहे एक किसान ने देख लिया। हालांकि बकरी को चुराने में चोर सफल रहे। सुबह जब बकरी स्वामी राम कैलाश सरोज पुत्र सूरज दीन उर्फ बल्दी बकरी खोलने के लिए गया। तो देखा की बकरी गायब थी। तब वह खोजबीन करने लगा तो घर से दूर खेत में चोर का चप्पल और मफलर गिरा था। उसकी निशान देही पर पता चला कि गिरा हुआ सामान सराय भोगी निवासी संदीप कुमार पुत्र फूलचंद्र का है। तुरंत बकरी स्वामी संदीप के घर गया। और बकरी चोरी के बारे में पूछने लगा हालांकि कुछ देर चोर भ्रमित करता रहा। लेकिन बाद में कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि अपने परम मित्र रीतेश कुमार पुत्र समय लाल सरोज उर्फ फानी निवासी सराय भोगी थाना सोरांव के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया। गांव वालों की मदद से उक्त दोनों चोरों ने शाम लगभग 7 बजे भावापुर स्थित एक बाग के पास चोरी की गई बकरी को वापस लेकर दे दिये। तब देखा की बकरी को काफी चोट लगने के कारण चल नही पा रही है। जिसको लेकर गांव में चोरों के प्रति लोगों का आक्रोश है।

# महाप्रबंधक उमरे ने किया इंसीडेंट इनवेसटीगेशन रिपोर्टिंग पोर्टल एवं एसेट मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ

**प्रयागराज।** मंगलवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक संरक्षा एवं समयपालनता समीक्षा बैठक के दौरान दो पोर्टल - 1 इंसीडेंट इनवेसटीगेशन रिपोर्टिंग पोर्टल एवं 2- एसेट मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ हुआ। इस बैठक में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और ने भाग लिया, जबकि मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, मंडल रेल प्रबंधक , झांसी और अपर मंडल रेल प्रबंधक, आगरा के साथ मंडल के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

इंसीडेंट इनवेसटीगेशन रिपोर्टिंग पोर्टल घटना जांच रिपोर्ट को अपलोड करने के लिए बनाया गय



बैठक को संबोधित करते उमरे महाप्रबंधक

है । इसमें उपयोगकर्ता मामलों की जांच रिपोर्ट अपलोड कर सकते हैं। इसको सभी विभागों द्वारा देखा जा सकता है तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकती है। एसेट मॉनिटरिंग पोर्टल विभिन्न परिसंपत्तियों (एलसी, आरओबी, आरयूबी, गुड्स शेड) की वास्तविक समय में निगरानी के लिए डिजाइन/विकसित किया गया है। कई बार विभिन्न परिसंपत्तियों के संबंध में शिकायतें या समस्यायें संज्ञान में आती हैं या अधिकारियों आदि के निरीक्षण में कमियां भी पता चलती है। अब इन परि संपत्तियों की तस्वीरें जब भी आवश्यक हो पोर्टल पर सभी संबंधितों के देखने के लिए अपलोड की जा सकती हैं। इसके माध्यम से संबंधित अधिकारी/विभाग किसी भी परिसंपत्ति के विषय में फोटो के माध्यम से वास्तविक जानकारी मिलने पर त्वरित सुधारात्मक कार्यवाई की जा सकती है और कार्योपरांत किए गए कार्य की फोटो भी अपलोड होने पर सुधार की जानकारी भी मिल सकेगी । इसके माध्यम से रेल संपत्ति की सुरक्षा और बेहतर अनुरक्षण करने में सहायता मिलने की महाप्रबंधक ने आशा जताई। ज्ञात हो कि ये दोनो पोर्टल उत्तर मध्य रेलवे के आई टी सेल द्वारा आंतरिक रूप से विकसित किया गया है। बैठक के दौरान आधारभूत संरचना के सुदृढीकरण के कार्यों के साथ विभिन्न संरक्षा और समयपालन मुद्दों पर चर्चा की गई।

## संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**कौशाम्बी।** करारी कस्बा निवासी रामप्रसाद मंगलवार सुबह अपने घर की बिजली ठीक कर रहा था। इस दौरान करंट की चपेट में आकर झुलस गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया।

### दबंगों ने युवक से की मारपीट

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके के ओसा गांव निवासी मनमोहन ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। इसे लेकर मंगलवार सुबह वह गाली.गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। चीख.पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने दखल देकर किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

# नवीन मंडी ओसा स्थित धान क्रय केंद्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** मुख्यालय से सटे ओसा स्थित नवीन मंडी में संचालित धान क्रय केन्द्र का मंगलवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मौजूद रहे कर्मचारियों ने उन्होंने वार्ता करते हुए किसानों को किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने की बात कही। बात दें कि जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान टोकन रजिस्टर का अवलोकन किया एवं धान की बिक्री कर चुकें किसानों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक जानकारी भी प्राप्त किया। उन्होंने केन्द्र प्रभारी से कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार धान क्रय किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। इतना ही नहीं उन्होंने चेताया कि धान क्रय केंद्र के जिम्मेदार की शिकायत यदि किसानों द्वारा उन तक पहुंचती है तो सम्बंधितों की खैर नहीं होगी। हालांकि कुछ भी हो जिलाधिकारी के निरीक्षण को लेकर धान क्रय केंद्र के जिम्मेदारों में हड़कंप रहा।



धान क्रय केंद्र के जिम्मेदारों से वार्ता करते डीएम सुजीत कुमार

## पति की मौत के बाद पत्नी ने लगाई फांसी, गंभीर

**कौशाम्बी।** भीखपुर मेड़वारा गांव में सोमवार सुबह संदिग्ध दशा में ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद बदहवास पत्नी ने भी फांसी लगा ली। गनीमत ये रही कि परिजनों ने समय रहते उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और गंभीर हालत में प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत अभी भी चिंताजनक भी बनी है। गोविंदपुर तेवारा गांव निवासी अजय पासी की शादी कोखराज इलाके की रंजीता सरोज के साथ डेढ़ साल पहले हुई थी। सोमवार को भीखपुर मेड़वारा गांव में मिट्टी बराबर करते समय संदिग्ध दशा में अजय की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पत्नी रंजीता बदहवास हो गई। वह गुमसुम हो गई। पति के दाह संस्कार होने के बाद सोमवार रात रंजीता कमरे में चुल्ले के सहारे फांसी लगा ली। इसी दौरान कमरे में पहुंचे परिजनों ने रंजीता को फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने रंजीता को फंदे से नीचे उतारा और प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत चिंताजनक है।

# एक दूजे के हुए प्रेमी युगल मंदिर में रचाई शादी

**दारानगर,कौशाम्बी।** दारानगर कड़ा स्थित श्री शिवचंड़ी हनुमान मंदिर में सोमवार की शाम एक प्रेमी युगल ने एक दुसरे के गले में वरमाला पहना कर जीवन भर साथ निभाने की कसमें खाई। प्रेमी युगल के मंदिर में शादी रचाने को बात जैसे ही कस्बे में फैली मर्दिर मे लोगों को भारी भीड़ जमा हो गई। हर कोई प्रेमी युगल को एक झलक देखने के लिए लालायित दिख रहा था। सैनी थाना क्षेत्र के सिराथू कस्बा निवासी रितिक को बहन कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गडरिया पुर गांव में व्याही हैं। करीब तीन वर्ष पूर्व बहन की ससुराल आने जाने के दौरान बहन को ननद नीलम व रितिक को आंखें चार हो गई और दोनों मे प्रेम परवान चढ़ने लगा। यह बात परिजनों को पता चली तो उन्हें यह नागावार गुजरा और उन्होने प्रेमी युगल के मिलने जुलने पर बंदिशें लगा दी। इसके बावजूद दोनों का प्याज कम नहीं हुआ। और दोनों छुप छुप कर मिलने लगे। मामले ने तुल पकड़ा तो थाने मे पंचायत हुई जहां प्रेमी युगल एक दूसरे से जुदा होने के लिए कतई तैयार नहीं थे। आखिरकार पंचायत को भी प्रेमी युगल के व्यार के आगे झुकना पड़ा और देवीगंज के श्री शिव चंड़ी हनुमान मंदिर में दोनों से शादी रचाकर अपनी दुनिया बसाना शुरू कर दिया।

## मंदिर परिसर में गंदगी, लोग परेशान

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के मुस्तफाबाद गांव में सड़क किनारे काली माता का मंदिर है। मंदिर परिसर में हैंडपंप लगा है और उसमें फाउंडेशन नहीं बना है। जलनिकासी की व्यवस्था भी नहीं है। हैंडपंप से निकलने वाला पानी मंदिर परिसर में भरा रहता है। इससे भक्तों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने हैंडपंप में फाउंडेशन बनवाने व जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# ओवर लोड पर अंकुश नहीं, आखिर कौन हैं पासर

**ओवरलोडिंग**

**रोक के बावजूद भी मनबढ़ है वाहन स्वामी, परिवहन, खनन कर रहा नजर अंदाज**



**कौशाम्बी।** सड़कों पर ओवर लोड वाहन के फरार्टा भरने पर रोक लगी है। बावजूद इसके पूरे दिन डंपर, ट्रक व ट्रैक्टरों में मोरंग, गिट्टी आदि लादकर फरार्टा भरा जा रहा है। परिवहन विभाग से लेकर खनन विभाग की नजर अंदाजी कहीं न कहीं ओवर लोड को और बढ़ावा दे रही है। शायद यही वजह है कि पूरे दिन पासर ओवर लोड बालू लदे वाहनों को पास कराने में सफल हो रहे हैं।

यहां पर बताना जरूरी होगा कि सरकार मोटी रकम खर्च कर सड़कों का निर्माण कराती है। ओवर लोड वाहनों के फरार्टा भरने सड़कें खराब हो जाती है और शासन द्वारा खर्च की गई मोटी रकम पानी में चली जाती है। ऐसे में कहीं न कहीं ओवर लोड वाहनों पर रोक लगाई गई। लेकिन बड़ी बात यह है कि सरकारी मशीनरी की खाऊ कमाऊ नीति के चलते पूरे दिन बालू व गिट्टी लादकर ओवर लोड वाहन दौड़ते नजर आते हैं। यदि बात करें तो समदा नहर के पास चेक पोस्ट बनाया गया है, इतना ही नहीं ओवर लोड बालू लदे वाहनों को इस रूट से न जाने देने का शायद निर्देश भी है, बाजूद इसके यहां पर तैनात कर्मचारियों की नीति के चलते ओवर लोड वाहन गुजर जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अभी हाल ही में नहर रोड बनाई गई है यदि इस तरह से ओवर लोड वाहन फरार्टा भरेंगे तो शायद सड़क कुछ ही दिन चल पाएगी। अब यहां पर सवाल इस बात का उठता है कि आखिर ओवर लोड वाहनों पर सरकारी मशीनरी की निगाह पड़ती नहीं है या फिर देखने के बाद भी नजरअंदाज कर दिया जाता है, खैर यह स्पष्ट करना जल्दबाजी होगा। लेकिन इतना जरूर है कि जिस तरह से ओवर लोड वाहन सड़को पर फरार्टा भर रहे हैं उससे कहीं न कहीं जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर हो रही है। हालांकि जिले की बुद्धिजीवि जनता ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ओवर लोड पासर व सरकारी मशीनरी की कार्यशैली की जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों पर कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

## घर में घुसकर लूटपाट करने वालों पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के नागचौरी का पूरा गांव में तीन माह पहले घर में घुसकर दबंगों ने महिला से मारपीट की थी। इतना ही नहीं उसकी सोने की चेन भी लूट ली थी। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया। नागचौरी का पूरा गांव की मालती देवी का आरोप है कि तीन अगस्त की शाम को वह घर में अकेले थी। इसी दौरान गांव का ही नवनीत तीन अन्य साथियों के साथ घर के अंदर आ गया। गाली.गलौज करते हुए उसको पीटा। इस दौरान उसकी सोने की चेन भी नवनीत व उसके साथियों ने लूट लिया। मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी गई थीए लेकिन पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया था। पीड़िता अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपित नवनीत व उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पकौड़ी में जहर, मासूम बच्चे की मौत, पड़ोसी महिला पर आरोप

**आरोप**

**पुलिस ने बच्चे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया**

**घटना के बाद महिला घर से फरार**

**दारानगर, कौशाम्बी।** पड़ोस की महिला पर एक मासूम बच्चे को पकौड़ी मे जहर देने का आरोप लगा है। पकौड़ी खाने से उसकी हालत बिगड़ गई जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद महिला घर से फरार हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना कोखराज थाना क्षेत्र के लाटपुर गांव की है, जहा सियालाल का सात साल का बेटा अजित घर के पास खेल रहा था। आरोप है कि पडोस की महिला सावित्री देवी पत्नी लवलेश ने उसे पकौड़ी मे जहर मिलाकर खिला दिया। पकौड़ी खाने के बाद अजित को उल्टी होने लगी, यह सब देखते ही महिला कही भाग गयी। घटना के बाद परिजनों ने उसे निजी हॉस्पिटल मे भर्ती कराया, जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई हो तब मुहल्ले में हाहाकार मच गया। हालांकि आरोपों पर कितनी सच्चाई है यह तो पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।



घटना के बाद गमजदा मृतक के परिजन

# बछड़े को मार तालाब किनारे दफनाया शव, सनसनी

**अपराध**

**लोगों को कहना है कि गाय के बछड़े को किसी ने लोहे की रॉड से मार दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई**

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अजुहा वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर में सोमवार को किसी ने अवांरा बछड़े को मारकर उसके शव को तालाब किनारे दफना दिया। इसकी जानकारी जब लोगों को हुई तो इलाके में सनसनी पसर गई।

आवारा गाय व बछड़ा तालाब किनारे चर रहे थे, तालाब के किनारे एक व्यक्ति ने कुछ पौधे लगाए थे, जिसको गाय चर रही थी। लोगों को कहना है कि गाय के बछड़े को किसी ने लोहे की रॉड से मार दिया जिससे मौके पर मौत हो गई। गाय के बछड़े को तालाब किनारे गड्ढा खोदकर दफना भी दिया गया। हालांकि मुहल्ले अमित कुमार पुत्र मानसिंह तहरीर पर अजुहा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गड्ढा खोदवाकर बछड़े को बाहर निकलवा कर पशु अस्पताल के डॉक्टर आर के सोनी के सहयोग से पोस्टमार्टम करा कर पुलिस के सामने गड्ढा खोदकर दफनवा दिया है। अझुवा चौकी प्रभारी गौरव त्रिवेदी ने अभियुक्त को हिरासत में ले लिया। अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाने में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस कार्यवाही में जुट गई है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व लोग

## याद किए गए नेताजी मुलायम सिंह, पार्टी कार्यालय हुआ कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। सपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा भी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर सिंह यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव जैसे नेता का निधन भारतीय राजनीति के लिए बड़ी छति है। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए यूपी का चहुंमुंखी विकास किया। समाज के सभी वर्गों की तरक्की के लिए नेता जी ने काम किया। अब समाज की जिम्मेदारी है कि नेता जी की बनाई हुई पार्टी को अपना समझकर मजबूत करे। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता परवेज अख्तर अंसारी, मान सिंह यादव, कैलाश केसरवानी, भइयालाल, वेदप्रकाश पाल, डॉ, असलम, रईश अहमद, ऐश अहमद आदि मौजूद रहे।

# वितरण किया फाइलेरिया किट, प्रभारी ने किया जागरूक

**दारानगर, कौशाम्बी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में अधीक्षक डॉ मो सऊद के निर्देशन में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया से ग्रसित रोगियों को एमडीपी किट का वितरण किया गया साथ ही उन्हें किट के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

डॉक्टर सऊद ने बताया कि फालेरिया लाइलाज बीमारी है अतः इसके बारे में जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है उन्होंने कहा कि जब भी फाइलेरिया उन्मूलन हेतु स्वास्थ्य टीमें दवा खिलाने जाएं तो हर व्यक्ति को दवा खाना चाहिए, जिससे आने वाले समय में हम फाइलेरिया को पूर्णतया मिटा सकेंगे। एमडीपी किट का वितरण सरोज देवी, ननकी देवी, सीमा देवी, दिलीप कुमार, बेला देवी, पप्पू, इंद्रानी, संतलाल, सुमित्रा देवी आदि द्वारा किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह चंदेल, बीपीएम प्रदीप सिंह, बीसीपीएम रोहिणी कुमार त्रिपाठी, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर अतुल श्रीवास्तव, यूनिसेफ बीएमसी इमरान यूपीटीएसयू बीओसी निशात फातमा, विभिन्न आशा संगिनियाँ, एएनएम, सुपरवाइजर एवं आशाएं मौजूद रही।

## मंदिर में सोलर लाइट लगवाने की मांग

**कौशाम्बी।** करारी कस्बे से सटे चक हिंगुई गांव में शनि देव का मंदिर है। यहां पर सोलर लाइट नहीं लगी है। इससे शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। जिससे भक्तों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भक्तों ने मंदिर परिसर में सोलर लाइट लगवाने की मांग की है।

## वार्ड नंबर 25 में स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड नंबर 25 के ओसा पश्चिम में रहने वाले लोगों ने ईओ को शिकायती पत्र देकर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि शाम होते ही अंधेरा हो जाता है। इससे चोरी आदि का भय बना रहता है।

ओसा पश्चिम के मन्नू यादव, झगड़ूए शिवलाल, महेंद्रए बैजू, इंदल, चंद्रलालए ओम प्रकाश आदि लोगों ने ईओ को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वार्ड के रामआधार के घर से लेकर बरम बाबा तक 10 से 12 खंभे हैं लेकिन किसी भी पोल में स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। कहा कि शाम होते ही अंधेरा हो जाता है। इससे आने.जाने में दिक्कत होती है। इसके अलावा चोरी आदि का भय अलग से बना रहता है। नागरिकों ने ईओ से स्ट्रीट लगवाने की मांग की है। ईओ ने समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

# रामलीला शिव धनुष खंडन, पशुराम संवाद का हुआ मनमोहक मंचन

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के गढ़वा गांव में इस समय रामलीला का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से चल रहा है। रामलीला की परंपरा काफी प्राचीन समय से चली आ रही है। रामलीला मंचन करने वाले कलाकारों ने सोमवार की शाम दिखाया कि एक बार रंगशाला में शिव जी का धनुष रखा हुआ था जिसे जानकी जी ने सहज में ही उठाकर दूसरे जगह रख दिया। यह देख जनक जी आश्चर्य माने और प्रण कर लिया कि जो वीर पुरुष इस धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ मै सीता का विवाह करूंगा। तमाम देशों के राजा महाराजा धनुष तोड़ने के लिए आमंत्रित किए गए परंतु कोई उस धनुष को तिल भर भी नहीं उठा सका। इस पर जनक जी बहुत दुखी हुए और कहां की ब्रह्मा ने सीता जी का विवाह लिखा ही नहीं। सभी राजा अपने अपने घर चले जाएं। जनक जी की बात पर लक्ष्मण बहुत क्रोधित हुए और कहां की श्री राम जी सभा में मौजूद हो वहां इस तरह की बात कहना शोभा नहीं देता और बार.बार उकसाने लगे। तब विश्वामित्र ने श्री राम जी को आदेश दिया की हे राम उठो और शंकर जी का धनुष तोड़ो। श्री राम उठे और बड़े सहज में ही शंकर जी का धनुष तोड़ डाला। इस पर धनुष के टूटने से चारों दिशाओं में बड़ी भयंकर आवाज हुई, वहां परशुराम जी भी पहुंच गए और देखा कि किसी ने उनके गुरु शंकर जी का धनुष तोड़ डाला इस पर परशुराम और लक्ष्मण का बड़ा संवाद हुआ। भगवान राम ने परशुराम जी से माफी मांगी और क्षत्रियों का स्वभाव बखान किया। काफी देर बाद परशुराम जी को ज्ञान आया और उन्होंने राम की मयार्दा समझी। इस प्रकार काफी समय तक पात्रों ने मंचन किया सभा में तालियों की गड़गड़ाहट से सभा गूंज उठी। और सीताराम की जय कारे लगने लगे। रामलीला का मंचन चित्रकूट बांदा फतेहपुर कौशांबी आदि के मशहूर कलाकारों में भव्य मंचन किया। रामलीला के आयोजक पारसनाथ द्विवेदी कुलदीप द्विवेदी भास्कर द्विवेदी विनोद दुबे मदन मोहन तिवारी विनोद दुबे अंशु तिवारी जनार्दन प्रधान प्रतिनिधि शिवपूजन यादव का सराहनीय योगदान रहा।



रामलीला मंचन कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

### बहाल हुए बिदनपुर ककोढ़ा के प्रधान

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के बिदनपुर ककोढ़ा गांव की प्रधान को जिला मजिस्ट्रेट ने बहाल कर दिया है। अनियमितता के आरोप में प्रधान के अधिकार छीन लिए गए थे। बिदनपुर ककोढ़ा की प्रधान रामकली के खिलाफ एक माह पहले कार्रवाई हुई थी। अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में धांधली होने पर डीपीआरओ की रिपोर्ट पर प्रधान के अधिकार छीन लिए गए थे। इस मामले में सचिव विपुल कुमार को निलंबित भी किया गया था। आरोप पत्र को प्रधान रामकली ने चौलेज किया। जिला मजिस्ट्रेट ने दोबारा जांच करवाई। इसके बाद प्रधान को डीएम ने बहाल कर दिया है।

### चौराहे पर दुकानदारों ने किया अतिक्रमण

**कौशाम्बी।** करारी चौराहे पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है। पटरी दुकानदार कहीं भी ठेला खड़ा कर देते हैं। ऑटो चालक चौराहे पर आड़ा.तिरछा वाहन खड़ा करके सवारियां भरते हैं। नागरिकों ने टाउन एरिया प्रशासन से चौराहे को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# डीएपी की आपूर्ति करे सहकारिता विभाग अन्यथा होगा आंदोलन

**नाराजगी**

**सचिव द्वारा डीएपी न होने पर अजय सोनी ने जताई नाराजी**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने जिले भर में डीएपी की किल्लत को लेकर मोर्चा खोल दिया है। पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने सहकारिता विभाग को आगाह किया है कि विभाग जल्द ही किसानों को डीएपी उपलब्ध कराए वर्ना समर्थ किसान पार्टी विभाग कार्यालय का घेराव करेगी।

मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने किसानो की उर्वरक की समस्या को लेकर उदहिन खुर्द साधन सहकारी समिति का जायजा लिया। मौके पर किसानों की मौजूदगी में अजय सोनी ने समिति के सचिव से डी ए पी की उपलब्धता एवं आपूर्ति को लेकर वार्ता की। सचिव द्वारा डीएपी न होने पर अजय सोनी ने नाराजी जताई। साथ ही मौके पर से ही जिला सहकारी समिति के निबंधक को फोन पर बहस की। साथ ही जल्द से जल्द जिले की सभी समितियों में डी ए पी की की उपलब्धता एवं आपूर्ति किए जाने की मांग की अन्यथा सैकड़ों पार्टी कार्यकताओं के साथ सहकारिता विभाग कार्यालय घेराव करने की चेतावनी दी। इस मौके पर मौजूद रहे किसानो से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि डी ए पी न मिलने से किसान परेशान हैं और दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है। सुबह से ही समितियों के चक्कर लगाता किसान मायूस होकर शाम को घर चला जाता है। अजय सोनी ने प्रदेश और केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या बिना उर्वरक के किसानों की आय दुगुनी हो जायेगी। कार्यक्रम में वीरेंद्र तिवारी, चंद्र शेखर सिंह, छोटका सिंह, गिरधारी लाल, बबलू गौतम, घसीटे सरोज आदि मौजूद रहे।



किसानों के साथ वार्ता करते समर्थ किसान पार्टी के अगुवा

# प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ न करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं के खिलाफ ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही की जाये : डीएम



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**बैठक**

### जिला कौशल समिति एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला कौशल समिति एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समस्त सदस्य व प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण प्रदाताओं व पीआईए को आवंटित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया तथा जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है उनके विरूद्ध ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही हेतु मिशन को पत्र प्रेषित करवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया कि गुणवत्ता परक प्रशिक्षण कराया जाये एवं प्रशिक्षणार्थियों को सेवायोजित भी समय से किया जाये। मिशन प्रवीण के तहत जीआईसी और जीजीआईसी तथा कस्तूरबा विद्यालयों में भी कौशल का प्रशिक्षण दिया जाना है किन्तु बैठक में अवगत कराया गया कि सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समन्वयक दिनेश कुमार चैरसिया को निर्देश दिया कि यदि आगामी तीन दिवस में सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाताओं गौतम बुद्ध वेलफेयर सोसाइटी, फ्रेण्ड्स कम्प्यूटर एजुकेशन सोसायटी, सह सहयोग सेवा समिति, एक्टिव इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम द्वारा कार्य प्रारम्भ न किया जाये तो इनको ब्लैकलिस्ट कराने हेतु पत्र प्रेषित करवाया जाये। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला एमआईएस प्रबन्धक वन्दना सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आदि उपस्थित रहे।

## अंधेरे में चलता मिला रेलवे का शौचालय, एसएस ने बंद कराया

**शौचालय में हो चुका है महिला यात्री के साथ दुष्कर्म**

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे परिसर में स्थित शौचालय रात के अंधेरे में खुला मिला। जिसको एसएस ने फटकार लगाने के बाद बंद करवा दिया।

इस शौचालय में कुछ महीने पहले रात के समय शौच करने गई महिला यात्री के साथ रेप हुआ था। महिला ने इसकी एफआईआर लिखवाई थी। इस घटना के बाद शौचालय को कोतवाली पुलिस ने बंद करवा दिया था। राजस्व के लिए रेल प्रशासन ने इसे फिर से खुलवा दिया है। लेकिन इसमें लाइट का कनेक्शन नहीं होने से रात में खोलने की अनुमति नहीं दी गई है। लेकिन ठेकेदार और उसके सहयोगी पैसे की लालच में इसको रात में भी खोलते हैं। रात में टहलते हुए अचानक एसएस शमीम वहां पहुंच गए थे। उन्होंने देखा कि शौचालय खुला हुआ है। अंदर अंधेरा है। उन्होंने कर्मचारी से पूछा किसकी परमिशन से रात में खोले हो। वह कोई जवाब नहीं दे पाया। एसएस ने उसको फटकारा और कहा की बिना लाइट के रात में नहीं खुलना चाहिए। यह कहकर उन्होंने शौचालय को बंद करवा दिया। रेल कर्मचारियों का कहना है कि रात के अंधेरे में महिला यात्रियों का उसमे जाना ठीक नहीं था। साथ में कुछ भी हो सकता है।

## निर्वाचन की प्रारम्भिक तैयारियॉ समय से पूर्ण कर ली जाये : जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन-2022 के अन्तर्गत नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं सदस्यों का निर्वाचन सकुशल एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्मिक व्यवस्था, प्रशिक्षण व्यवस्था, मतपत्र, निर्वाचक नामावली, परिवहन, ईंधन, निर्वाचन प्रपत्र, स्टेशनरी, मतदान सामग्री किट, यात्रा भत्ता एवं निर्वाचन व्यय विवरण, निर्वाचन बुकलेट सम्बन्धी व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी, निर्वाचन सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण, कन्ट्रोल रूम व्यवस्था, टेन्टेज, वैरीकेडिंग, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था, नामांकन व्यवस्था, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं चर्चा करते हुये अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की प्रारम्भिक तैयारियॉ समय से पूर्ण कर ली जाये जिससे नगरीय निकाय के चुनाव की घोषणा होने के बाद किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसलिये सभी अधिकारीगण सौपे गये दायित्वों/आवंटित कार्यो का शत प्रतिशत निर्वहन करें और नगरीय निकाय निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील बूथों का चिन्हांकन कर सूची बना ली जाये और यथाशीघ्र सूची उपलब्ध करा दें। उन्होने प्राचार्य अफीम कोठी को निर्देशित किया कि कार्मिकों का प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में कराया जाये और प्रशिक्षण की सारी तैयारी पूर्ण कर लें। उन्होने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांकन प्रक्रिया एवं स्ट्रांग रूम स्थल का चयन यथाशीघ्र चिन्हित कर लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश पटेल, पीडी डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## भू-जल प्रदूषण हेतु दोषी पाये जाने पर अर्थदण्ड व कारावास की होगी सजा



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद के सदस्यों, सचिव की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हाईड्रोलाजिस्ट रविशंकर पटेल द्वारा बताया गया कि जनपद में आर0ओ0 प्लान्ट बिना एनओसी/पंजीकरण कराये चलाये जा रहे है तथा क्रिटिकल एवं अतिदोहित क्षेत्रों में बिना एनओसी/पंजीकरण प्राप्त किये ही अवैधानिक रूप से बोरिंग इत्यादि कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भूजल उपभोक्ताओं यथा औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक, सामूहिक उपयोगकताओं को इस आशय की नोटिस भेजे कि 15 दिवस के अन्दर विभागीय पोर्टल के माध्यम से कूपों का पंजीकरणध्एनओसी प्राप्त कर लें अन्यथा भूगर्भ जल प्रबन्धन अधिनियम-2019 के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने जनपद में भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबन्धन एवं नियमन के प्रति भूजल की उपलबधता समान रूप से निरन्तर बने रहने और जनमानस को गुणवत्तापरक जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु सदस्यों को राज्य भूगर्भ जल प्रबन्धन एवं विनियामक प्राधिकरण के अनुसार कार्यवाही कराने का निर्देश। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी व्यवसायिक, औद्योगिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं बल्क यूजर के उल्लंघन की स्थिति में प्रथम बार 02 लाख से 05 लाख अर्थदण्ड अथवा 06 माह से 01 वर्ष का कारावास अथवा दोनो हो सकता हैं। भू-जल प्रदूषण हेतु दोषी पाये जाने पर प्रथम बार 2 से 03 वर्ष की सजा एवं 05 से 10 लाख रुपए अर्थदण्ड है तथा भू-जल प्रदूषण हेतु अपराध की पुनरावृत्ति पर 05 वर्ष से 07 वर्ष का कारावास तथा 10 लाख से 20 लाख का जुमार्ना का प्राविधान है। किसी भी भू-जल आपूर्तिकर्ता (राज्य सरकार की पेयजल योजनाओं के अतिरिक्त) द्वारा आपूर्ति किये जाने वाले भू-जल के गुणवत्ता के मापदण्ड पूर्ण न करने की स्थिति में न्यूनतम 02 लाख एवं अधिकतम 5 लाख का अर्थदण्ड है।

## संक्षेप

### जयन्ती पर याद कर नेता जी को किया नमन



**प्रतापगढ़।** सपा कार्यालय मीराभवन पर पूर्व रक्षामंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री रहे सपा के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयन्ती पर उनके चित्र पर कार्यकताओं ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। पार्टी कार्यालय, जिला चिकित्सालय में महिलाओं और मरीजों को कम्बल व फल वितरित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ताओं ने कहा कि स्व. मुलायम सिंह यादव समाज के सभी वर्गों के लिए जनहित में कार्य किया और एक समान अधिकार और सम्मान दिया करते थे। पट्टी विधायक रामसिंह पटेल, पूर्व विधायक, नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, विजय यादव, इरशाद सिद्दीकी, आशुतोष पाण्डेय, इरफान खान, गुलफाम खां, नरेंद्र पाल एडवोकेट, पूर्व प्रमुख मो.शमीम, करोड़ीमल शर्मा, रमाशंकर यादव, विनय सिंह भोला, महिमा गुप्ता, शबनम बानो, उर्मिला यादव, डा.रामबहादुर पटेल, डा.शेर बहादुर यादव, रामबचन यादव, सत्यनारायण यादव, रामधन यादव, शफात अहमद, चन्दन सिंह, प्यारेलाल खैरा, निसार अहमद, अजय मौर्या, रम्मू पटेल, बच्चा यादव, कन्हैया तिवारी, विवेक यादव, आजम राय, रमेश यादव, रमेश पाठक, महेन्द्र दूबे, शिवकुमार यादव,मनीष पाल आदि उपस्थित रहे।

### एसवीएम पीजी कॉलेज को हराकर एमएमपीजी कालाकांकर बनी चैंपियन



**लालगंज।** राज्य विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय वालीबाल प्रतियोगिता में बालक वर्ग की में कालाकांकर एमएमपीजी कॉलेज की टीम चैंपियन रही। कालाकाकर ने सरस्वती विद्या मंदिर डिग्री कॉलेज की टीम को कड़े मुकाबले में हरा दिया। विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लालगंज के सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पीजी कालेज में आयोजित अंतर महाविद्यालीय बालीबाल प्रतियोगिता में एमएमपीजी कालेज, कालांकाकर की टीम ने खिताब जीता। बालक वर्ग के लिए खेल गए मुकाबले में कालांकाकर की टीम ने सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पीजी कालेज की टीम को रोमांचक मुकाबले में पराजित कर दिया। इससे पहले प्रयागराज, कौशांबी समेत जिले की लगभग दो दर्जन टीमों के खिलाडियों ने लीग मुकाबलों में जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला खत्म होने के बाद अंतर महाविद्यालीय बालीबाल प्रतियोगिता का धूमधाम से समापन हुआ। समापन अतिथि के रूप में पहुंचे प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्रीड़ासचिव प्रो. पवन कुमार पचैरी ने मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. दीप्ति मिश्रा, प्रबंधक पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा व विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार सिंह के साथ चैंपियन एमएमपीजी कालेज व उपविजेता एसवीएम पीजी कालेज के खिलाडियों को शील्ड व प्रशस्ति प्रत्र प्रदान किया। इससे पहले बालिका वर्ग में अंतर महाविद्यालीय प्रतियोगिता में एसवीएम पीजी कालेज की टीम ने चैंपियनशिप जीती। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. सीमा व चयनकर्ता डॉ. आशीष कनौजिया उपस्थित रहे। विनोद कुमार व रमेश ने रेफरी की भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ. अमित कुमार सिंह ने अतिथियों व खिलाडियों का स्वागत किया। निदेशक डॉ. संदीप मिश्रा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर डॉ. धर्मेंद्र बहादुर सिंह, रविकांत कौशल, प्रकाश सिंह, रूबिता सिंह, अनीता त्रिपाठी, ओपी द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### एक दर्जन दबंगों ने घर पर बोला धावा, जान से मारने की दी धमकी

**पट्टी।** रेडीगारापुर गांव एक महिला ने पिता पुत्र के साथ एक दर्जन लोगों पर घर में घुसकर तोड़फोड़ करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस शिकायत लेने के बाद मामले की जांच कर रही है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारापुर गांव की रहने वाली भानुमती पत्नी कमलेश ने बताया कि रूर गांव के रहने वाले पिता पुत्र एक दर्जन अज्ञात लोग उसके घर पर सोमवार को पहुंचे और मां बहन की गालियां देते हुए घर में घुसकर बर्तन तथा अन्य कीमती सामान तोड़फोड़ दिया। घर में वाहन साइकिल भी तोड़ दिए। पीड़ित महिला का कहना है कि उक्त लोग उसके बेटे को भी कई बार मारे पीटे हैं। पीड़ित महिला ने इस मामले में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### तीन महीने के लिए बंद हुई जनता और हरिद्वार एक्सप्रेस ट्रेन

**प्रतापगढ़।** कोहरे का चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने वाला है। इसके चलते बनारस देहरादून जनता एक्सप्रेस अप और डाउन और प्रयाग हरिद्वार एक्सप्रेस ट्रेन अप, डाउन का संचालन एक दिसंबर से तीन महीने के लिए बंद कर दिया गया है। दोनो ट्रेनें 28 फरवरी तक कैंसिल कर दी गई है। यह जानकारी एसएस ने दी है। उन्होंने बताया कि कोहरे का कारण ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। इन ट्रेनों में आरक्षण भी नहीं होगा। ट्रेनों के बंद होने से यात्रियों को दिक्कत आयेगी।

## सीआरपीएफ महिला जवान की डेंगू से मौत, दी गयी श्रद्धांजलि



मृतक रोशनी सिंह





अंतिम दर्शन के लिए घर पर जुटी भीड़ व शव पर श्रद्धांजलि देते अधिकारी

**सांगीपुर।** डेंगू से पीड़ित सीआरपीएफ महिला जवान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा गया। महिला जवान का तिरंगे में लिपटा शव गांव पहुंचने पर अंतिम दर्शन के लिए लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे ईश्वरी सिंह (कुम्भी आइमा) निवासी अनिल सिंह की बेटी रोशनी सिंह (25) लगभग दो साल पहले सीआरपीएफ में भर्ती हुई थी। ट्रेनिंग के बाद दिल्ली में तैनाती मिली थी। एक सप्ताह पूर्व वह टाइफाइड बुखार से पीड़ित हुई थी। इलाज के दौरान बाद में उनके अंदर डेंगू होने की पुष्टि हुई जिसके बाद उनका इलाज दिल्ली की वेंकटेश्वर अस्पताल में चल रहा था। सोमवार की देर शाम रोशनी की सांसें थम गई। मौत की खबर गांव पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। रोशनी एक भाई और बहन में बड़ी थी। मृतक के परिवार में माँ शुषमा पिता अनिल तथा छोटा भाई अंकित है जो इस समय लखनऊ में एल एल बी की पढ़ाई कर रहा है। परिजनों के मुताबिक रोशनी की शादी भी पड़ोसी जनपद अमेठी के बछिलाही (मनीपुर ) थाना गौरीगंज में अगले महीने की सात दिसम्बर को होनी निश्चित हुई थी तथा तिलक का कार्यक्रम इसी महीने की 27 नवम्बर को होना निश्चित हुआ था।

### एक साथ दो घरों में छाया मातम

रोशनी की आकस्मिक मौत से एक साथ दो परिवारों के लोग पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। रोशनी की मौत से एक तरफ माँ बाप व भाई तथा सगे सम्बन्धियों को दुःख पहुंचा है वहीं दूसरी तरफ होने वाली ससुराल में भी माहौल गमगीन हो गया। जहां कुछ ही दिनों में खुशियां आने का इंतजार हो रहा था रोशनी की मौत की खबर मिलते ही पूरे परिवार में मातम छा गया।

### रोशनी के बहादुरी के थे चर्चे

सांगीपुर। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में जाने से पूर्व रोशनी के अंदर नौकरी करने का जो जज्बा था उसकी चर्चा आज उसके अंतिम दर्शनों के लिए दरवाजे पर पहुंचे हर किसी की जुबान से सुना जा रहा था। इकलौते भाई अंकित से बड़ी और पिता के खेती किसानी में होने के नाते वह परिवार की हर जिम्मेदारी को भी छोटे पन से समझने लगी थी। गांव के ही राजपति सिंह इंटर कालेज में बारहवीं तक की पढ़ाई पूरी करने के उपरांत वह रायबरेली के फिरोज गांधी कालेज में दाखिला लिया था। यहां से बीए की एमए0 की पढ़ाई करने के साथ ही साथ वह एसएस सी की तैयारी भी कर रही थी। पारिवारिक जिम्मेदारियां और पढ़ाई के चैतरफा बोझ से दबी रोशनी अपने संघर्षों के बल पर आखिरकार सफल हुई और दो साल पहले वह केंद्रीय डिजर्व पुलिस बल में भर्ती हो गई।

## आपरेशन की झड़ी, एक दिन में हड्डी की पांच मेजर सर्जरी

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कालेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल में हड्डी के आपरेशन थियेटर में सी आर्म मशीन लग जाने से जटिल सर्जरी की प्रक्रिया आसान और तेज हो गई है। हड्डी के आपरेशन में नए नए आयाम गढ़ रहे है हड्डी के डाक्टर सचिन कुमार ने एक दिन में हड्डी के पांच आपरेशन कर रिकार्ड बनाया है। इसके पहले अभी तक इस तरह के इतने हड्डी के आपरेशन एक दिन में नहीं हुए। उन्होंने जिन पांच लोगों का आपरेशन किया। वो मरीज काफी परेशान थे। मजबूरी में उन्होंने गैर जनपद में इलाज कराने की तैयारी कर ली थी। पांच में दो पुरुष हैं। मरीजों में एक के कूल्हे की सर्जरी हुई। बाकी की सर्जरी करके पैरों में रॉड डाली गई। उन्होंने बताया कि मरीज ठीक हैं। वार्ड में भर्ती हैं। खास बात यह है कि इसके पहले भी सचिन ने तीन जटिल सर्जरी की थी। सचिन का कहना है कि अभी तक सी आर्म मशीन नहीं थी। जिसके कारण मेजर और जटिल सर्जरी नहीं हो पाती थी। अब प्रिंसिपल ने मशीन लगवा दी है। इसका लाभ मरीजों को मिल रहा है।

## आमने-सामने हुई बाइक की भिड़ंत के बाद ट्रक के नीचे आया युवक, मौत

**प्रतापगढ़।** शहर में कपूर चैराहे के पास मैरिज हॉल के सामने सोमवार रात आमने-सामने बाइक भिड़ंत में एक युवक सड़क पर गिर गया। तभी पीछे से आए ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। ड्राइवर ट्रक लेकर तेजी से भाग निकला।

नगर कोतवाली के जोगापुर कांशीराम कॉलोनी के नन्हे सिद्दीकी का बेटा शहजादे (20) सोमवार रात शहर के कपूर चैराहा स्थित मैरिज हॉल के पास गया था। रात तकरीबन 12 बजे मैरिज हॉल से बाइक से घर आने के लिए निकला तो सामने से आए बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इससे शहजादे बाइक समेत सड़क पर गिर गया। तभी प्रयागराज की ओर जा रहा ट्रक उसे रौंदते हुए तेजी से निकल गया। शहजादे का सिर ट्रक के चक्के के नीचे आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर कोई मौजूद न होने के कारण उसे कोई पहचान नहीं सका। पुलिस पहुंचने पर देर से शव की पहचान हुई। तब शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## नगर पंचायत को अव्वल बनाने में स्वच्छता कर्मियों का अमूल्य योगदान : अनीता द्विवेदी



लालगंज में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित करती चेयरपर्सन अनिता द्विवेदी

**सम्मान**

### समारोह पूर्वक स्वच्छता कर्मियों को अंगवस्त्रम देकर किया गया सम्मानित

### स्वच्छता कर्मियों के अथक प्रयास से ही नगर पंचायत स्वच्छता सर्वेक्षण में पहले स्थान हासिल किया : अनीता

**लालगंज।** नगर पंचायत में मंगलवार को आयोजित समारोह में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर स्वच्छता कर्मियों के चेहरे खिल उठे। नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित समारोह में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने स्वच्छताकर्मियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने कहा कि नगर पंचायत लालगंज को स्वच्छता के मानक को लेकर मंडल में लगातार प्रथम स्थान बनाए रखने के लिए स्वच्छता कर्मियों ने रात दिन पसीना बहाया है। स्वच्छता कर्मियों के अथक प्रयास से ही नगर पंचायत स्वच्छता सर्वेक्षण में पहले स्थान हासिल किया। चेयरपर्सन ने कहा कि जहां साफ सुथरा परिवेश व वातावरण मिलेगा, वहां विकास का पहिया भी तेजी से चलता है। उन्होने कहा कि नगर पंचायत को अव्वल रखने में स्वच्छता के कर्मियों के साथ ही नगर के लोगों के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होने आगे भी नगरवासियों के साथ सभासदों व कर्मचारियों से विकास के लिए सहयोग मांगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों के अथक परिश्रम की बदौलत ही नगर पंचायत की पहचान पूरे प्रदेश में बनी है। नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में आगे भी स्वच्छता कर्मियों के सहयोग की जरूरत बनी रहेगी। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने नगर के विकास में योगदान के लिए राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की सराहना की। इस मौके पर छोटेलाल सरोज, बृजेश द्विवेदी, विकास तिवारी, मुन्ना शुक्ला, सौरभ शास्त्री, विकास पांडेय, शिवम पांडेय, संतोष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## मॉडल गांव बेसार में मनाया गया स्थापना दिवस

**स्थापना दिवस**

### मॉडल ग्राम स्थापना दिवस पर गांव की महिलाओं ने स्वयं निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायी



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि

**प्रतापगढ़।** मॉडल गांव बेसार विकास खण्ड पट्टी में ग्राम स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस का आयोजन ग्राम प्रधान बेसार कंचन पटेल, मॉडल गांव टीम और समस्त बेसारवासियों के सहयोग किया गया।

स्थापना दिवस समारोह में सेवानिवृत्त आईएएस अजय दीप सिंह, सेवानिवृत्त सीजीएम नाबार्ड मुनीश, सौरभ लाल (सीईओ) मॉडल गांव के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों और समस्त ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया। मॉडल गांव प्रोजेक्ट भारत के सभी गांवों को आत्मनिर्भर एवं मॉडल गांव बनाने की एक पहल है। गांव वालों को विकास के प्रति जागरूक करने के लिये विलेज मैनिफेस्टो के माध्यम से 25 विकास बिन्दुओं पर अनेकों गांव में कार्य किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत ग्राम बेसार में स्थापना दिवस मनाया गया जो कि विलेज मैनिफेस्टो में दिये 25 विकास के मुद्दों में से एक है। मॉडल गांव प्रोजेक्ट के मानद सलाहकार आईएएस डा0 हीरालाल के मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्यक्रम में ग्राम बेसार के लोगों को मिलकर आगे बढ़ने के तरीके बताये गये और जनसहभागिता से काम करने की प्रेरणा दी गयी। रिटायर्ड सीजीएम मुनीश ने गांव की महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं को मार्केट प्रदान करने पर चर्चा की और गांव के किसानों की आय में वृद्धि करने के तरीकों पर चर्चा की। छोटे बच्चों ने अनेकों पोस्टर एवं झांकियां सम्पूर्ण गांव में लगायी। गांव के युवाओं ने सभी गांव वासियों को एकत्रित किया, भोजन एवं भीड़ प्रबन्धन और तैयारियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने अपने हाथों से बने गृज सजावट के सामान, शुद्ध खाद्य सामग्री एवं अनेकों वस्तुओं का प्रदर्शन किया। इन सभी वस्तुओं के निर्माण में आमतौर से घर में पाई गयी बेकार पड़ी चीजों का इस्तेमाल किया गया। बेसार में पहली बार ऐतिहासिक स्थापना दिवस मनाया गया। यह प्रतापगढ़ जनपद में नयी पहले है। इस कार्यक्रम से गांव वालों में आपसी सहयोग और समन्वय मजबूत हुआ। सभी गांव वालों ने मिलकर पूरे गांव की सफाई की और सहभागिता से स्वच्छता का प्रदर्शन किया। सभी गांव वालों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। गांव के कलाकारों को हुनर दिखाने और निखारने का मंच मिला। गांव की महिलाओं ने स्वयं निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायी। इन वस्तुओं को बाजार प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। सभी गांव वाले गांव विकास का सपना देखने लगे और इसके बारे में सोचने लगें। गांव में उत्पन्न सामानों को बेचने के लिये प्रयास शुरू किया गया। यह एक बड़ा कदम है। सभी के चेहरे पर खुशहाली और मुस्कान, जोश, सहयोग देखने लायक था। पूरा गांव आपसी मतभेदों को भुलाकर एक मंच पर आकर, एक स्वर में गांव विकास का नारा लगा रहा था। डिजिटल नेम प्लेट के नवाचारी कार्य का उद्घाटन हुआ।

## जनसंपादकीय

# मजबूत औद्योगिक नीति की जरूरत

औद्योगिक नीति को आर्थिक परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य द्वारा रणनीतिक प्रयास के रूप में परिभाषित किया गया है, अर्थात क्षेत्रों के बीच या भीतर निम्न से उच्च उत्पादकता गतिविधियों में बदलाव। भारत का लक्ष्य 2025-26 तक अपने विनिर्माण सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) को लगभग 3 गुना बढ़ाकर 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए उच्च प्रौद्योगिकी आधारित बुनियादी ढाँचा और कुशल जनशक्ति महत्वपूर्ण हैं। उदा. अत्यधिक बोझिल रेल परिवहन।

भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए औद्योगिक नीति बहुत प्रकार से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यहाँ नियोजित अर्थव्यवस्था के माध्यम से औद्योगिक विकास हो रहा है। देश में प्रकृतिक साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं लेकिन उनका उचित विदोहन नहीं हो रहा है। यहाँ प्रतिव्यक्ति आय कम होने के कारण पूँजी निर्माण की दर भी कम है तथा उपलब्ध पूँजी सीमित मात्रा में है। अतः आवश्यक है कि उसका उचित प्रयोग किया जाए।

देश का सन्तुलित विकास करने कि लिए संसाधनों को उचित दिशा में प्रवाहित करने कि लिए, उत्पादन बढ़ाने के लिए, वितरण की व्यवस्था सुधारने के लिए, एकाधिकार, संयोजन और अधिकार युक्त हितों को समाप्त करने अथवा नियन्त्रित करने के लिए कुछ गिने हुए व्यक्तियों के हाथ में धन अथवा आर्थिक सत्ता के केन्द्रीकरण को रोकने के लिए, असमताएँ घटाने के लिए, बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए, विदेशों पर निर्भरता समाप्त करने कि लिए तथा देश को सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए एक उपयुक्त एवं स्पष्ट औद्योगिक नीति की आवश्यकता होती है।

वे क्षेत्र जहाँ व्यक्तिगत उद्यमी पहुँचने में समर्थ नहीं हैं, सार्वजनिक क्षेत्र में रखे जाएँ और सरकार उनका उत्तरदायित्व अपने ऊपर ले। साथ ही यह भी आवश्यक है कि निजी क्षेत्र का उचित नियन्त्रण भी होना चाहिए जिससे कि विकास योजनाएँ ठीक प्रकार से चलती रहे।

मध्यम और बड़े पैमाने के औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की तुलना में एमएसएमई क्षेत्र अपेक्षाकृत कम अनुकूल रूप से ऋण उपलब्धता और कार्यशील पूंजी की ऋण लागत के मामले में स्थित है। भारत अभी भी परिवहन उपकरण, मशीनरी (इलेक्ट्रिकल और गैर-इलेक्ट्रिकल), रसायन और उर्वरक, प्लास्टिक सामग्री आदि के लिए विदेशी आयात पर निर्भर है। औद्योगिक स्थान लागत प्रभावी बिंदुओं के संदर्भ के बिना स्थापित किए गए थे और अक्सर राजनीति से प्रेरित होते हैं। निजी क्षेत्र के उदारीकरण के 30 साल बाद भी सरकार टैरिफ दीवारें खड़ी करते हुए फिर से सब्सिडी और लाइसेंस दे रही है। लालफीताशाही और तनावपूर्ण श्रम-प्रबंधन संबंधों की विशेषता वाले अप्रभावी नीति कार्यान्वयन के कारण इनमें से अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम घाटे में चल रहे हैं। वर्तमान में पीएलआई के तहत चुने गए कई उद्योग अत्यधिक पूंजीगत और कौशल गहन हैं। हमारे भारी संख्या में अकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार सृजन के लक्ष्य पर विचार किया जाना चाहिए और अनावश्यक सब्सिडी से बचना चाहिए। हमें गैर-निष्पादित फर्मों के साथ सख्त होना होगा। जरूरत पड़ने पर हम उनसे समर्थन वापस ले सकते हैं। इसके लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है जो भारत में नौकरशाही की पारंपरिक संस्कृति से परे जाते हैं।

उत्पादकता में सुधार के लिए अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित करने, विस्तार सेवाओं, व्यावसायिक प्रशिक्षण, विनियमों और बुनियादी ढांचे में सुधार की आवश्यकता है। छोटी और मध्यम आकार की फर्मों की सहायता के लिए इन नीतियों को स्थानीय विकेंद्रीकृत संदर्भों में अनुकूलित करने की आवश्यकता है। रोजगार सृजन के लिए। उदा. नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और भंडारण, बायोप्लास्टिक्स, ड्रिप सिंचाई और वर्षा संचयन की तकनीकें, समुद्र की दीवारों का सुदृढीकरण, हरित ऊर्जा से चलने वाले तिपहिया सार्वजनिक परिवहन आदि। औद्योगिक नीति में ऐसे उद्योग का निर्माण शामिल होना चाहिए जो नवाचार, प्रौद्योगिकी, वित्तीय रूप से व्यवहार्य और पर्यावरण के अनुकूल हो और जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों द्वारा साझा किया गया हो।

औद्योगिकीकरण से अर्थव्यवस्था सन्तुलित होगी तथा कृषि की अनिश्चितता कम हो जायेगी। रोजगार में वृद्धि, औद्योगिकीकरण के फलस्वरूप नए-नए उद्योगों का निर्माण होगा और देश के लाखों बेरोजगारों को इन उद्योगों में काम मिलने लगेगा इससे बेरोजगारी कम होगी ।



**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, संपर्क 7015375570**

# वैश्विक स्तर पर जनसंख्या वृद्धि से उभरती चिंताएं

**समय-संदर्भ**



**डा. विशेष गुप्ता**

यूनाइटेड नेशंस फॉर पापुलेशन फंड (यूएनएफपीए) के अनुसार 15 नवंबर 2022 को विश्व की धरती अब 800 करोड़ यानि आठ अरब लोगों का घर हो गयी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि दुनिया की आबादी आठ अरब होने के बाद अब यहाँ 800 करोड़ उम्मीदें, 800 करोड़ सपने और 800 करोड़ संभावनाएं बलवती हुयीं हैं। गौरतलब है कि दुनिया की आबादी के आठ अरब के आंकड़े के पार होने के बाद इस बढ़ती आबादी को लेकर विश्व स्तर पर चिन्तायें और गहरी हो गयी हैं। इसी संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र से जुड़े विशेषज्ञों ने दुनिया के तमाम देशों के नागरिकों से जलवायु में आ रहे बदलाव, आर्थिक संकट व सामाजिक विषमता जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए संकल्पबद्ध होने का आह्ववान किया है। इसके साथ ही भारत में भी ऐसे अनेक प्रश्न उत्तरों की तलाश में हैं कि इस बढ़ती हुई जनसंख्या को क्या केवल अभिशाप ही माना जाए अथवा इसे श्रेष्ठ मानव संसाधन के रूप में विकसित करते हुए राष्ट्र की शक्ति के रूप में इसका रूपान्तरण किया जाए।

विश्व की जनसंख्या से जुड़े आंकड़ों का अवलोकन बताता है कि यह 7 अरब की जनसंख्या तक पहुँचने में लगभग 207 वर्षों का समय लगा। दूसरी ओर इसके 7 से 8 अरब तक पहुँचने में मात्र 12 बर्ष ही लगे। मसलन 1804 में विश्व की जनसंख्या ने 1 अरब के आंकड़े को स्पर्श किया था। सन् 1927 में दुनिया की यह आबादी बढ़कर 2 अरब के पार हो गयी। लगभग तीन दशक पश्चात अर्थात 1959 में विश्व की आबादी 3 अरब हो गयी। सन् 1974 में यह 4 अरब के पार पहुँच गयी। 13 वर्षों के पश्चात 1987 में यह 5 अरब और 1999 में विश्व की यह जनसंख्या बढ़कर 6 अरब को पार कर गयी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2025 तक दुनिया की आबादी 8 अरब तथा 2080 के आसपास विश्व की इस जनसंख्या के 10 अरब के आंकड़े को स्पर्श करने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। विश्व स्तर पर आबादी की बढ़ती रफ्तार केवल विकासशील देशों के लिए ही नहीं, बल्कि विकसित राष्ट्रों के लिए भी बहुत बड़ी चिन्ता का विषय है। कड़वी सच्चाई यह है कि विश्व की एक तिहाई आबादी को आज न तो दो वक्त का ठीक भोजन मिल पा रहा है और न ही उनके स्वच्छ पानी पीने की कोई व्यवस्था है। साथ ही रोजगार की भी कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। विश्व स्तर पर एशिया और अफ्रीका के अनेक इलाके तीव्र बढ़ती आबादी की गिरफ्त में हैं। यहाँ भूख और कुपोषण जैसी मूलभूत समस्याओं की ओर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाएं पूर्व में कई बार इस ओर ध्यान आकृष्ट कर चुकी हैं।

विश्व स्तर पर बढ़ती हुई जनसंख्या का जो प्रमुख रूझान सामने आया है उसमें ग्रामीण आबादी का नगरों की ओर तेज होता पलायन है। आंकड़े बताते हैं कि 18वीं शताब्दी में दुनिया की 3 फीसदी से भी कम आबादी नगरों में रहती थी परन्तु 21वीं शताब्दी तक आते-आते दुनिया की यह नगरीय आबादी बढ़कर 50 फीसदी तक पहुँच गयी। आज दुनिया में एक करोड़ से भी अधिक की आबादी वाले लगभग 46 महानगर हो गए हैं। इसमें टोक्यो, शंघाई, मनीला, जकार्ता, ओसाका, करांची, ढाका और बीजिंग के साथ में भारत के दिल्ली, मुम्बई और कोलकत्ता जैसे शहर प्रमुख हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि विश्व स्तर पर अनेक ऐसे देश हैं जो अपनी सामाजिक व आर्थिक कामयाबी का परचम लहरा रहे हैं। परन्तु वहीं दूसरी ओर बढ़ती जनसंख्या और उनके मानव संसाधन के रूप में रूपान्तरित न होने के कारण से दुनिया के अनेक देश निरन्तर बिगड़ते पर्यावरण, खाद्य आपूर्ति, पानी की समस्या, भुखमरी, बेरोजगारी, आत्महत्या तथा आतंकवाद जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विश्व स्तर पर ऊर्जा की बढ़ती खपत और आक्रामक उपभोग के चलते दुनिया के अनेक शहर पर्यावरण प्रदूषण के साथ में ह्यहीट आइलैण्डह्य बनकर रह गये हैं। अमेरिका आज खुद गरीबी और बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। वहाँ बढ़ती आर्थिक असमानता युवाओं में असन्तोष है। अमेरिका में आर्थिक असमानता की स्थिति यह है कि अमेरिका के केवल एक प्रतिशत लोगों का देश की 42 प्रतिशत वित्तीय सम्पत्ति पर कब्जा है। पिछले एक दशक में अमेरिका की आय में जो बढ़ोत्तरी हुई उसका 66 प्रतिशत भाग केवल एक प्रतिशत लोगों को मिला है। विश्व स्तर पर अमेरिका के साथ अन्य विकसित देश भी इस प्रकार की समस्याओं से अछूते नहीं हैं।

विश्व के जनसंख्यात्मक ढांचे का विश्लेषण भारत की जनसंख्या की चर्चा के बिना अधूरा है। आंकड़े बताते हैं कि भारत की जो आबादी 2001 में 102.8 करोड़ थी वह वर्तमान में 138 करोड़ पहुँच गयी है। सच्चाई यह है कि भारत की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या की 17.5 फीसदी है। यह सच है कि भारत की यह जनसंख्या अमेरिका, जापान, रूस, इण्डोनेशिया और ब्राजील की जनसंख्या के बराबर है। ऐसी आशा है कि 138 करोड़ की आबादी वाला भारत 2023 में 140 करोड़ आबादी वाले चीन को पछाड़ देगा। 2050 तक हम चीन से 35 करोड़ अधिक होकर 166 करोड़ हो जायेंगें। हाल के आंकड़े बताते हैं कि विगत दशक में जनसंख्या के बढ़ने की दर में कमी आयी है। परन्तु लिंगानुपात के मामले में भारत अभी विश्व के कई विकासशील देशों से पिछड़ा हुआ है। 0 से 6 वर्ष के मध्य बाल लिंगानुपात विश्व के 927 के मुकाबले 919 ही रह गया है। साक्षरता के आंकड़े पूर्व की तुलना में बेहतर आए हैं। अर्थात भारत में जहाँ पहले दो तिहाई से कम आबादी साक्षर थी, वहीं हाल के आंकड़ों के अनुसार आज लगभग तीन चौथाई आबादी साक्षर है। पिछले एक दशक में पुरूष साक्षरता में जहाँ मात्र दस फीसदी की वृद्धि हुई, वहीं स्त्री साक्षरता में इस बीच 25 फीसदी की वृद्धि निश्चित ही उल्लेखनीय कही जा सकती है। भारत में आज लगभग एक तिहाई आबादी 15 साल से कम उम्र की है, जबकि दूसरी ओर युवाओं की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। कुछ विशेषज्ञों ने युवाओं की बढ़ती इस जनसंख्या को जनसांख्यिकीय लाभांश तथा कुछ ने इसे जनसांख्यिकीय घाटा माना है। इस जनसंख्या को लाभांश के रूप में स्वीकार करने वालों का तर्क यह है कि आज का अल्पायु किशोर कल का व्यस्क नागरिक बनेगा जिससे कार्यशील युवाओं की संख्या बढ़ेगी। दूसरी ओर पश्चिम के देशों जैसे जापान, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन में जहाँ जनसंख्या के बढ़ने का स्तर शून्य हो चुका है वहाँ भविष्य में वृद्धजनों की संख्या बढ़ेगी और कार्यशील जनसंख्या कम होती जाएगी जिससे उत्पादन स्वतः ही घटेगा। परन्तु भारत में ऐसा नहीं है। ऐसी बढ़ती जनसंख्या को घाटा स्वीकार करने वालों का तर्क यह है कि इन बच्चों के युवा होने में कई वर्ष लग जाएंगे तथा उन्हें कार्यशील और कौशलयुक्त बनाने के लिए शिक्षा जैसी कई संस्थाओं की व्यवस्था करनी पड़ेगी। उनके बेहतर स्वास्थय की देखभाल करते हुए पोषाहार के साथ में पहनने के लिए कपड़े और आवागमन के लिए यातायात साधन उपलब्ध कराने होंगे। स्पष्ट है कि ऐसे बच्चों के युवा होने तक उनके भरण-पोषण में काफी धन व्यय होगा जिसका प्रबंधन आसान नहीं होगा। ऐसे में धन की कमी के कारण आम जनता पर करों का बोझ बढ़ेगा।

निःसंदेह वर्तमान में भारत चीन के पश्चात दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला दूसरा देश है। यह भी सत्य है कि आज दुनिया की धरती पर प्रत्येक छः लोगों में एक भारतीय है। किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा इस बात पर निर्भर करती है कि हमने अपनी बढ़ती हुई जनसंख्या को राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप किस सीमा तक मानव संसाधन में रूपान्तरित किया है। देश में 1991 के बाद नवउदारवादी नीतियों के क्रियान्वयन के पश्चात यह दावा किया गया था कि आर्थिक संवृद्धि की रफ्तार तेज होने पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोक खुशहाल होंगे। परन्तु देश में उदारीकरण की नीति के बाद संगठित क्षेत्र में रोजगार को लेकर लोगों में अभी भी आक्रोश बरकरार है। यह सच है कि लोगों के पास नौकरी अथवा काम नहीं होगा तो निश्चित ही देश में बेरोजगारी बढ़ेगी, अपराध व उन्मादी गतिविधियों का ग्राफ की बढ़ेगा। लोग एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर तेजी से पलायन करेंगे।

अनुमान है कि आने वाले दो दशकों में भारत में लगभग 10 से 15 करोड़ युवा कार्यशील होंगे, जबकि ब्राजील में मात्र दो.करोड़ और चीन में तीन-चार करोड़ कार्यशील युवा ही जुड़ेंगे। आज ब्रिक देशों (ब्राजील, रूस, इण्डिया और चीन) में जन्म दर और जनसंख्या वृद्धि दर लगातार घट रही है। भविष्य में केवल भारत देश ही ऐसा होगा जहाँ कि कार्यशील और ज्ञानाश्रित युवा जनसंख्या सम्पूर्ण विश्व में अपना परचम लहराएगी। परिणामतः भारत को इस समय अपनी युवा जनसंख्या को बहुत संभालकर रखना है। आज युवा जनसंख्या को साथ लेकर सामंजस्य और समन्वयात्मक प्रयासों के साथ कार्य करते हुए उन्हें कौशलयुक्त संसाधन में रूपान्तरित करने की महती आवश्यकता है। तभी हमारी आबादी हमारे लिए वरदान सिद्ध होगी।

**(निवर्तमान प्राचार्य / प्रोफेसर, समाजशास्त्र निवर्तमान अध्यक्ष,उ0प्र0 बाल अधिकार संरक्षण आयोग, संपर्क- 9412245301)**

**विश्व स्तर पर बढ़ती हुई जनसंख्या का जो प्रमुख रूझान सामने आया है उसमें ग्रामीण आबादी का नगरों की ओर तेज होता पलायन है। आंकड़े बताते हैं कि 18वीं शताब्दी में दुनिया की 3 फीसदी से भी कम आबादी नगरों में रहती थी परन्तु 21वीं शताब्दी तक आते-आते दुनिया की यह नगरीय आबादी बढ़कर 50 फीसदी तक पहुँच गयी। आज दुनिया में एक करोड़ से भी अधिक की आबादी वाले लगभग 46 महानगर हो गए हैं। इसमें टोक्यो, शंघाई, मनीला, जकार्ता, ओसाका, करांची, ढाका और बीजिंग के साथ में भारत के दिल्ली, मुम्बई और कोलकत्ता जैसे शहर प्रमुख हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि विश्व स्तर पर अनेक ऐसे देश हैं जो अपनी सामाजिक व आर्थिक कामयाबी का परचम लहरा रहे हैं। परन्तु वहीं दूसरी ओर बढ़ती जनसंख्या और उनके मानव संसाधन के रूप में रूपान्तरित न होने के कारण से दुनिया के अनेक देश निरन्तर बिगड़ते पर्यावरण, खाद्य आपूर्ति, पानी की समस्या, भुखमरी, बेरोजगारी, आत्महत्या तथा आतंकवाद जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।**

# जलवायु पर अमीर देशों की उदासीनता खतरनाक

**प्रसंगवश**



**ललित गर्ग**

जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया एक बार फिर मिस्र के अंतरराष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन (कॉप-27) में देखने को मिली। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। कॉप-27 में मौसम में अप्रत्याशित बदलाव के कारण गरीब देशों को हुए नुकसान पर चचाएं हुई, इस तरह का नुकसान गरीब देश ही भुगतते हैं। इस सम्मेलन में इसकी भरपाई के लिए धन मुहैया कराने समेत अन्य अहम मुद्दों को लेकर गतिरोध ने इस कड़वे यथार्थ एवं खौफनाक सच को फिर रेखांकित कर दिया कि अमीर एवं शक्तिशाली देश इस वैश्विक समस्या के प्रति उदासीन है। गंभीर से गंभीरतर होते इस संकट को लेकर सम्मेलन के समापन पर ह्यनुकसान और क्षतिह्न कोष स्थापित करने पर सहमति भले ही बन गई, लेकिन यह कोष कब तक बनेगा, कौन इसमें सहयोगी होंगे और किस तरह काम करेगा, यह स्पष्ट नहीं है। सम्मेलन में स्वीकार किया गया कि पिछले सम्मेलन में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए जो संकल्प किया गया था, वह पूरा नहीं हो सका। इसलिये एक बार फिर सभी 197 देशों ने कार्बन उत्सर्जन में तेजी से कमी लाने का संकल्प किया है। कॉप-27 से इसलिए भी काफी उम्मीदें थीं कि जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अभी भी नहीं चेते तो यह समस्या हर देश, हर घर एवं हर व्यक्ति के जीवन पर अंधेरा बनकर सामने आयेगी।

भारतीय उपमहाद्वीप और कई यूरोपीय देशों को भीषण गर्मी तथा बाढ़ की मार झेलनी पड़ी है। भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। दिल्ली-एनसीआर और इसके पड़ोसी राज्यों में वायु प्रदूषण की समस्या भी जलवायु परिवर्तन से जुड़ी है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की पूर्व में जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया था कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है। देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल पा रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। गरीब लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। विस्थापन लगातार बढ़ रहा है। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है।

भारत का पडौसी देश पाकिस्तान तो इतिहास की सबसे विनाशकारी बाढ़ से अब तक नहीं उबर पाया है। धरती की आबो-हवा बिगाड़ने में रूस-यूक्रेन युद्ध ने आग में घी का काम किया है। इस युद्ध से गैस की सप्लाई में बाधा के कारण कोयला आधारित बिजलीघरों को फिर सक्रिय करना पड़ा। इससे यूरोपीय देशों में मौसम इतना गर्म हुआ कि कई नदियों का पानी सूख गया। कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए दुनियाभर में कोयले का इस्तेमाल घटाने पर जोर दिया जा रहा है, जबकि युद्ध ने कोयले का इस्तेमाल कई गुना बढ़ा दिया। एक बड़ा सवाल उठना लाजिमी है कि शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य आखिर हासिल कैसे होगा? पर्यावरण के बिगड़ते मिजाज एवं जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों ने जीवन को जटिल बना दिया है। गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए विकसित देशों को गरीब मुल्कों की मदद करनी थी। इसके लिए 2009 में एक समझौता भी हुआ था, जिसके तहत अमीर देशों को हर साल सौ अरब डालर विकासशील देशों को देने थे। पर विकसित देश इससे पीछे हट गए। इससे कार्बन उत्सर्जन कम करने की मुहिम को भारी धक्का लगा। इसलिए अब समय आ गया है जब विकसित देश इस बात को समझें कि जब तक वे विकासशील देशों को मदद नहीं देंगे तो कैसे ये देश अपने यहां ऊर्जा संबंधी नए विकल्पों पर काम शुरू कर पाएंगे।

वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। अमीर देश कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य विकासशील और गरीब देशों पर थोपने लगे हैं। अमेरिका, चीन और ब्रिटेन जैसे देश भी कोयले से चलने वाले बिजली घरों को बंद नहीं कर पा रहे। भारत के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित 11 ऐसे देश हैं जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में हैं। ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। आने वाले समय में विश्व तापमान की दशा तय करने में चीन और भारत की अहम भूमिका रहने वाली है। आखिर चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है। भारत भी चीन के साथ जुड़ इसलिए जाता है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उत्सर्जन की मात्रा साल-दर-साल बढ़ रही है। हालांकि यह भी कोई छुपा तथ्य नहीं है कि भारत जैसे देशों के लिए उत्सर्जन कम करना आसान नहीं है। इसके लिए जिम्मेदार सबसे बड़ा कारक कोयले का बहुतायत में इस्तेमाल है, जिसे रातोरात कम करना संभव नहीं। क्योंकि इसके सारे विकल्प अपेक्षाकृत महंगे पड़ते हैं।

पर्यावरण के निरंतर बदलते स्वरूप ने निःसंदेह बढ़ते दुष्परिणामों पर सोचने पर मजबूर किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। वर्तमान समय में पर्यावरण के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां गंभीर चिन्ता का विषय बनी हुई हैं। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, असंतुलित पर्यावरण, जलवायु संकट एवं बढ़ते कार्बन उत्सर्जन जैसी चिंताओं से रू-ब-रू है। जलवायु परिवर्तन के मोर्चे पर धरती की हालत ह्यमर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा कीह्न वाली है। इसीलिए कॉप-27 में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को कहना पड़ा कि हमारी पृथ्वी एक तरह से जलवायु अराजकता की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि इंसानी सभ्यता के सामने अब सिर्फ ह्यसहयोग करने या खत्म हो जानेह्न का विकल्प बचा है। जाहिर है, पानी सिर के ऊपर से गुजर चुका है। सभी देश कार्बन उत्सर्जन की रोकथाम के साथ-साथ ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटाने और जैव विविधता के नुकसान को खत्म करने के प्रयासों को जितना तेज करेंगे, उसी में सबकी भलाई है। इसके लिए वैश्विक महाअभियान इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व मानवता के प्रति बड़ा अपराध होगा, उसके विनाश का कारण बनेगा।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क, 9811051133)**

**आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। अमीर देश कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य विकासशील और गरीब देशों पर थोपने लगे हैं। अमेरिका, चीन और ब्रिटेन जैसे देश भी कोयले से चलने वाले बिजली घरों को बंद नहीं कर पा रहे। भारत के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित 11 ऐसे देश हैं जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में हैं। ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। आने वाले समय में विश्व तापमान की दशा तय करने में चीन और भारत की अहम भूमिका रहने वाली है।**

## गजल

हमारे हक में खड़े हैं तो फिर हमें क्यों इतना सता रहे हैं,
नई सियासत के ये खिलाड़ी दिये जला कर बुझा रहे हैं.
बता रहे हैं बदल रही है, पचास दिन में हमारी दुनिया,
हमारे रुपये तिजोरी इनकी, सुबह से लाइन लगा रहे हैं.
हमारी गलती कहाँ है आखिर, कोई तो आकार हमें बताए,
कभी ये सोचा तुम्हारे निर्णय हमारी मुश्किल बढ़ा रहे हैं.
न जाने दिल में छुपा है क्या क्या, न जाने इनकी नजर कहाँ है,
हिमायती हैं हमारे लेकिन हमारी बोली लगा रहे हैं.
बड़ा सरल हम समझ रहे थे, बड़ा कठिन है समझना इनको,
न जाने किस को बचा रहे हैं न जाने किस को मिटा रहे हैं.
न जाने क्या ये जता रहे हैं, हमारी किस्मत बदलनेवाले,
कहीं पे दीपक जला रहे हैं कहीं पे चादर चढ़ा रहे हैं.
किसे बताएं हम अपनी मुश्किल भरोसा हमने किया था जिन पर,
हमारी कश्ती वो नाखुदा ही, भंवर में लाके डुबा रहे हैं.



**- अशोक रावत**

## व्यंग्य



# तटबंध तोड़ती भावुकता

**अरविंद तिवारी**

कुछ लोग इतने भावुक होते हैं कि भावुकता की बाढ़ में बहते बहते विदेश पहुंच जाते हैं।वहां पहुंचकर ही वे बचाओ बचाओ कहकर चिल्लाते हैं।भावुकता की नदी से उनका जन्म जन्मांतर का नाता होता है।इधर आप पर कोई मुसीबत आती है,उधर उनकी आंखें छलछला आती हैं।कई बार आप मुसीबत के बावजूद रो नहीं पाते,तो वह आपको कायदे से रुलाने आ जाते हैं।कई बार भावुकता के बरक्स नब्बे वर्ष का व्यक्ति स्कूल के पास खुली शराब की दुकान को बंद करवाने के लिए धरने पर बैठ जाता है।लोग हंसते रहते हैं, पर वह भावुकता की नदी से बाहर नहीं निकलता।वह तंत्र को बदलने के लिए अपने फेफड़े फुलाने लगता है।सांसें जोर जोर से चलने लगती हैं।शराब की दुकान का मालिक कुछ दिनों के लिए दुकान बन्द कर देता है।वह सोचता है, बुड्ढा मरेगा सांस की बीमारी से, पर इल्जाम हम पर आएगा।

कई बार अतिरिक्त भावुकता संदेह को जन्म देती है।किसी की पत्नी के देहांत पर कोई और भावुक व्यक्ति रोने लगे, तो उस भावुक व्यक्ति के साथ मरने वाली का चरित्र भी संदेह के घेरे में आ जाता है।भावुक आदमी सोचने लगता है कि उसकी खुद की पत्नी मरी है!भावुकता सबसे पहले बुद्धि का हरण करती है।इसके बाद वह क्या क्या करती है,इसका पता तब चलता है,जब भावुकता की बाढ़ का पानी उतरता है।भावुकता में लोग उस कार्य की ज़िम्मेदारी भी ले लेते हैं,जो उनकी सामर्थ्य से बाहर होता।बाद में पछताने के आलावा कुछ नहीं बचता।दरअसल भावुकता,पछताने का ही दूसरा नाम है।

एक सज्जन रिटायर होने के कई साल बाद उस शहर में गए, जहां दशकों तक वह नौकरी में रहे थे।उस शहर के किनारे एक छोटी नदी बहती थी,जिसके पानी का उपयोग पेयजल के लिए किया जाता था।वह सज्जन एक समारोह में बोलते हुए भावुकता में बह गए।यहां तक कह गए, इस नदी का पानी पीने के कारण मेरी सभी संतानों की उत्पति हुई है।यह खबर जब अखबार में छपी तो प्रशासन चौकन्ना हो गया।विचार विमर्श होने लगा, क्या इस नदी का पानी इतना फर्टाइल है कि संतान की उत्पत्ति में सहायक है?क्या इस शहर में मेडिकल टूरिज्म की तरह फर्टीलिटी टूरिज्म शुरू किया जा सकता है?डी.एम.ऑफिस का एक बाबू जनता था कि वह सज्जन बहुत भावुक हैं।इसलिए इस मसले पर विचार विमर्श बन्द हो गया।

भावुकता की बाढ़ में नेता कभी नहीं बहते, क्योंकि भावुक आदमी चालबाज नहीं हो पाता।सियासत के जितने भी फ्रेम हैं,चालबाज पर ही फिट बैठते हैं।भावुक नेता कभी चुनाव नहीं जीत पाता।बाप,चाचा, ताऊ,भतीजे के रिश्ते नेता को भावुक होने ही नहीं देते।वहां रिश्ते जरूरत के हिसाब से निभाए जाते हैं।जब जरूरत हुई,चाचा को टांड पर रख दिया और जब जरूरत हुई तो चाचा जी टांड से फिर उतार लिया!नेता किसी पीड़ित की पीड़ा से द्रवित होकर रोता नहीं।यदि रोने लगे, तो देश में अराजकता की स्थित आ सकती है।

साहित्यकारों की बात अलग है।वह चौबीस बाई सात,भावुकता में बहते रहते हैं।उत्कृष्ट साहित्य का सृजन करने वाला साहित्यकार तो इतना भावुक होता है कि उसकी उपेक्षा कर जब किसी चिरकुट साहित्यकार को बड़ा सम्मान दिया जाता है, तो सबसे पहले वही चिरकुट को बधाई देता है।कई बार कालिदास की तरह वह भावुकता में पेड़ की उसी डाली को काटने लगता है, जिस डाली पर वह बैठा होता है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# अस्पताल छोड़कर एसपी आफिस पहुंचे चिकित्सक

**मांगा न्याय**

### महिला की शिकायत पर बाल रोग विशेषज्ञ पर दर्ज हुआ है मामला

### डॉक्टर कर रहे हैं विरोध



एसपी को पत्रक देने पहुंचे डॉक्टर।

**मीरजापुर।** मंडलीय अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. देवराज यादव के खिलाफ शहर कोतवाली में एससीएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम कराया गया है। यह मामला चुनार निवासिनी सोनी कुमारी की तहरीर पर दर्ज हुआ है।

जिसे लेकर चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। मंगलवार को एसपी कार्यालय पर पहुंचे डाक्टरों ने यूनियन के बैनर तले पत्रक सौंपा। जिसमें कहा गया है कि लगाया गया आरोप मनगढंत और बेबुनियाद हैं। आरोप लगाने वाली महिला का काम ही फर्जी मुकदमा दर्ज कराना और उसे खत्म करने के नाम पर मोटी रकम वसूलना हैं। जिसके चलते आरोप लगाने वाली महिला के ऊपर ही शहर कोतवाली में 29 जनवरी 2022 में 420 समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हैं। चिकित्सकों ने पुराने प्रकरण को भी शामिल किया हैं। जिसमें प्रसव के दौरान बरती गई लापरवाही से हुई मौत पर परिजनों ने 304 का मामला दर्ज कराया हैं। जिसमें महिला अस्पताल के सीएमएस समेत ड्यूटी से गायब रहने वाले चिकित्सकों को जिम्मेदार ठहराते हुए मामला दर्ज कराया गया है। चिकित्सकों ने दर्ज मामलों को समाप्त कर मुकदमा दर्ज कराने वालों की जांच कराए जाने की मांग की हैं।

इन्ही माँगो को लेकर डीएम को संबोधित पत्रक जिला प्रशासन को सौंपा गया। टीम में डाक्टर संजय, तरुण, डा. अशोक कुमार, डा. सुनील कुमार, डा. निलेश, डा.राकेश कुमार एवं डा. संजय प्रमुख रूप से शामिल थे।

# खंडहर बना शवदाह गृह, सुविधाएं नदारद

**यह है हाल**

### सरकार की मंशा पर फिर रहा है पानी



खुद मुखाग्नि के इंतजार में शव दाह केंद्र।

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी स्थित शवदाह गृह बदहाली की दंश झेल रहा है, शवदाह गृह मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है। सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक शवदाह गृह बदहाली की स्थिति में है। सरकार के द्वारा हर एक ग्राम पंचायत में शवदाह गृह बनवाया गया है। शवदाह गृह का निर्माण भारी-भरकम बजट से निर्माण कराया गया। निर्मित शवदाह गृह अब बदहाली के स्थिति में है, शवदाह गृह की चहारदीवारी, मकान व टीन सेट से गिर चुके हैं।

टूटी चहारदीवारी, मकान व टीन सेट का मरम्मत कराने का जहमत कोई नहीं उठा रहा है। 16 लाख की लागत से बना शवदाह गृह मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी व बिजली की व्यवस्था नदारद है। यदि शवदाह गृह पर रात में अंतिम संस्कार करने के लिए परिजन आते हैं तो परिजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शवदाह गृह पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। वहीं दूसरी तरफ परिसर में लगा हैंडपंप भी खराब पड़ा है, जिससे लोगों को पीने की पानी के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के द्वारा हर ग्राम पंचायत में शवदाह गृह बनाये जाने से गरीब व नीचे तबके के लोगों को शव का अंतिम संस्कार करने में किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना हो चूंकि मुख्यालय 40 किलोमीटर दूर है। सरकार के द्वारा हर ग्राम पंचायत में शवदाह गृह व सामुदायिक शौचालय बनवाये गए हैं जो शोपीस बने है। ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी यदाकदा दर्शन देने के लिए आते हैं तो सफाई करने की बात तो दूर है।

> शवदाह के जीर्णोद्वार के लिए बजट नहीं आया है। बजट आने पर शवदाह गृह की मरम्मत करायी जाएगी। जिससे अंतिम संस्कार करने के लिए आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना हो।
>
> **रामादेवी, ग्राम प्रधान, कलवारी माफी**

# आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का करें भौतिक सत्यापन : डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह द्वारा मीरजापुर के नगर सर्किल के अन्तर्गत थाना को0शहर, को0 कटरा, विन्ध्याचल तथा जनपद सोनभद्र के ओबरा सर्किल के अन्तर्गत थाना ओबरा, हाथीनाला, कोन, जुगैल, के लंबित विवेचनाओं के संबंध में समीक्षा की गई एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को टारगेट वेस अर्दली रूम करके विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण व विवेचना के दौरान अपराध की प्रकृति के अनुरुप सभी तथ्यों, साक्ष्यों एवं महत्वपूर्ण बिन्दुओं को शामिल करके विवेचना को सुदृढ बनाने हेतु निर्देशित किया गया। चलाए जा रहे अभियान व लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, भूमि संबंधी विवादों का समाधान थाना दिवस पर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारित कराने, रात्रि में चैराहे व तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने, पिछले 10 वर्षों में चोरी, लूट,अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा जनपद के टॉप - 10, अपराधियों के विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर ,14(1)के अंतर्गत जब्तीकरण कराये तथा महिला सम्बन्धी अपराधों, पोक्सो एक्ट सम्बन्धी प्रकरणों में प्रभारी पैरवी कर अभियुक्तो को जल्द से जल्द सजा कराना शासन की प्राथमिकता है, जिसके लिये सभी क्षेत्राधिकारीगणों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने सर्किल में ऐसे प्रकरणों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये। एन्टी रोमियो स्कॉड, महिला आरक्षियों व अन्य पुलिसकर्मियों को अपनी-अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान आदि के सहयोग से, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान आदि में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु विभिन्न कार्यक्रम व गोष्ठी करके उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं के सुरक्षार्थ यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं थाने के सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया।

### एसडीएम ने अभियान चलाकर 6 लाख रुपये की कराई वसूली

**मड़िहान।** क्षेत्र के बैंक के बकायेदारों की अब खैर नहीं, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने बैंक से आरसी जारी होने के बाद बकायेदारों के विरुद्ध सख्त है जहां उन्होंने मंगलवार को नायब तहसीलदार बिंदुनन्दन व इंडियन बैंक मैनेजर के साथ क्षेत्रीय अमीनो को भेजकर बकायदारों को घर से पकड़वाकर तहसील ले आये तो सभी बकायेदारों में हड़कम्प मच गया। पकड़े गये बकायेदारों को तहसील महकमा जेल भेजने की तैयारी में जुटा तो परिजन पैसों की व्यवस्था कर तहसील पर कुछ धनराशि जमा करते हुए बकाया पैसा जल्द जमा करने की लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसके बाद एसडीएम द्वारा बकायेदारों को छोड़ा गया। एसडीएम ने कहा कि तय समय के अन्दर यदि बकायेदार बकाया धनराशि जमा नहीं करते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जायेगा। एसडीएम ने सभी बकायेदारों को चेतावनी दिया कि अपने बकाये तत्काल जमा करें अन्यथा पकड़कर जेल भेजा जायेगा। कहा कि प्रतिदिन तहसील द्वारा बकायेदारों को पकड़कर तहसील द्वारा कार्यवाही की जायेगी। वही बकायेदारों से 26 लाख रुपये के सापेक्ष 6 लाख रुपये की वसूली किया गया। एसडीएम के इस कार्यवाही से क्षेत्र के बकायेदारों में हड़कंप मच गया।

# नशे की गिरफ्त में फंस रही है आने वाली पीढ़ी



नशीले पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते युवा

**विरोध**

### पुलिस के खिलाफ फूटा युवाओं का आक्रोश

**लालगंज।** लहंगपुर बाजार में बाजारवासियों एवं ग्रामीणों द्वाराअवैध मादक पदार्थ की धड़ल्ले से हो रही है। बिक्री के विरोध में क्षुब्ध युवा राम सेना के तत्वावधान में ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया।

लहंगपुर चौराहे पर प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए युवा राम सेना के जिलाध्यक्ष राहुल पांडेय ने कहा कि लहंगपुर बाजार समेत आस पास के गांवों में मादक पदार्थ की बिक्री खुलेआम की जा रही है। किशोर उम्र के लड़के नशे के गिरफ्त में फंस रहे है। आरोप लगाया कि पुलिस दोहरा रवैया अपना रही है। धरना-प्रदर्शन में शामिल युवा राम सेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण मौजूद रहे। अवैध ढंग से मादक पदार्थ की खुलेआम धड़ल्ले से किए जा रहे बिक्री के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अवैध मादक पदार्थ बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

# सांड़ से टकराया बाइक सवार मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**चील्ह।** सड़क दुर्घटना में सांड से टकराकर घायल हुए ट्रक मालिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चील्ह थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर गांव निवासी मूलचंद यादव 42 पुत्र श्याम लाल ऊर्फ खिल्ली यादव बीते गुरुवार को रात 10 बजे अपने बाईक द्वारा मीरजापुर से अपने घर हरसिंह पुर जा रहे थे कि चील्ह गोपीगंज मार्ग पर जैसे ही श्रीपट्टी गांव पहुंचे थे कि एकाएक सामने छुट्टा पशु सांड आ जाने के कारण उक्त पशु से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीण व परिजनों ने आनन-फानन में घायल को घायल अवस्था में मीरजापुर एक निजी अस्पताल में ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

जहां उपचार के दौरान 5 दिन बाद एक निजी अस्पताल में सोमवार की रात 10 मौत हो गई। युवक के मौत की समाचार से परिजनों में कोहराम मच गया। मूलचंद यादव ट्रक मालिक थे। मृतक को 2 पुत्र एक पुत्री है। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए मंगलवार की सुबह शव का दाह संस्कार कर दिया।

### अनियंत्रित होकर बाइक सवार रोड पर गिरकर गम्भीर

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के लखनिया मोड़ के पास बाइक सवार अहरौरा से सोनभद्र की तरफ जा रहा था कि अनियंत्रित होकर बाइक सवार डिवाइडर से जाकर टकरा गया। राहगिरों की मदद से पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँची जहां पर उपचार के बाद गम्भीर चोट होने के कारण वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया। वही बाइक सवार नशे में धुत था जो कि नाम पता बताने में असमर्थ था।

### विंध्याचल के बदल गए आयुक्त, प्रभारी बने मुथु स्वामी

**मीरजापुर।** मंगलवार को किए गए प्रशासनिक फेरबदल में विंध्याचल मंडल का प्रभारी आयुक्त मुथु कुमार स्वामी को बनाया गया है। जबकि मंडल में तैनात योगेश्वर राम मिश्र को बस्ती मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन में प्रबंध निदेशक पद पर तैनात डा. मुथुकुमार स्वामी को प्रभारी आयुक्त विंध्याचल भेजा गया है। यूपी कैडर वर्ष 2007 बैच के आईएएस डॉ. मुथु कुमार स्वामी वर्तमान कई जिले में जिलाधिकारी पद पर तैनात रहे हैं। तमिलनाडु प्रान्त के मूल निवासी डॉ स्वामी की शैक्षिक योग्यता मास्टर इन वेटनरी साइंस है। जिले में तैनात योगेश्वर राम मिश्र ने मंडल के विकास और सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर कार्यकाल के दौरान गति प्रदान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल विंध्य कारिडोर के निर्माण में विशेष रुचि लेते हुए कार्य में तेजी लाने में सफल रहें। निर्माण की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए निरंतर निरीक्षण कर योजना को मूर्त रूप देने में प्रयत्नशील रहें। सरकार की विभिन्न योजनाओं में सक्रिय भूमिका के साथ ही अपराधियों के खिलाफ काफी सख्त रवैया रहा।

# जाति के आधार पर दिया जाए आरक्षण : अध्यक्ष

**मांग**

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को सौंपा सात सूत्री ज्ञापन



पत्रक लेने पहुंचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट।

**लालगंज।** तहसील परिसर में मंगलवार को सामाजिक संगठन आइसबेस के राष्ट्रीय संयोजक धम्मगुरु अशोकानंद के नेतृत्व में लालगंज तहसील क्षेत्र के सभी भूमिहीन गरीबों के साथ उपजिलाधिकारी लालगंज को 7 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने पत्रक लेकर समस्या का समाधान करने के लिए आश्वासन दिए।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस को ज्ञापन देते हुए कहा कि गरीब मजदूर भूमिहीन परिवार को 5-5 बीघा जमीन खतौनी के साथ आवंटित किया जाए। जातिगत जनगणना करा कर जाति के आधार पर आरक्षण दिया जाए। जिसमें सभी जाति वर्गों को शिक्षा सर्विस विधायिका न्यायपालिका कार्यपालिका में बराबर की हिस्सेदारी मिल सके। ओबीसी वर्ग पर हो रहे अत्याचार को देखते हुए ओबीसी एक्ट बनाकर लागू किया जाए इसी प्रकार 7 सूत्रीय मांगों को लेकर लालगंज तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन लेते ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा द्वारा आश्वासन देते हुए बताया गया कि सभी भूमिहीनों की सूची बनवाकर जांच कराया जाएगा और पात्रता के आधार पर भूमि आवंटन करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार मौर्या, लालगंज तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार, अरविंद मौर्या एडवोकेट, राजीव कुमार गुप्ता एडवोकेट, शुभलता, शिव कुमारी, हलिया ब्लाक अध्यक्ष कलावती, बसही ग्राम सभा अध्यक्ष शांति देवी, सहित हजारों हजार की संख्या में भूमिहीन परिवार उपस्थित रहे।

# समाज के अंतिम गरीब और कमजोर व्यक्तियों तक पहुंचें सरकारी योजनायें

**कार्यक्रम**

### सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर करें गांवों का विकास : सीडीओ

### आयुक्त ने किया कार्यशाला का शुभारम्भ

**जनसंदेश न्यूज**




कार्यशाला को संबोधित करते आयुक्त बगल में है सीडीओ।

**मीरजापुर।** मंडलीय कार्यशाला का आयोजन उपनिदेशक पंचायत विंध्याचल मंडल राम जीयावन के नेतृत्व में आयुक्त विंध्याचल मंडल योगेश्वर राम मिश्रा के उद्घाटन के उपरांत प्रारंभ किया गया।

आयुक्त द्वारा मंडल के तीनों जनपदों के सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं खंड विकास अधिकारी अधिकारियों को अपने कर्तव्य एवं दायित्व का बोध करते हुए समाज के अंतिम गरीब एवं कमजोर व्यक्तियों तक सरकार के द्वारा लाभार्थी परियोजनाओं को ईमानदारी पूर्वक लागू करने हेतु कहा गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री लक्ष्मी बीएसआईएस द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को कार्यशाला में जानकारी प्राप्त करने के उपरांत गांव में जाकर ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करते हुए सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य को निर्धारित समय अंतर्गत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। उपनिदेशक पंचायत द्वारा उपस्थित लोगों को सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा नौ गोल के दृष्टिगत कार्य योजना तैयार कर कार्य कराने हेतु कहा गया।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला कंसलटेंट विनोद कुमार श्रीवास्तव द्वारा ओडीएफ प्लस के अंतर्गत मॉडल गांव बाय बनाए जाने हेतु गतिविधियों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई।

### सीएससी संचालकों ने निकाली जागरूकता बाइक रैली

**मीरजापुर।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जागरूकता बाइक रैली निकालकर किसानों को फसल बीमा योजना से अवगत कराया और इस योजना को गति देने का काम किया। जिला मुख्यालय उप कृषि निदेशक कार्यालय से आरंभ होकर बाइक रैली जनपद के विभिन्न गांवों में जाकर योजना के बारे में लोगों को जागरुक किया, रैली का शुभारंभ उप कृषि निदेशक अशोक कुमार उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी फसल की सुरक्षा हेतु किसान फसल बीमा कराने हेतु अपने नजदीकी कामन सर्विस सेंटर सीएससी के जरिए 31 दिसंबर तक कराएं। सीएससी ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक रमेन्द्र शुक्ला ने बतायाकि सीएससी केंद्र पर पंजीकरण कराते समय किसान को खसरा खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, स्वघोषित बुवाई प्रमाण पत्र की कॉपी ले करके अपनी फसल का बीमा करा सकते है, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु मीरजापुर में बीमा कंपनी एचडीएफसी एर्गो इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जिला प्रबंधक विनय यादव और लगभग 55 सीएससी केंद्र संचालक मौजूद रहे।

# दस वर्ष बाद बैंक ने बकायेदारों को भेजी पाती

**जनसंदेश न्यूज**

**मामला**

### बैंक में जाकर जानकारी लिया तो पता चला कि बैंक में पैसा ही नहीं है जमा

### महिलाओं ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**कछवां।** थाना क्षेत्र के विदापुर गांव निवासी समूह की पांच महिलाओं से लोन का दोबारा पैसा मांगा जा रहा है। वहीं महिलाओं ने स्थानीय थाना पर तहरीर देकर न्याय करने की मांग किया है। विदापुर गांव निवासिनी समूह की पांच महिलाएं जड़ावती पत्नी सरखूराम, लालती पत्नी राजेन्द्र प्रसाद, सुशिला पत्नी सादूराम, अनिता पत्नी रामराज व श्रीदेवी पत्नी विनोद कुमार द्वारा आर्यावर्त बैंक से दस वर्ष पहले दस-दस हजार रुपए लोन के आधार पर लिया गया था।

जोकि एक वर्ष बारह महिनों तक एक-एक हजार रुपए भरना था। जिसकी भरपाई महिलाओं ने एक-एक हजार रुपए हर माह देकर बारह महिनों में खत्म कर दिया। अब दस वर्ष बाद बैंक के नोटिस ने परेशान कर दिया। तब महिलाओं ने बैंक में जाकर जानकारी लिया तो पता चला कि बैंक में पैसा ही नहीं जमा किया गया है। वहीं महिलाओं का कहना है कि रमेश और संतोष नाम के दो युवकों द्वारा पैसा जमा करवाया जाता था। उनसे पता पूछने पर मिजार्पुर बताया जाता था। दोनों युवक हर महिने एक एक हजार रुपए समूह की पांचों महिलाओं से लेकर जमा करते थे।

अब बैंक द्वारा दोबारा नोटिस भेजकर दोबारा पैसा मांगा जा रहा है। इस बारे में महिलाओं ने युवकों से फोन पर वार्ता किया तो युवकों ने बोला हम खत्म करा देंगे। यहां बैंक द्वारा पैसा जमा करने का नोटिस भेजा जा रहा है। जिससे क्षुब्ध होकर महिलाओं ने स्थानीय थाना पर तहरीर देकर फ्राड युवकों पर कार्रवाई करने का मांग किया है।

## संक्षेप

### मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना योजना का 15 को मिलेगा लाभ



**मीरजापुर।** मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना कल्याण योजनान्तर्गत दुघर्टना में मृत कृषको के परिवारों को मुआवजा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी। बैठक में विभिन्न तहसीलों में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के जांचोपरान्त प्रस्तुत किये गये पत्रावलियों की समिति के द्वारा परीक्षण किया गया। तहसील सदर, लालगंज, मड़िहान एवं चुनार से 24 प्रार्थना पत्र समिति समक्ष रखा गया। परीक्षणोपरान्त 15 पत्रावलियों पर स्वीकृति प्रदान करते हुये 04 आवेदन पत्रों को पुनः जॉच हेतु लम्बित तथा 05 पत्रावलियों सही न पाये जाने पर निरस्त किया गया। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा, उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, मड़िहान अश्वनी कुमार, तहसीलदार चुनार नूपुर सिंह उपस्थित रहें।

### धान खरीद में लापरवाही करने वाले पर होगी कार्रवाई



**मड़िहान।** स्थानीय क्षेत्र के क्रय केन्द्र हिनौता व पचोखरा खुर्द का मंगलवार को उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में नामांकन रजिस्टर, टोकन रजिस्टर, कांटा व अन्य उपकरणों का निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने केन्द्र प्रभारी को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों का पारदर्शी तरीके से खरीद हो किसी भी तरह की किसानों को समस्याएं न आये एवं किसानों के साथ दुर्व्यवहार न किया जाय। एसडीएम ने कहा कि किसी भी किसानों को कोई समस्या आये तो हमारे दूरभाष पर तत्काल अवगत कराये। पारदर्शी तरीके से टोकन व्यवस्था का अनुपालन करते हुए किसानों के धान की खरीद होनी चाहिए। धान खरीद में किसी भी तरह की हीलाहवाली की शिकायत मिली तो खैर नहीं है।

### तीन चोर गिरफ्तार, मंदिर से चोरी गया सामान बरामद

**मीरजापुर।** थाना को.देहात मीरजापुर पर 21 नवम्बर को थाना को.देहात क्षेत्रान्तर्गत छिलवल नाथ मंदिर के पुजारी चमनलाल पुत्र स्व. भोलानाथ द्वारा लिखित तहरीर मंदिर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर से पीतल का गागर, तांबे का लोटा, आरती की थाली सहित अन्य सामान चोरी होने के सम्बन्ध में दिया गया। जिसके आधार पर थाना को.देहात पर धारा 380,457 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त मंदिर में चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए सामान बरामद करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को.देहात को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार को उ.नि. कमलेश सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को.देहात क्षेत्र से 03 शातिर चोरों राजन उपाध्याय पुत्र स्व.रामनारायण उपाध्याय निवासी लोहदीकला थाना को.देहात मीरजापुर, प्रदुम्न मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद मिश्रा, सुनील मिश्रा पुत्र स्व.सत्यनारायण मिश्रा निवासीगण विजयपुरा थाना को.देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से मंदिर से चोरी हुआ पीतल का गागर, तांबे का लोटा, आरती की थाली सहित अन्य सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे मंदिर से चोरी की घटना को अंजाम दिये तथा सामानों की बेचने के लिए जा रहे थे कि पकड़े गये। उक्त गिरफ्तार व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर पंजीकृत अभियोग में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया।

### सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जिला स्तरीय समिति का बैठक आहूत की गयी। जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे-सिविल सेवा परीक्षा आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, अन्य भर्ती बोर्ड, संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षाएं, जे0ई0ई0, नीट, एन0डी0ए0, सी0डी0एस0, एस0एस0सी0 इत्यादि परीक्षाओं हेतु जनपद स्तर पर अभ्यर्थियों को निःशुल्क कोचिंग का संचालन ए0एस0 जुबिली इ0का0 रमईपट्टी, में किया जा रहा है। जिसके सफल संचालन के क्रम में समिति के सदस्यों द्वारा विचार विमर्श व सुझाव प्रदान किये गये। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अगले सत्र में जिला स्तर से प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छात्रों का चयन होगा। उन्होने बताया कि भी तक कोचिंग से 03 छात्रों का चयन यू0पी0पी0पी0सी0एस0 प्री0 2021 तथा 03 छात्रों का यू0पी0पी0पी0सी0एस0 प्री0 2022में चयन हुआ। बैठक में समिति के सदस्य अपर उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अनय मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र, डायट प्राचार्य, प्राचार्य, के0बी0पी0जी0कालेज, प्राचार्य, जी0डी0बिन्नानी पी0जी0कालेज, प्रधानाचार्य, ए0एस0जुबिली इण्टर कालेज राजेन्द्र तिवारी, (सदस्य सचिव) व कोर्स-कोआर्डिनेटर, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना गौरव त्रिपाठी, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुफ्त चना का बीज पाकर खुश हुए किसान

**मड़िहान।** राजकीय कृषि बीज भंडार पटेहरा कला के तत्वाधान में रबी फसल की कृषि गोष्ठी का आयोजन ककरद पंचायत भवन पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार गांव के प्रधान पवन कुमार की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख गरिमा कोल विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी अनुज प्रताप सिंह पटेल द्वारा तथा बीटीएम सुरेश सिंह द्वारा कम पानी मे अच्छी उपज की ज्यादा मुनाफा देने वाली फसलों पर प्रकाश डालते हुए सिड्रील द्वारा उन्नतशील बीज का शोधन कर खेती करने की सलाह दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल व विशिष्ट अतिथि निवर्तमान ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह ने सरकार की मंशा को दुहराते हुए किसान हित में आय दो गुनी करने के उपाय को सराहा उन्होंने कहा अब पटेहरा ब्लाक भी उन्नतशील खेती के लिए जाना जाने लगा उदाहरण के लिए उद्यान बिभाग व कृषि विभाग द्वारा उपजाऊ बीज देकर किसानो को प्रेरित करने की सराहना की। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा सैकड़ों किसानों को मुफ्त में एक एक बीघे के लिए चना का बीज वितरण किया। मुफ्त में चना का बीज पाकर किसान चहक उठे। कार्यक्रम में प्रधान ककरद पवन कुमार, पिउरी राधेश्याम मौर्य, ठाकुर प्रसाद उपाध्याय, हौशिला प्रसाद मिश्र, ठाकुर प्रसाद पाण्डेय, राहुल मिश्र, विजय कुमार दूबे के साथ सैकड़ो किसानों ने प्रतिभाग कर लाभ लिया।

### गुरुकृपा में निहित है विचारों की दिव्य दृष्टि का स्रोत : स्वामी भावानंद

**लालगंज।** परमहंस आश्रम जैकर में स्वामी भावानंद महाराज ने कहा कि संसार विचारों के दृश्य से चलता है उसकी अपनी शक्ति और व्यवस्था है विचारों की दिव्य दृष्टि का स्रोत गुरुकृपा में निहित है। उन्होंने कहा कि धरती पर देवता और असुर दोनों का निवास करते हैं लेकिन देवत्व की सृष्टि में शांति, ऐश्वर्य और त्याग तपस्या संस्कार का विकास स्वर्ग को फीका बनाए रखता है। जिसके कारण असुर देवत्व से संघर्ष करते रहते हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख जय कुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह यादव, योगेश यादव, गणेश यादव, राहुल सोनी, भोला मौर्य, सिपाही कोल, हिंछलाल कोल, शंभू पाल व पुलिस फोर्स के साथ हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### एसडीएम की मौजूदगी में की गई धान की क्रॉप कटिंग

**जिगना।** विंध्याचल थाना अंतर्गत रामपुर कौड़ियरा में उपजिलाधिकारी चंद्रभानु सिंह के मौजूदगी में धान की क्रॉप कटिंग की गई। केंद्र सरकार के मानक के अंतर्गत और एचडीएफसी बीमा कंपनी ने क्रॉप कटिंग कर धान की तौल कर अनुमानित उपज दर निकाला गया। जिसमें पता चला कि 43.3 वर्ग मीटर के सापेक्ष 84 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त हुआ। एसडीएम चंद्रभानु सिंह, कानूनगो देव कुमार सिंह, ग्राम प्रधान विकास कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल श्याम जी सिंह, संतोष दुबे, राम कुमार मौर्य, पूर्व प्रधान रिंकू सरोज, किसान परिवार दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री की मनाई गई जयंती

**जमालपुर।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमालपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अविस्मरणीय क्षणों को याद किया गया। सयूस के जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि धरतीपुत्र नेता जी ने हर एक क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान मंटू मौर्य, जटाशंकर यादव, गुड्डू खान, अरविंद केशरी, परवेज, पप्पू पटेल, जयप्रकाश यादव, धर्मेंद्र,अकरम सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स



दोहा में सेनेगल और नीदरलैंड के बीच हुए मैच में हैडर करते हुए विर्जिल वेन डिजक।

# भारत-न्यूजीलैंड तीसरा टी20 डीएलएस के तहत टाई, टीम इंडिया ने 1-0 से सीरीज अपने नाम की

## सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था जबकि दूसरा भारतीय टीम ने जीता था

**नेपियर।** भारत और मेजबान न्यूजीलैंड के बीच यहां खेले गये तीसरे और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में बारिश की बाधा के कारण परिणाम नहीं निकल पाया और मैच टाई हो गया। इस प्रकार भारतीय टीम ने ये सीरीज 1-0 से जीत ली है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था जबकि दूसरा भारतीय टीम ने जीता था। अब इस तीसरे मैच के टाई होने के साथ ही उसके नाम सीरीज हो गयी। इस मैच में मेजबान कीवी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डेवोन कॉनवे 59 और ग्लेन फिलिप्स 54 के अर्धशतकों की



सहायता से 19.4 ओवर में 160 रन बनाए। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 161 रनों का लक्ष्य मिला।

इसका पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 9 ओवर में 4 विकेट खोकर 75 रन बना लिए थे पर इसके बाद बारिश के कारण मैच रुक गया जो फिर शुरू नहीं हो पाया। ऐसे में अंपायरों ने डकवर्थ लुइस प्रणाली के आधार पर मैच टाई घोषित कर दिया क्योंकि नियम के मुताबिक टीम इंडिया दिये गये लक्ष्य के बराबर थी। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 21 रनों पर ही ईशान किशन 10 , ऋषभ पंत 11 के विकेट खो दिये। बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी नाकाम रहे और खाता तक नहीं खोल पाये। पिछले मैच में शतक लगाने वाले सूर्यकुमार यादव भी 13 रन ही बना पाये। इसके बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने नाबाद 30 और दीपक हुड्डा ने नाबाद 9 रन बनाकर टीम को संभाला।

वहीं इससे पहले मेजबान कीवी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरू की पर टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने उसे शुरू में ही झटका दे दिया। अर्शदीप ने एलन फिन को 3 रनों पर ही आउट कर दिया। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने मार्क चैपमैन को 12 रन पर पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद फिलिप्स और कॉनवे की जोड़ी ने टीम को संभाला और स्कोर को 146 रन तक पहुंचाया। इस दौरान इन दोनों ही बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाये।

वहीं जब मेजबान टीम बड़े स्कोर की तरफ बढ़ती दिख रही थी पर अर्शदीप ने कॉनवे को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इसके बाद सिराज ने जिमी नीशम और मिचेल सैंटनर के विकेट लिए। अर्शदीप के अगले ओवर में तीन खिलाड़ी आउट हुए पर डैरेल मिचेल, ईश सोढ़ी और फिर एडन मिल्ने ने किसी प्रकार स्कोर 160 रनों तक पहुंचा दिया।

इस मैच में कॉनवे और फिलिप्स के अलावा कोई अन्य कीवी बल्लेबाज टिक नहीं पाया। वहीं भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 4-4 विकेट लिए। सिराज ने 17 जबकि अर्शदीप ने 37 रन दिये।

### ऋषभ न्यूजीलैंड दौरे में भी विफल रहे

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए विश्वकप के बाद न्यूजीलैंड भी अच्छा नहीं रहा। वह दूसरे में 6 जबकि तीसरे मैच में 11 रन ही बना पाये। वहीं एक अन्य विकेटीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को खेलने का ही अवसर नहीं मिला। ऋषभ इस साल 2022 में 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय में केवल एक ही अर्धशतक लगा पाये। टी20 विश्व कप में उन्हें 2 मैच में ही अवसर मिला था। इस दौरान वे 3 और 6 ही रन बना सके थे। ऋषभ ने इस साल 21 की औसत से 364 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 133 का रहा। इसमें नाबाद 52 रन की सबसे बड़ी पारी खेली। दूसरी ओर ईशान किशन ने 2022 में 16 मैच में 30 की औसत से 476 रन बनाए हैं। जिसमें 3 अर्धशतक शामिल हैं।स्ट्राइक रेट 128 का है। ईशान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में 36 जबकि तीसरे मैच में 10 रन बनाए थे। वहीं सैमसन को इस साल केवल 6 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने के अवसर ही मिले।



### नैनीताल से लौटे विराट-अनुष्का, हल्द्वानी के इस रेस्टोरेंट का खाया खाना, पहाड़ी व्यंजन का उठाया लुत्फ

**हल्द्वानी/भवाली :**नैनीताल में छह दिन बिताने के बाद विराट, अनुष्का और उनकी बेटी वामिका आज यहां से लौट गए। सोमवार को सैनिक स्कूल घोड़ाखाल स्थित हैलीपैड से वे हेलीकॉप्टर से रवाना हो गए। इस दौरान सैनिक स्कूल में उन्होंने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई और उन्हें ऑटोग्राफ भी दिया। वहीं, अनुष्का शर्मा ने खिली धूप के साथ सेल्फी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। विराट के लौटने के बाद अब जाकर जानकारी सामने आ सकी है कि इतने वह कहां ठहरे थे। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 16 नवंबर को यहां पहुंचे थे। इसके बाद वह भवाली के पास ढूंगाडी पहुंचे और वहीं एक विला में ठहरे। उन्होंने अपने दौरे को बेहद निजी बनाकर रखा था। अगले दिन यानी 17 नवंबर को वह तड़के वह बाबा नीम करौली के कैंची धाम पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना व आरती में शामिल हुए। 18 नवंबर को वह काकड़ीघाट स्थित बाबा के आश्रम पहुंचे। वहीं शनिवार को उन्होंने नैनीताल के हनुमानगढ़ी व भूमियाधार हनुमान मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों संग फोटो भी खिंचवाई।

## सूर्यकुमार यादव ने जीता 'प्लेयर आफ द सीरीज' का खिताब, टी20 सीरीज में बनाए सबसे ज्यादा रन

### दूसरे टी20 मैच में जो 51 गेंदों पर नाबाद 111 रन की पारी खेली थी

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया तीसरा टी20 मुकाबला डकवर्थ-लुईस नियम के हिसाब से टाई हो गया। वहीं इस मैच के टाई होने के साथ ही भारतीय टीम ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 से जीत दर्ज की। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारत ने पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर टी20 सीरीज जीतने में सफलता हासिल की। तीसरे मैच में जहां मो. सिराज को प्लेयर आफ द मैच चुना गया तो वहीं सूर्यकुमार यादव को प्लेयर आफ द सीरीज का खिताब दिया गया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए तीन मैचों की टी20 सीरीज में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले



बल्लेबाज सूर्युकमार यादव रहे। इसमें भी उन्होंने दूसरे टी20 मैच में जो 51 गेंदों पर नाबाद 111 रन की पारी खेली थी वो अपने आप में कमाल का था और इसे हमेशा याद रखा जाएगा। इस सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से रद हो गया था तो वहीं तीसरे मैच में सूर्यकुमार यादव ने 13 गेंदों पर 13 रन की पारी खेली।

सूर्यकुमार यादव इस सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज तो रहे ही साथ ही वो दोनों टीमों की तरफ से भी सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पहले नंबर पर रहे। उन्होंने 2 मैचों की 2 पारियों में 124.00 की औसत से 124 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 203.27 का रहा। इस सीरीज में उन्होंने 12 चौके व 8 छक्के लगाए साथ ही बेस्ट स्कोर नाबाद 111 रन रहा। वहीं भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर इशान किशन रहे जिन्होंने दो मैचों में 46 रन बनाए जबकि तीसरे नंबर पर कप्तान हार्दिक पांड्या रहे जिन्होंने 2 मैचों में 43 रन बनाए।

### सचिन कमाई के मामले में अब भी शीर्ष पर, विराट दूसरे और धोनी तीसरे नंबर पर

**मुम्बई।** विश्व क्रिकेट में सबसे धनी पांच क्रिकेटरों में से तीन भारतीय और दो विदेशी हैं। सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी , विराट कोहली के अलावा इसमें रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे क्रिकेटर शामिल हैं। इन क्रिकेटरों में से केवल आज विराट कोहली ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और धोनी आईपीएल खेलते हैं। बाकि ने खेल से संन्यास ले लिया है।



सचिन , धोनी और विराट साल 2022 के सबसे धनी क्रिकेटरों में शामिल हैं। ये खिलाड़ी विज्ञापन और कारोबार से भारी कमाई कर रहे हैं। सचिन और धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जबकि विराट अभी खेल रहे हैं। वह वेतन और केन्द्रीय अनुबंध से ही करोड़ों की रकम कमा रहे हैं।

सचिन तेंदुलकर : साल 2013 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले सचिन का क्रिकेट करियर सबसे लंबा रहा है। उन्होंने 24 साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई बड़े रिकार्ड अपने नाम किये हैं। आज भी दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटरों में से एक हैं। संन्यास के एक दशक के बाद भी विज्ञापन जगत में वह छाये हुए हैं। उनका देश और विदेश के कई ब्रांड के साथ करार हैं। जिनसे वह करोड़ों रुपये कमाते हैं। वह करीब 170 मिलियन डॉलर की संपत्ति के मालिक होंने के साथ ही कमाई के मामले में नंबर एक स्थान पर हैं।

## फीफा वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा उलटफेर: खिताब की दावेदार अर्जेंटीना को 49वें नंबर की टीम सउदी अरब ने 2-1 से हराया

**कतर।** मंगलवार को फीफा वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। खिताब की दावेदार मानी जा रही अर्जेंटीना को दुनिया की 49वें नंबर की टीम सऊदी अरब ने 2-1 से हरा दिया। इसके साथ ही अब ग्रुप-उ में अर्जेंटीना आखिरी पायदान पर पहुंच गई है।

सऊदी अरब ने दूसरे हाफ में आक्रमक खेल दिखाते हुए दो गोल किए। पहले 48वें मिनट में अल-शाहरानी ने गोल दागा। इसके बाद सलेम अल-दावसारी ने 53वें मिनट में गोल किया। अर्जेंटीना की ओर से लियोनल मेसी ने 10 वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया था। इसके बाद उनकी टीम एक भी गोल नहीं कर पाई।

इस हार के साथ अर्जेंटीना के लगातार 36 मैचों में अपराजेय रहने का क्रम टूट गया। इस दौरान वह 25 मैच जीता था और 11 ड्रॉ खेले थे। अब अर्जेंटीना का



मुकाबला 27 नवंबर को मेक्सिको और 30 दिसंबर को पोलैंड से होगा। सऊदी अरब की विश्व कप इतिहास में यह तीसरी जीत है। सऊदी अरब से हारने के बाद अब अर्जेंटीना के दो मैच बचे हैं। राउंड ऑफ 16 में जाने के लिए अब उसे अपने दोनों मैच हर हाल में जीतने होंगे।

अर्जेंटीना ने शुरूआत में अच्छा गेम खेला, लेकिन टीम के प्लेयर्स ने बहुत बार ऑफसाइड कर दिया। अर्जेंटीना ने 7 बार ऑफसाइड किया। अर्जेंटीना के लिए दूसरा गोल लोटारो मार्टिनेज ने कर दिया था, लेकिन उसे रेफरी ने ऑफसाइड की वजह से कैंसिल कर दिया। मेसी का भी एक गोल ऑफसाइड हुआ।

### डेविड वार्नर ने 1043 दिन के बाद लगाई वनडे सेंचुरी आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में आस्ट्रेलिया के दोनों ओपनर बल्लेबाजों ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया और इनकी इस पारी के दम पर कंगारू टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 48 ओवर में 5 विकेट पर 355 रन बनाए। बारिश की वजह से इस मैच को 48-48 ओवर का कर दिया गया था। इस मैच में डेविड वार्नर ने 1043 दिनों के बाद अपना 19वां वनडे शतक पूरा किया जबकि हेड ने अपने वनडे करियर का तीसरा शतक लगाया। इस मैच में डेविड वार्नर ने 102 गेंदों पर 2 छक्के व 8 चौकों की मदद से 106 रन की पारी खेली और ये उनके वनडे करियर का 19वां शतक था। वहीं ट्रेविस हेड ने 130 गेंदों पर 4 छक्के व 16 चौकों की मदद से 152 रन बनाए और ये उनके वनडे करियर की अब तक की बेस्ट पारी रही साथ ही तीसरा वनडे शतक रहा। इन दोनों बल्लेबाजों ने इस मैच में पहले विकेट के लिए 269 रन की जबरदस्त साझेदारी की।



### प्रचार में रवींद्र जडेजा की पत्नी और बहन आमने-सामने, आयोग तक पहुंचा मामला

**जामनगर।** गुजरात में चुनाव प्रचार जोरों पर है। सभी पार्टियां इसके लिए जोर आजमाइश कर रही है। वहीं टीम इंडिया के क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा बीजेपी की



ओर से जामनगर-78 विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। रीवाबा अपने विधानसभा क्षेत्र में इस समय जोरदार प्रचार कर रही है। हाल में उनके चुनाव प्रचार में बड़ी संख्या में बच्चे नजर आए। इस मामले को लेकर उनके ननद नयनबा जडेजा के बीच तीखी बहस हो रही है। पूरा मामला चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। नयनाबा जडेजा ने पत्रकारों से बातचीत में रीवाबा जडेजा पर चौंकाने वाले आरोप लगाए। उन्होंने अपने फायदे के लिए छोटे बच्चों के इस्तेमाल की भी बात कही। रीवाबा के प्रचार में छोटे-छोटे बच?चों को लाया गया, जो 10 साल से कम उम्र के दिखते हैं। क्या उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि बाल श्रम के लिए कानून बनाया गया है। इस प्रकार इसे बाल श्रम कहा जा सकता है। सेलिब्रिटी स्टेट्स का व्यक्ति अपनी रैली में छोटी-छोटी गलतियों का इस्तेमाल कर लोगों की भावनाओं और वोटों को हासिल करना चाहता है। हमने चुनाव प्रचार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अब चुनाव आयोग क्या कार्रवाई करेगा? यही हमारा सवाल है।




दोहा में इंग्लैंड और ईरान के बीच हुए मैच में टीमों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रशंसक।

### जगदीशन को रिलीज करना सीएसके को भारी पड़ा , कीमत करोड़ों में पहुंची

**मुम्बई।** तमिलनाडु के इस युवा बल्लेबाज एन जगदीशन ने घरेलू लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के साथ ही सबका ध्यान खींचा है। जगदीशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाते हुए 277 रन बनाये। जगदीशन ने अपनी इस पारी में 25 चौके और 15 छक्के लगाये। इससे पहले लिस्ट-ए में सबसे बड़ी 268 रन की पारी का रिकॉर्ड इंग्लैंड के एलेस्टेयर ब्राउन के नाम था। जगदीशन अब लिस्ट-ए क्रिकेट के लगातार 5 मैचों में 5 शतक लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं। इससे पहले उन्होंने हरियाणा के खिलाफ 128, गोवा के खिलाफ 168, छत्तीसगढ़ के खिलाफ 107 और आंध्रा के खिलाफ नाबाद 114 रन बनाए थे। जगदीशन की इस पारी को देखकर आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को जरुर पछतावा हो रहा होगा।



दोहा में इंग्लैंड के गोलकीपर जोर्डन पिकफोर्ड फीफा विश्वकप फुटबॉल मैच में गेंद रोकने का प्रयास करते हुए।

# आप को भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद, सीएम पटेल खुद से नहीं बदल सकते अपना चपरासी

## गुजरात के लोगों के पास केवल दो ही विकल्प, एक इसुदान गढ़वी और दूसरे भूपेंद्र पटेल। ऐसे में आप किसे वोट देंगे यह आप पर निर्भर

**द्वारका।** इन दिनों पूरे देश की नजर गुजरात विधानसभा चुनाव पर टिकी हुई हैं। पीएम मोदी का गृह राज्य होने के कारण यहां का हर चुनाव अहम होता है। गुजरात में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियों के बीच जुबानी जंग भी तेज होती जा रही है। इस बीच, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सीएम भूपेंद्र पटेल पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को देवभूमि द्वारका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भूपेंद्र पटेल को सीएम के रूप में कठपुतली बताया। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र पटेल गुजरात के 'कठपुतली मुख्यमंत्री' हैं जो अपना चपरासी भी नियुक्त नहीं कर सकते। इस दौरान केजरीवाल ने यह भी कहा कि



आम आदमी पार्टी को भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त है।

गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के सीएम पद के उम्मीदवार इसुदान गढ़वी के लिए देवभूमि द्वारका जिले के खंभालिया में प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि भाजपा और कांग्रेस के बीच में गुप्त समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों के सामने दो चेहरे हैं। एक इसुदान गढ़वी और दूसरे भूपेंद्र पटेल। ऐसे में आप किसे वोट देंगे यह आप पर निर्भर है।

***इसुदान गढ़वी के लिए केजरीवाल ने मांगे वोट***

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वी एक किसान के बेटे हैं। वे युवा और शिक्षित व्यक्ति हैं जिनका दिल गरीबों के लिए धड़कता है। इस दौरान दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने इसुदान गढ़वी के पत्रकारिता के दिनों की चर्चा करते हुए कहा कि जब उन्होंने टीवी पर एक शो की मेजबानी की, तो उन्होंने किसानों के मुद्दों को उठाया था। वे'तू-तू-मैं-मैं' में शामिल नहीं हुए। उन्होंने किसानों के लिए काम किया है और किसानों और बेरोजगार युवाओं के लिए अपना जीवन समर्पित किया है।

***सीएम पटेल को बताया कठपुतली***

भाजपा उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए आप के संयोजक ने कहा कि दूसरी ओर, भूपेंद्र पटेल हैं। सीएम होने के बाद भी उनके पास कोई शक्ति नहीं है। वह एक 'कठपुतली' वाले मुख्यमंत्री हैं। आलम यह है कि वे खुद से अपना चपरासी भी नहीं बदल सकते। भले ही वे एक अच्छे और धार्मिक व्यक्ति हैं, लेकिन कोई उनकी बात ही नहीं सुनता।

***अमित शाह पर भी साधा निशाना***

इस दौरान आप संयोजक केजरीवाल ने सोमवार को खंभालिया में हुई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री की रैली में कुर्सियां खाली थीं। खंभालिया के लोग उनकी रैली में शामिल नहीं हुए और आज हजारों लोग यहां आए हैं।

### आज होगा आफताब का पॉलीग्राफी टेस्ट, पूछे जाएंगे 50 से ज्यादा सवाल

**नई दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड के आरोपित आफताब अमीन पूनावाला का आज यानी बुधवार को दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 14 स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फारेंसिक लैब) में होगा। इसके अगले दिन बृहस्पतिवार को रोहिणी स्थित बाबा साहब अम्बेडकर अस्पताल की आइसीयू में नार्को टेस्ट होगा। दोनों ही टेस्ट के लिए फारेंसिक मनोविज्ञानी 50 से अधिक प्रश्न तैयार करने में जुटे हुए हैं। नार्को टेस्ट के लिए अम्बेडकर के डॉक्टर नवीन के नेतृत्व में दो लोगों की टीम गठित की गई है। साकेत कोर्ट के मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने मंगलवार को विशेष सुनवाई के दौरान श्रद्धा हत्याकांड मामले के आरोपित आफताब की पुलिस रिमांड बढ़ा दी। कोर्ट ने पुलिस की अपील पर आरोपित की पुलिस रिमांड चार दिन के लिए बढ़ाई है। इस दौरान आरोपित आफताब को कोर्ट के सामने पेश किया गया। आरोपित ने अब तक महरौली से गुरुग्राम जाने वाले मार्ग पर स्थित दुकान की पहचान नहीं की है जहां से उसने वारदात में प्रयुक्त हथियार खरीदा था।

### सौमेंद्र पाधी की फिल्म से डेब्यू करेंगी सलमान खान की भांजी अलीजेह, शुरू की शूटिंग



**नई दिल्ली।** बीते लंबे वक्त से अतुल और अलवीरा अग्निहोत्री की बेटी और सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री के बॉलीवुड में डेब्यू की खबरें आ रही थीं। अब उनके डेब्यू प्रोजेक्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है, जिसमें बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता की फिल्म में नजर आने वाली हैं। अलीजेह की इस डेब्यू फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विनर निमार्ता सौमेंद्र पाधी इस प्रोजेक्ट का निर्देशन करने वाले हैं और उन्होंने अपनी इस फिल्म की शूटिंग को भी शुरू कर दिया है। उम्मीद लगाई जा रही कि अलीजेह की ये फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। आपको बता दें कि सौमेंद्र पाधी को उनके कल्ट शो जामताड़ा सीजन 1 और 2 के लिए जाना जाता है, जिसमें उन्होंने फिल्मी क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है और उन्होंने अपनी फिल्म बुधिया सिंहः बॉर्न टू रन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजा गया है। बता दें कि अलीजेह अक्सर सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने चाहने वालों के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें साझा कर ट्रीट देती रहती हैं।

## खास खबर

### क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका पर 28 नवंबर को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित बिचौलिये क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका पर 28 नवंबर को सुनवाई करेगा। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई हो सकती है।

### गोद लिए बच्चे को भी वास्तविक संतान की तरह ही अधिकार, मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट का फैसला

बेंगलुरु, प्रेट्रः गोद लिए हुए बच्चे के भी वास्तविक संतान की तरह ही अधिकार हैं और दोनों के बीच कोई अंतर नहीं है। अनुकंपा आधार पर नियुक्ति को लेकर उन दोनों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है। यह व्यवस्था कर्नाटक हाई कोर्ट ने दी। कोर्ट ने कहा कि यदि ऐसा भेदभाव किया जाता है तो फिर गोद लेने का कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश सूरत गोविंदराज और जस्टिस जी बासवराजा की खंडपीठ ने कर्नाटक सरकार के अभियोजन विभाग की दलील को खारिज करते हुए कहा कि हमारे विचार में मौजूदा नियमों के आधार पर अभियोजन विभाग और सहायक लोक अभियोजक द्वारा गोद लिए हुए बेटे तथा जैविक बेटे के बीच भेद करने का मामले में कोई असर नहीं पड़ेगा।

### राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के मुद्दे पर सुनवाई

केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के मुद्दे पर सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श बैठकें की हैं और 14 राज्यों ने अपनी रिपोर्ट सौंपी है।

## फिर शर्मसार हुई दिल्ली, कालका पब्लिक स्कूल में तीसरी की छात्रा से यौन शोषण

### सफाईकर्मी गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर दरिंदगी की घटना से शर्मसार है। इस बार हैवानियत की शिकार तीसरी कक्षा की एक मासूम हुई है। जानकारी के मुताबिक, दक्षिणी दिल्ली स्थित कालका पब्लिक स्कूल में तीसरी की छात्रा के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। स्कूल के एक सफाईकर्मी पर छात्रा के साथ घिनौनी वारदात को अंजाम देने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपित सफाईकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल मामले को लेकर पूरी जानकारी सामने आना बाकी है। गौरतलब है कि दिल्ली में इससे पहले भी स्कूल में छात्राओं के साथ हैवानियत की खबर सामने आती रही हैं। इसी साल 6 अक्टूबर को दिल्ली के केंद्रीय विद्यालय में 11 साल की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने सबको हैरान कर दिया था। स्कूल के ही दो सीनियर छात्रों पर छात्रा से दरिंदगी का आरोप लगा था। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि जुलाई में उसके साथ स्कूल के दो सीनियर लड़कों ने इस वारदात को अंजाम दिया। क्लास में जाने के दौरान 11 वर्षीय छात्रा सीनियर छात्रों से टकरा गई। नाबालिग पीड़िता ने बताया कि इसके बाद दोनों लड़के उसे बुरा-भला कहने लगे। छात्रा ने दोनों लड़कों से माफी भी मांगी। बावजूद उसके दोनों सीनियर छात्र छात्रा के साथ गाली-गलौज करने लगे। फिर दोनों उसे स्कूल के टॉयलेट में ले गए और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित दोनों लड़के 11वीं-12वीं कक्षा के छात्र हैं। दिल्ली की महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इस मामले में स्कूल के प्रिंसिपल को नोटिस जारी किया था।

### तोशखाना मामले में बढ़ी पूर्व पीएम इमरान खान की मुश्किलें, आपराधिक कार्यवाही हुई शुरू

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ तोशखाना मामले में एक आदलत ने कार्यवाही शुरू कर दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, तोशखाना उपहारों के बारे में जानकारी छिपाने के लिए इमरान खान के खिलाफ एक याचिका दायर की गई थी। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए इमरान खान ने कई उपहारों को तोशाखाना से खरीदा था। बता दें कि तोशखाना एक कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है, जो अन्य सरकारों और राज्यों के प्रमुखों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को संग्रहीत करता है। बता दें कि इमरान खान के खिलाफ कार्यवाही, पाकिस्तान के चुनाव आयोग की शिकायत पर शुरू की गई थी, जब इमरान खान के चुनाव पत्रों में झूठे बयानों और गलत घोषणा का दोषी पाया गया था। शिकायतकर्ता ने कहा कि खान ने विशेष रूप से वर्ष 2018 और 2019 में तोशखना उपहारों से संबंधित अपनी संपत्ति को जानबूझकर छुपाया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने जिला चुनाव आयुक्त वकास मलिक का बयान दर्ज करने के बाद इमरान खान के खिलाफ मामले की सुनवाई 8 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

## उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण पर यूएन में रूस-चीन से अमेरिका व सहयोगी देशों का टकराव

### भारत ने भी उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा उत्तर कोरिया के हालिया अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) परीक्षण को लेकर संयुक्त राष्ट्र में जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। इसके लिए उत्तर कोरिया पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं, रूस और चीन ने उत्तर कोरिया पर किसी भी दबाव व प्रतिबंध का तीखा विरोध किया। भारत ने भी उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण की निंदा की है।



संयुक्त राष्ट्र में उत्तर कोरिया को लेकर सोमवार को बुलाई गई सुरक्षा परिषद की आपत बैठक में अमेरिकी राजदूत लिंडा थामस ग्रीनफील्ड ने कहा कि बाइडन प्रशासन उत्तर कोरिया द्वारा अवैध ढंग से मिसाइल परीक्षण लांच करने व क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने के लिए अन्य खतरनाक गतिविधियों की निंदा करता है। कहा, वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा उत्तर कोरिया के सभी मिसइल व परमाणु परीक्षणों को प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव करता है। इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए सभी 15 सदस्यों की सहमति अनिवार्य है। जबकि रूस और चीन ने सोमवार को संकेत दे दिया कि वे उत्तर कोरिया पर किसी भी कार्रवाई का जोरदार विरोध करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र में रूस की उप राजदूत अन्ना इवस्टिग्नीवा ने कहा कि अमेरिका उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों के जरिये एकतरफा निरस्त्रीकरण के लिए दबाव डाल रहा है। उन्होंने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास व अमेरिका और दक्षिण कोरिया के नौसैनिक अभ्यास का उल्लेख करते हुए कहा कि इसने उत्तर कोरिया को बचाव में आइसीबीएम लांच के लिए मजबूर किया। वहीं, चीन ने राजदूत झांग जूं ने कहा मामले शांत करने के लिए संवाद की जरूरत है। ऐसा नहीं हुआ तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी।

भारत संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद की बैठक में उत्तर कोरिया की आइसीबीएम परीक्षण की निंदा की। उन्होंने कहा यह परीक्षण संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है। यह क्षेत्र में तनाव बढ़ाने वाला है। उलेखनीय है कि यह मिसाइल अमेरिका तक मार करने व परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।

बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत थामस ग्रीनफील्ड ने सुरक्षा परिषद के आठ सदस्य देशों- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, भारत, संयुक्त अरब अमीरात, आयरलैंड, नार्वे व अल्बानिया और साथ ही जनवरी में शामल होने जा रहे दक्षिण कोरिया, जापान व चार अन्य देशों की ओर से समर्थित एक प्रस्ताव पढ़ा। जिसमें उत्तर कोरिया की आइसीबीएम मिसाइल लांच करने की निंदा की गई और उत्तर कोरिया को बैलेस्टिक मिसाइलों व परमाणु हथियारों को सीमित करने को लेकर कार्रवाई की मांग की गई।

## यूएन तक पहुंची श्रद्धा वालकर हत्या की आंच, गुटेरेस बोले- हर 11 मिनट में 'अपने' ही ले रहे जान

### दिल्ली के श्रद्धा वालकर हत्याकांड की जांच को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भी चर्चा



**संयुक्त राष्ट्र।** दिल्ली के श्रद्धा वालकर हत्याकांड की जांच को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भी चर्चा हुई। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटेरेस ने कहा है कि हर 11 मिनट में एक महिला या लड़की की हत्या किसी करीबी साथी या परिवार के सदस्य द्वारा की जाती है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने इस वैश्विक संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजनाओं को लागू करने के लिए सरकारों से आह्वान किया है। महासचिव गुटेरेस ने 25 नवंबर को मनाए जाने वाले महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के पूर्व यह बात कही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा दुनिया में सबसे व्यापक मानव अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि हर 11 मिनट में एक महिला या लड़की को एक अंतरंग साथी या परिवार के सदस्यों द्वारा मार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि कोरोना महामारी से उपजे तनाव और आर्थिक उथल-पुथल हिंसा और शोषण का प्रमुख कारण बने हैं। गुटेरेस की यह टिप्पणी हाल में हुए श्रद्धा वाकर हत्याकांड की पृष्ठभूमि में आई है। इस हत्या ने भारत को झकझोर कर रख दिया है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि महिलाओं एवं लड़कियों को भी बड़े पैमाने पर आनलाइन हिंसा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आधी मानवता को लक्षित करने वाले इस भेदभाव हिंसा और दुर्व्यहार की भारी कीमत चुकानी पड़ती है। यह जीवन के सभी क्षेत्रों में लड़कियों की भागीदारी को सीमित करता है।

## मनोज तिवारी 51 साल की उम्र में फिर बनने जा रहे हैं पिता, पत्नी की गोद भराई की वीडियो वायरल

### भोजपुरी सिनेमा के सितारे और उनके फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर बधाई दे रहे



**नई दिल्ली।** अपनी शानदार सिंगिंग और अभिनय से भोजपुरी सिनेमा में सुपरस्टार का खिताब हासिल करने वाले एक्टर मनोज तिवारी ने आज के समय में भले ही फिल्मों से दूरी बना ली हो, लेकिन वह अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में आ ही जाते हैं। मनोज तिवारी के घर पर जल्द ही खुशियां दस्तक देने वाली हैं। 51 साल की उम्र में भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार एक बार फिर से पिता बनने जा रहे हैं और इस खुशी को खुद उन्होंने अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उनके इस वीडियो को देखने के बाद अक्षरा सिंह सहित भोजपुरी सिनेमा के सितारे और उनके फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर बधाई दे रहे हैं।

एक्टर और राजनेता मनोज तिवारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर पत्नी की गोदभराई का एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्टर के चेहरे की खुशी से ये साफ जाहिर है कि वह अपने घर में नन्हें मेहमान के आने का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस वीडियो में उनकी पत्नी बिलकुल नई नवेली दुल्हन की तरह सजी हुई नजर आ रही हैं और बेबी बंप के साथ उनके चेहरे का ग्लो देखते ही बन रहा है। इस वीडियो में मनोज तिवारी और उनकी पत्नी सुरभि तिवारी की बेटी भी नजर आ रही हैं। इस दिल छू लेने वाली वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने के साथ ही एक प्यार भरे कैप्शन में लिखा, 'कुछ खुशियों को हम शब्दों में बयां नहीं कर सकते, बस महसूस कर सकते हैं। मनोज तिवारी द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए इस वीडियो को देखने के बाद भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने कमेंट करते हुए लिखा, 'ये खुशियां हमेशा बरकरार रहें'। अतुल किशन ने लिखा, 'बहुत-बहुत बधाई हो'। ***एजेंसी***

## लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून की जरूरत

### असम के सीएम बोले- देश में कई आफताब-श्रद्धा



**वडोदरा।** श्रद्धा हत्याकांड की गूंज गुजरात चुनाव में भी सुनाई दे रही है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने आज धनसुरा में हुई चुनावी रैली में इस मुद्दे का जिक्र कर लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग की। सीएम सरमा ने कहा, आफताब ने श्रद्धा को मार डाला और उसके शरीर के 35 टुकड़े कर दिए। जब पुलिस ने पूछा कि वह केवल हिंदू लड़कियों को क्यों लाया, तो उसने कहा कि उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे भावुक होती हैं। असम के सीएम ने कहा कि देश में और भी आफताब-श्रद्धा हैं। देश को 'लव जिहाद' के खिलाफ सख्त कानून की जरूरत है।

बता दें कि दिल्ली में श्रद्धा हत्याकांड के मुख्य आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का कबूलनामा सामने आया है। बताया जा रहा है कि आफताब ने दिल्ली की साकेत कोर्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आफताब को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आफताब की पुलिस रिमांड भी चार दिन के लिए बढ़ा दी। पुलिस अब नार्को टेस्ट से पहले पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की तैयारी में जुट गई है। बताया जाता है कि इसके लिए भी आफताब ने मंजूरी दे दी है।

आरोपी आफताब पूनावाला ने अदालत को बताया कि यह घटना आवेश में हुई। आरोपी आफताब ने अदालत से यह भी कहा कि वह जांच में सहयोग कर रहा है। साथ ही उसने अदालत से कहा कि उसे घटना को याद करने में कठिनाई हो रही है।

## इंडोनेशिया में भूकंप से मरने वालों की संख्या हुई 268, लैंडस्लाइड के कारण बद से बदतर हुए हालात

### सोमवार को आए 5.6 तीव्रता के भूकंप से मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 268 हो गई

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत के सियांजुर में सोमवार को आए 5.6 तीव्रता के भूकंप से मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 268 हो गई है। राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने बताया कि भूकंप के बाद 151 लोग लापता हैं, जबकि 1083 घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 300 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि 600 को मामूली चोटें आई हैं। कई स्थानों पर घरों और भवनों को भारी नुक्सान पहुंचा है।



अस्पताल के बाहर घायलों की भारी भीड़ जमा है। अंदर जगह न होने पर घायलों का इलाज अस्पताल की पार्किंग में ही किया जा रहा है। मरने वालों में एक इस्लामिक पब्लिक स्कूल के भी कई छात्र है। नष्ट हुए घरों के मलबे से मंगलवार को भी खून से लथपथ शवों को निकाला गया है। सियांजुर की एक प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया कि जब भूकंप आया तो लगा जैसे उनका घर नाच रहा हो। मैं जोर से चिल्लाई तो मेरे पति व बच्चे आ गए। सियांजुर की आबादी करीब एक लाख 75 हजार है।

भूकंप के कारण इलाके में बड़े स्तर पर तबाही हुई है, आपदा के बाद से राहत एंव बचाव कार्य लगातार जारी है। प्रभावित इलाकों में लोग अपने प्रियजनों की लगातार तलाश कर रहे हैं। भूकंप के बाद अपने की तलाश में लगे 45 वर्षीय आरिफ ने रायटर से बातचीत में बताया कि भूकंप के झटकों के बाद से उनका पूरा परिवार लापता है। आरिफ ने बताया कि उनका परिवार कुगेनांग जिला में रहता था। उन्हें यहां पैदल ही चल कर आना पड़ा है, वो लगातार मिट्टी के ढेर के बीच अपने परिवार की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक बयानों के मुताबिक, आपदा के बाद से अब तक करीब 268 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही आशंका जताई जा रही है कि, मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

### सपा विधायक ब्रजेश कठेरिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, आचार संहिता उल्लंघन का आरोप


**मैनपुरी।** मैनपुरी के समाजवादी पार्टी (सपा) के किशनी विधायक के विरुद्ध सदर कोतवाली में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ है। कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक भड़काऊ ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें सपा विधायक एक कार्यकर्ता से शस्त्र निकाल कर तैयार रहने की बात कह रहे थे। लोकसभा उपचुनाव के चलते जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है। भीड़ एकत्र करने, बिना परमीशन किसी आयोजन आदि पर रोक है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयानबाजी पर भी साइबर सेल निगरानी कर रहा है। कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ था। ऑडियो में सपा विधायक ब्रजेश कठेरिया एक कार्यकर्ता से बातचीत के दौरान शस्त्र निकाल कर तैयार रहने की बात कह रहे थे। दोनों के बीच हुई इस बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद लोगों के बीच चचाएं शुरू हो गईं थीं।



यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और अब्दुल्ला बिन जायद के बीच मुलाकात हुई है। इससे पहले पीएम मोदी ने यूएई का दौरा किया था।



**सेंसेक्स**
सेंसेक्स 274.12 अंक की बढ़त के साथ ही 61,418.96 अंक पर बंद



**सोना**
30 रुपये की बढ़त के साथ ही 52,731 रुपये प्रति 10 ग्राम

# शेयर बाजार में बढ़त दर्ज

## सेंसेक्स 274.12 अंक की बढ़त के साथ ही 61,418.96 अंक पर बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में यह बढ़त दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में खरीददारी के साथ ही दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से आई है। इसी के साथ ही घरेलू शेयर बाजारों में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट रुक गयी है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 274.12 अंक तकरीबन 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ ही 61,418.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84.25 अंक तकरीबन 0.46 फीसदी ऊपर आकर 18,244.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहने के साथ ही उछले हैं। वहीं दूसरी ओर नेस्ले, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। वहीं यूरोपीय बाजार भी बढ़त में रहे, जबकि एशिया के बाजारों में मिश्रित रुख दिखा। जापान का निक्की लगभग आधा फीसदी की बढ़त के साथ ऊपर आया जबकि हैंगसेंग उछला है। निफ्टी के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 1.5 फीसदी से अधिक की बढ़त रही। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों मे शामिल 12 शेयरों में से 11 लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। यूको बैंक का शेयर आज 12 फीसदी से अधिक बढ़ा जबकि बैंक ऑफ इंडिया का तकरीबन 5 उछलकर बंद हुआ है। इसके अलावा जेएंडके बैंक , पंजाब नेशनल बैंक , और बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के शेयरों में भी 3 फीसदी के अधिक उछाल आया। केवल बैंक बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शेयर नीचे आये। वहीं निफ्टी के विभिन्न इंडेक्सेज की बात करें तो निफ्टी उर्जा को छोड़कर शेष सभी क्षेत्रों में बढ़त रही। निफ्टी आईटी में 0.80 फीसदी से अधिक का उछाल है , वहीं निफ्टी फार्मा और ऑटो भी बंद हुए।



## सोने , चांदी में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में मंगलवार को सोने , चांदी में तेजी आई है। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दिल्ली सराफा बाजार में सोना 30 रुपये की बढ़त के साथ ही 52,731 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं गत कारोबारी सत्र में सोना 52,701 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर सोने की तरह चांदी भी 856 रुपये की बढ़त के साथ 61,518 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना बढ़त के साथ 1,741.95 डॉलर प्रति औंस ओर चांदी उछाल के साथ 21.05 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी जबकि कॉमेक्स में सोना 1,740 डॉलर प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।



## संक्षेप

### एचडीएफसी बैंक ने कर्नाटक सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**बैंगलोर।** एचडीएफसी बैंक ने कर्नाटक इनोवेशन एंड टेक्नॉलॉजी सोसायटी (किट्स), कर्नाटक सरकार के साथ एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। एक एमओयू के मुताबिक एचडीएफसी बैंक कर्नाटक स्टार्टअप सैल के साथ एचडीएफसी बैंक के स्मार्टअप प्रोग्राम के अंतर्गत रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स को बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं प्रदान करेगा। इस एमओयू पर हस्ताक्षर बैंगलुरु टेक समिट के 25वें संस्करण में किया गया। मीना नागराज सी एन, आईएएस, मैनेजिंग डायरेक्टर, कर्नाटक इनोवेशन एंड टेक्नॉलॉजी सोसायटी (केआईटीएस) और श्री अहमद जकारिया, ब्रांच बैंकिंग हेड साउथ, एचडीएफसी बैंक ने राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक की ओर से श्री रजनीश बरुआ, जोनल हेड, ब्रांच बैंकिंग एवं श्री मिथुन जॉन, स्टार्टअप वर्टिकल हेड मौजूद थे। स्मार्टअप प्रोग्राम एचडीएफसी बैंक का फ्लैगशिप अभियान है, जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप के परिवेश को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्ट-अप्स को बैंक के मशहूर और अत्यधिक उन्नत स्मार्ट फाईनेंशल टूल्स द्वारा अपने लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करना है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के स्टार्टअप इंडिया अभियान के अनुरूप है। बैंक किट्स के साथ जुड़ा हुआ है और इस एमओयू द्वारा इस साझेदारी को औपचारिक रूप देने की बैंक को खुशी है। एचडीएफसी बैंक पिछले 3 सालों से कर्नाटक सरकार की फ्लैगशिप स्टार्टअप ईवेंट, एलिवेट में विजेता स्टार्टअप्स का मुख्य बैंकिंग पार्टनर रहा है। बैंक ने अनेक एंजेल निवेश की कार्यशालाओं का आयोजन किया है, ताकि किट्स के साथ साझेदारी में जागरुकता बढ़ाई जा सके। इनमें से सबसे नई कार्यशाला इसी माह आयोजित की गई थी।

### कामधेनु लिमिटेड पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति मजबूत करेगा

**नई दिल्ली।** स्टील और पेन्ट के क्षेत्र में विविधतापूर्ण कारोबार करने वाली कामधेनू लिमिटेड ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में टीएमटी बार बाजार मे अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए व्यावसायिक रणनीति की घोषणा की। कंपनी अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार के अपने प्रीमियम ब्रांड 'कामधेनु नेक्स्ट' की पूर्वी उत्तर प्रदेश में उत्पादन क्षमता को अगले एक वर्ष में 1.8 लाख मीट्रिक टन प्रीमियम टीएमटी बार से बढ़ाकर 2.4 लाख मीट्रिक टन करने की योजना बना रही है। कामधेनु नेक्स्ट को डबल रिब वाले अनोखे डिजाइन, अधिक मजबूती और लचीलापन, सामान्य स्टील टीएमटी बार से अधिक बेहतर बनाते हैं। कामधेनु नेक्स्ट ने विशिष्ट डिजाइन की बदौलत कंक्रीट के साथ बेहतरीन तरीके से जोड़ने (इंटरलॉकिंग) में एक नया मानक गढा है जो ढांचे को अधिक मजबूती देता है। स्टील टीएमटी बार पर डबल रिब डिजाइन कंक्रीट और लोहे को जोड़ने की क्षमता को बढ़ाती है जो भूकंप और अन्य अप्रत्याशित तेज झटके की स्थिति में ढांचे को अधिकतम सुरक्षा प्रदान करती है। यह विशिष्टता इससे बनने वाले पुल, फ्लाइओवर, बांध, कोयला और पनबिजली परियोजनाएं, इंडस्ट्रीयल टावर, गगनचुंबी इमारतें और भूमिगत प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए सुयोग्य बनाती है। इसके इलावा, कंपनी अगले एक वर्ष तक 200 और डीलरों और वितरकों को जोड़कर पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को मजबूत बनाने की भी योजना बना रही है। वर्तमान में, कंपनी का पूर्वी उत्तर प्रदेश में लगभग 550 डीलर और वितरकों का नेटवर्क है।

### एक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस फंड का पिछले कुछ वर्षों में सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन

**मुंबई।** अपने ग्राहकों की संपत्ति की जरूरतों के अनुरूप लगातार जोखिम-समायोजित रिटर्न देकर, एक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस तेजी से इस क्षेत्र में पसंदीदा भागीदारों में से एक के रूप में उभर रहा है। एक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस ने 2009 में अपनी यात्रा शुरू की और 2020 के बाद से ग्राहकों की संख्या में वृद्धि के मामले में भारी सफलता प्राप्त किया। मॉडल पोर्टफोलियो से लेकर अनुकूलित निवेश समाधान तक, एक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस एचएनआई के निवेश आकार और जोखिम सहनशीलता के अनुसार विभिन्न प्रकार के उत्पाद प्रदान करता है, जिससे उन्हें वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह पीएमएस प्रमुख निवेश शैलियों जैसे मूल्य, गति, विकास और गुणवत्ता को जोड़ती है, जो कि अब तक की दो व्यापक रूप से लोकप्रिय रणनीतियों पर ठोस रिटर्न देने के लिए विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन के साथ उनका समर्थन करती है। इस पीएमएस की स्टॉक चयन प्रक्रिया में 150 शेयरों का विश्लेषक-संचालित कवरेज शामिल है, जो उच्च वृद्धि की पेशकश करने वाले मिड और स्मॉल-कैप पर ध्यान केंद्रित करता है। प्योर ग्रोथ पोर्टफोलियो इसका उद्देश्य बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई 200 से काफी ऊपर रिटर्न देना है, जो लंबी अवधि के मूल्य निर्माण में तब्दील होगा। विविधीकरण और सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शेयरों के एक बड़े आवंटन के बीच सही संतुलन बनाने के लिए इस पोर्टफोलियो में लगभग 20 बीएसई 500 स्टॉक शामिल हैं।प्योर कॉन्ट्रा पोर्टफोलियोइसका लक्ष्य बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई 200 की तुलना में बहुत अधिक रिटर्न देना है, जिसके परिणामस्वरूप दीर्घकालिक मूल्य का निर्माण होगा।

### दिसंबर सोना वायदा 52,451 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**मुंबई।** सकारात्मक वैश्विक रुझानों के कारण सोने की दर सकारात्मक थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसंबर सोना वायदा 159 रुपये तेजी के साथ 52,451 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पहुंच गया। एमसीएक्स पर चांदी के दिसंबर वायदे में 570 रुपये की तेजी के साथ 61,205 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर डॉलर के पीछे हटने से मंगलवार को सोने में तेजी आई। व्यापारियों ने फेड द्वारा मौद्रिक दरों में की जाने वाली बढ़ोतरी को देखकर नए दांव लगाए। इससे हाजिर सोना 0.3 प्रतिशत बढ़कर 1,743.07 डॉलर प्रति औंस हो गया। अमेरिकी सोना वायदा 0.3 प्रतिशत बढ़कर 1,744.50 डॉलर हो गया। मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की। वायदा बाजार में मंगलवार को सोना 98 रुपये की तेजी के साथ 52,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में सोने का दिसंबर डिलीवरी का अनुबंध 98 रुपये या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, जिसमें 4,580 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि प्रतिभागियों की ताजा पोजीशन से सोने की कीमतों में तेजी आई। सोमवार को जैसे ही डॉलर चढ़ा, सोने की कीमतों में लगभग 1 प्रतिशत की कमी आई। चीन में ताजा कोरोना प्रतिबंधों के बीच अन्य मुद्राओं के लिए सोना अधिक महंगा हो गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में अपनी बैठक में 50-आधार बिंदु की वृद्धि की घोषणा करने का अनुमान है। इसके चलते सोने की कीमतों पर दबाव बने रहने का अनुमान है।

### अक्टूबर में 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1.14 करोड़ रही घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू हवाई उड़ानों के यात्रियों की संख्या अक्टूबर में इससे पिछले माह की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.14 करोड़ हो गई है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सालाना आधार पर अक्टूबर में घरेलू यात्रियों की संख्या 27 प्रतिशत बढ़ी है। अक्टूबर 2021 में घरेलू एयरलाइंस ने 89.85 लाख लोगों को यात्रा कराई थी। वहीं, सितंबर 2022 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 1.03 करोड़ थी। कोविड-19 महामारी के कारण विमानन उद्योग काफी प्रभावित हुआ था। हाल के महीनों में हवाई यातायात पटरी पर लौटता दिख रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी अक्टूबर में पिछले माह की तुलना में घटकर 56.7 प्रतिशत रह गई। सितंबर में यह 58 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, विस्तार की घरेलू यात्रा में बाजार हिस्सेदारी भी सितंबर की तुलना में अक्टूबर में घटकर 9.2 प्रतिशत रह गई। सितंबर में यह 9.6 प्रतिशत थी। अगस्त में परिचालन शुरू करने वाली आकाश एयर की बाजार अक्टूबर में 1.4 प्रतिशत रही।

## आरबीआई ने एचडीएफसी और केनरा बैंक को रूस के साथ व्यापार करने दी अनुमति



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के दो अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक व कैनरा बैंक को विशेष वोस्त्रो अकाउंट खोलकर रुस के साथ रुपए में कारोबार करने की इजाजत दी है। वोस्त्रो खाते ऐसे खाते हैं जो एक बैंक दूसरे जो अक्सर विदेशी बैंक होते हैं की ओर से रखता है। यह बैंकिंग लेनदेन का एक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। केंद्रीय बैंक ने यह कदम भारत और रूस के बीच होने वाले व्यापार का सेटलमेंट रुपए हो, यह सहूलियत देने के लिए उठाया है। इस फैसले के बाद अब सीमा पार के लेनदेन भारतीय मुद्रा में भी हो सकेंगे। इससे पहले, सरकार ने भारतीय रुपए में विदेशी व्यापार की सुविधा देने के लिए आरबीआई से अनुमति के बाद दो भारतीय बैंकों के साथ नौ विशेष वोस्त्रो खाते खोले थे। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कारोबार के आंकड़े जारी करते हुए कहा था कि अब तक नौ वोस्त्रो खाते खोले जा चुके हैं। जिनमें एक यूको बैंक में, एक एबीईआर बैंक में, एक वीटीबी बैंक जबकि छह इंडसइंड बैंक के साथ खोले गए हैं। यह छह रूस के अलग-अलग बैंक हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने नई व्यवस्था को लोकप्रिय बनाने में मदद करने के लिए इन विशेष वोस्त्रो खातों को भारत सरकार की प्रतिभूतियों में अधिशेष राशि का निवेश करने की अनुमति दी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नई व्यवस्था को लोकप्रिय बनाने में मदद करने के लिए इन विशेष वोस्त्रो खातों को भारत सरकार की प्रतिभूतियों में अधिशेष शेष राशि का निवेश करने की अनुमति दी है।


## एयर एशिया इंडिया ने 'एयरफ्लिक्स' लॉन्च

**नई दिल्ली।** एयरएशिया इंडिया ने हाइपरलोकल क्लाउड प्लेटफॉर्म शुगरबॉक्स के साथ मिलकर अपने तरह के पहले इन-फ्लाइट एक्सपीरियंस हब, एयरफ्लिक्स' लॉन्च किए जाने की घोषणा की। आसमान में डिजिटल एक्सेस का अभिनव समाधान, एयरफ्लिक्स' एयरलाइन के फ्लीट में उपलब्ध है। भारतीय आसमान में अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव की पेशकश करते हुए, एयरफ्लिक्स' 6,000 घंटे से अधिक का हाई-रिजॉल्यूशन सामग्री प्रदान करता है। इसके जरिए, मेहमान यात्री ओटीटी एप्स से 1,000+ अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय फिल्मों, लघु फिल्मों और 1,500 प्लस वेब सीरीज एपिसोड्स को बफर-फ्री स्ट्रीम कर सकते हैं एयरफ्लिक्स' शुगरबॉक्स द्वारा विकसित पेटेंटेड क्लाउड फ्रैगमेंट तकनीक युक्त है, जो उड़ान के दौरान हवाई यात्रियों को इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी के बिना भी इंटरनेट जैसा डिजिटल एक्सेस अनुभव प्रदान करता है। एयरफ्लिक्स' एयरएशिया इंडिया के इन - फ्लाइट सहायक प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत है और इसके साथ चलता है, जिससे ग्राहक अपने व्यक्तिगत उपकरणों का उपयोग करके मेनू ब्राउज कर सकते हैं।

## फुटबॉल विश्व कप से बढ़ी अडों की मांग भारतीय पॉल्ट्री उद्योग की हुई बल्ले-बल्ले

**मुंबई।** साल 2022 का फुटबॉल विश्व कप खाड़ी देश कतर में हो रहा है। फुटबॉल महाकुंभ में जुटे सभी खिलाड़ी गोल करने के लिए एक गोल-गोल गेंद के पीछे भाग रहे हैं, लेकिन इस बार के विश्व कप में एक और गोल चीज है, जिसने सभी को अपना दीवाना बना लिया है। खाड़ी देश कतर में दुनियाभर के सैलानियों का जमावड़ा लगा है, जाहिर है इस समय खाने-पीने की चीजों की मांग भी काफी बढ़ गई है। खासकर अंडे की खपत काफी बढ़ी है, इस कमी को पूरा कर रहा है, भारतीय पॉल्ट्री उद्योग।

दरअसल, अभी तक खाड़ी देशों को अंडे का सबसे बड़ा सप्लायर यूक्रेन और तुकी थे। यूक्रेन फरवरी के बाद से ही रूस के साथ युद्ध में फंसा है। वहीं तुर्की अकेला इसकी सप्लाई करने में समर्थ नहीं है। इसका फायदा उठाया भारतीय पॉल्ट्री किसानों ने अपना निर्यात बढ़ाकर खाड़ी देश के अंडे के बाजार का फंडा समझ लिया। फुटबॉल विश्व कप के दौरान कतर में अंडे की मांग और बढ़ी है। आसपास के देशों ओमान, यूएई में भी अंडे की बढ़ी मांग भारतीय उद्योग ही पूरा कर रहा है।



ऑल इंडिया पॉल्ट्री प्रोडक्ट एक्सपोर्टर एसोसिएशन के प्रमुख के सिंहराज ने बताया कि खाड़ी देशों में भारतीय अंडे की मांग इसकारण भी ज्यादा बढ़ रही है, क्योंकि यह तुर्की के मुकाबले काफी सस्ता भी पड़ता है। 360 अंडों का एक कैरेट तुर्की से जहां 36-37 डॉलर के हिसाब से आता है, वहीं भारत इस 30-31 डॉलर के हिसाब से भेजता है। भारत के तमिलनाडु स्थित नमक्कल से सबसे ज्यादा अंडों का निर्यात किया जाता है। इस देश में अंडा उत्पादन का हब माना जाता है, जहां रोजाना 4.5 करोड़ अंडों का उत्पादन होता है, जबकि पूरे देश में रोजाना 30 करोड़ अंडों का उत्पादन हो रहा है।

ऐसा नहीं है कि खाड़ी देशों में भारतीय अंडों की मांग अभी बढ़ी है। पांच-छह साल पहले भी भारत से बड़ी मात्रा में अंडे का निर्यात खाड़ी देशों को किया जाता था, लेकिन यहां बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद अंडों का निर्यात कम हो गया। इसके बाद कोरोना महामारी ने उद्योग को और नुकसान पहुंचाया। फिलहाल यह उद्योग वापस पटरी पर लौट रहा और रोजाना अंडे का निर्यात करीब 3 करोड़ पहुंच गया है। खाड़ी देशों को अंडों का निर्यात बढ़ने से सबसे ज्यादा लाभ किसानों को मिलेगा। घरेलू बाजार में अंडे की उत्पादन लागत बढ़ गई है, लेकिन यहां कीमत काफी कम रही जिससे किसानों को लाभ नहीं मिला।

## एचडीएफसी बैंक ने फ्लाईवायर के साथ गठबंधन किया

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने आज ग्लोबल पेमेंट्स इनेबलमेंट एवं सॉफ्टवेयर कंपनी फ्लाईवायर कॉर्पोरेशन (फ्लाईवायर) के साथ साझेदारी करने की घोषणा की। इस साझेदारी द्वारा भारतीय पूरी दुनिया में उच्च शिक्षा के संस्थानों को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा शुल्क सुगमता से डिजिटल माध्यम की मदद से भुगतान कर सकेंगे। इस इंटीग्रेशन द्वारा विद्यार्थियों और उनके परिवारों को लिबरलाईज्ड रैमिटेंस स्कीम का अनुपालन करने और उच्च वैल्यू की ट्यूशन फीस भरने का सुगम अनुभव प्राप्त हो सकेगा। जतिंदर गुप्ता, बिजनेस हेड - रिटेल ट्रेड एवं फॉरेक्स एचडीएफसी बैंक ने कहा हमें फ्लाईवायर के साथ साझेदारी करने और भारतीय विद्यार्थियों को भुगतान के विस्तृत विकल्प प्रदान करने की खुशी है। उन्होंने कहा हमारा संयुक्त नेटवर्क और समाधानों का विस्तार विद्यार्थियों और उनके परिवारों को अंतर्राष्ट्रीय भुगतानों का सुविधाजनक व सुरक्षित प्रबंधन करने में मदद करेगा।

## ऑस्ट्रेलियाई संसद से भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई संसद ने मंगलवार को भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी प्रदान कर दी। अब दोनों देश आपसी सहमति से फैसला करेंगे कि यह समझौता किस तारीख से लागू होगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, बड़ी खबरः भारत के साथ हमारा मुक्त व्यापार समझौता संसद से पारित हो गया है। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (एआई-ईसीटीए) को लागू करने से पहले ऑस्ट्रेलियाई संसद द्वारा मंजूरी की आवश्यकता थी। भारत में इस तरह के समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल मंजूरी देता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट में कहा, खुशी है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते को ऑस्ट्रेलियाई संसद ने पारित कर दिया है। हमारी गहरी दोस्ती के चलते, यह हमारे लिए व्यापार संबंधों को पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ाने और बड़े पैमाने पर आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए मंच तैयार करता है। एक अधिकारी ने कहा कि अब दोनों पक्ष आपसी सहमति से फैसला करेंगे कि यह समझौता किस तारीख से लागू होगा। सीमा शुल्क अधिकारी इस संबंध में एक अधिसूचना जारी करेंगे। एफटीए लागू होने के बाद कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभूषण और मशीनरी सहित भारत के 6,000 से अधिक उत्पादों को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया लगभग 96.4 प्रतिशत निर्यात (मूल्य के आधार पर) के लिए भारत को शून्य सीमा शुल्क पहुंच की पेशकश कर रहा है।



## रुपया तेजी के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया उछला है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ ही 81.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जबकि अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 81.72 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपया 81.64 के दिन के शीर्ष स्तर पर पहुंचने के बाद 81.83 के निचले स्तर पर पहुंचा गया। वहीं अंत में यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे की तेजी के साथ 81.67 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया पांच पैसे नीचे आकर 81.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

बाजार जानकारों के अनुसार भारतीय रुपये को पिछले पांच दिन में पहली बार बढ़त मिली है। डॉलर में आई कमजोरी के साथ ही घरेलू शेयर बाजार में सुधार और एशियाई मुद्राओं के मजबूत होने से भी रुपये को बल मिला। इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ 107.46 पर पहुंच गया।

## धीरे-धीरे बढ़ रही भागीदारी : निफ्टी-500 कंपनियों के निदेशक मंडल में 17.6 प्रतिशत महिलाएं

**नई दिल्ली।** विभिन्न कंपनियों के निदेशक मंडल (बोर्ड) में महिलाओं की भागीदारी क्रमशः बढ़ रही है। हालांकि, इसकी रफ्तार बेहद धीमी है। एक अध्ययन के मुताबिक इस साल मार्च के अंत में एनएसई में सूचीबद्ध शीर्ष 500 कंपनियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत थी। सलाहकार फर्म इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर एडवाइजरी सर्विसेज (आईआईएएस) ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट निदेशक मंडल में औसतन 24 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व है। रिपोर्ट के मुताबिक इसमें क्रमशः सुधार जारी है। कॉरपोरेट इंडियाः वूमेन ऑन बोर्ड्स शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया है कि भारत में कंपनी के निदेशक मंडल बोर्ड में महिलाओं की नियुक्ति में प्रगति हुई है- 2014 में छह प्रतिशत से पांच साल पहले तक 14 प्रतिशत। इस समय निफ्टी-500 कंपनियों के निदेशकों में 17.6 प्रतिशत महिलाएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला निदेशकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन पिछले 3 सालों में इसकी रफ्तार सिर्फ एक प्रतिशत रही है। मौजूदा दर के आधार पर भारत में महिलाओं की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में 2058 तक का समय लगेगा।



इस साल मार्च में निफ्टी-500 कंपनियों में 4,694 निदेशक थे, जिनमें से 827 या 17.6 प्रतिशत महिलाएं थीं। आईआईएएस के प्रबंध निदेशक अमित टंडन ने कहा कि कॉरपोरेट जगत को बोर्ड में महिलाओं का कम से कम 30 प्रतिशत प्रतिनिधित्व हासिल करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

## मल्टीबैगर माइक्रो कैप एल्स्टोन टेक्सटाइल्स लिमिटेड ने बीएसई के इतिहास में सबसे बड़े बोनस की घोषणा की

**नई दिल्ली।** बोनस शेयरों की घोषणा से पहले एलस्टोन टेक्सटाइल्स लगातार नए 52 सप्ताह के ऊंचे और लाइफटाईम के उच्च स्तर बना रहा तथा 18 नवंबर को 300 रुपये पर बंद हुआ था। शेयरों के बंटवारे और बोनस शेयरों को जारी करने की घोषणा से निवेशकों में उत्साह का माहौल है। बीएसई (इरए) सूचीबद्ध, एलस्टोन टेक्सटाइल्स ने अपने शेयरधारकों के लिए 1:10 के विभाजन के बाद 1:9 बोनस की घोषणा की है। इसका अर्थ यह है कि एक पात्र निवेशक को कंपनी के 1 रुपये के अंकित मूल्य के साथ 10 इक्विटी शेयर मिलेंगे, इसके साथ ही शीर्ष पर विभाजन के बाद प्रत्येक 1 शेयर पर अंकित मूल्य के 9 बोनस शेयर होंगे। रिकॉर्ड तिथि 14 दिसंबर, 2022 निर्धारित की गई है। रिकॉर्ड तिथि तक एलस्टोन टेक्सटाइल्स के शेयर रखने वाले निवेशक विभाजन और बोनस शेयरों के लिए पात्र होंगे। बोनस के पीछे संदेहास्पद कारण कंपनी के उत्कृष्ट तिमाही परिणाम प्रतीत होते हैं, जो हाल की तिमाही में 8 करोड़ रुपये के रूप में समायोजित हो रहे हैं। विदेशी और घरेलू कपड़ा बाजार में कंपनी के चल रहे कारोबार की वजह से कंपनी की अगली तिमाही भी मौजूदा तिमाही की तरह अच्छी रहने की उम्मीद है। एलस्टोन टेक्सटाइल्स पूर्व-संसाधित वस्त्रों की खरीद, पूर्व-प्रसंस्करण और वितरण में शामिल है। कंपनी तेजी से आगे बढ़ने वाले फैशन उद्योग में ग्राहकों के लिए लक्ष्य रख रही है जो थोक में सौदा करते हैं। एलस्टोना टेक्सटाइल्सा यूरोपीय और अमेरिकी देशों को प्री-प्रोसेस्ड टेक्सटाइल का निर्यात भी करता है। पिछले कई कारोबारी दिनों में कंपनी के शेयर में रोजाना 5 फीसदी का अपर सर्किट पहुंचा है, इसके नतीजतन, इस कंपनी ने सिर्फ 1 महीने में अपने निवेशकों को 200 प्लस फीसदी का मल्टीबैगर रिटर्न दिया। 24 अगस्त, 2022 को, एलस्टोन टेक्सटाइल्स को पहली बार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया गया था। उस समय इसके शेयरों की कीमत बमुश्किल 15.75 रुपए थी। तब से, इसके शेयरों ने निवेशकों को पिछले दस हफ्तों में दस गुना से अधिक का रिटर्न दिया है।




## भारत की पहली टफरोडर सीएनजी कार टाटा टियागो एनआरजी पेश

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने आज अपने आईसीएनजी परिवार में सबसे नए संकलन टियागो एनआरजी आईसीएनजी की पेशकश की है। टियागो एनआरजी को उपभोक्ताओं से शानदार रेस्पॉन्स मिला है और इस कार ने अपनी एसयूवी प्रेरित डिजाइन और ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर शान से चलने की अपनीक्षमता के कारण खुद को एक टफरोडर के रूप में स्थापित किया है। पिछले 1 साल में टियागो एनआरजी को मिले जबर्दस्त रेस्पॉन्स को देखते हुए कंपनी अपने एनआरजी पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। कंपनी ने इस कार को भारत की सबसे आधुनिक सीएनजी टेक्नोलॉजी - आईसीएनजी टेक्नोलॉजी के साथ लॉन्चकिया है। टियागो एनआरजी आईसीएनजी भारत की पहली टफरोडर सीएनजी है, जिसमें 177 एमएम का ग्राउंड क्लियरेंस और रिट्यून्ड सस्पेंशन मिलता है। यह कार चार आकर्षक रंगों - फॉरेस्टा ग्रीन, फायर रेड, पोलर व्हाइट और क्लाउडी ग्रे रंगों में उपलब्ध है। टियागो एनआरजी आईसीएनजी दो ट्रिम ऑप्शंस में आएगी और टाटा मोटर्स के सभी अधिकृत डीलरशिप्स पर आज से उपलब्ध होगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर्स व्हीकल्स लिमिटेड में सेल्स, मार्केटिंग और कस्टमर केयर के वाइस प्रेसिडेंट श्री राजन अंबा ने एनआरजी आईसीएनजी की विशिष्ट डिजाइन और क्षमताओं के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा, अपनी शुरूआत से ही, टियागो एनआरजी नेमप्लेट को अपने उपभोक्ताओं से बेहतरीन रेस्पॉन्स मिला है। एसयूवी से प्रेरित इसकी डिजाइन, दमदार मौजूदगी और हाई ग्राउंड क्लियरेंस कीउपभोक्ताओं ने काफी प्रशंसा की है, और इसने एक अर्बन टफरोडर के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत की है। टाटा मोटर्स के न्यू फॉरएवर ब्रैंड सिद्धांत के अनुरूप, हम लगातार अपने पोर्टफोलियो को नया बना रहे हैं। हम टियागो एनआरजी के नए आईसीएनजी अवतार को लॉन्च कर काफी खुश हैं। इस रेंज में शामिल हुई नई कार से उपभोक्ताओं को दो अलग-अलग दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पेशकश की जा रही है। ये कार भारत के विभिन्न क्षेत्रों में जहां यूजर्स की सच्ची साथी होगी, वहीं यह उपभोक्ताओं को तमाम तरह की सुविधाएं देने के लिए इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजी के फीचर्स से लैस होगी। हमें पक्का भरोसा है कि एनआरजी आईसीएनजी टियागो एनआरजी के उपभोक्ताओं में मौजूदा आकर्षण को और बढ़ाएगी। इससे यह कार उपभोक्ताओं के लिए ज्यादा बेहतरीन और आकर्षक पैकेज बनकर उभरेगी।



# डीएम व एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**जायजा**

**निरीक्षण के दौरान बैरकों की ली गयी तलाशी**

**कार्यालय व मेस आदि की साफ सफाई का लिया जायजा**

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से समस्त क्षेत्राधिकारी सहित भारी पुलिस बल के साथ मंगलवार को जिला कारागार ज्ञानपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने बैरकों की जाँच की व बंदियों से भी बातचीत करके जेल में दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण में बैरकों, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई। कोई आपत्तिजनक तथ्य प्रकाश में नहीं आया। तत्पश्चात डीएम व एसपी द्वारा कैदियों की समस्याओं सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। चेकिंग के दौरान समस्त थाना प्रभारियों सहित भारी पुलिस फोर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।



जिला जेल का औचक निरीक्षण कर बाहर आते डीएम और एसपी

## हत्या के दोषी पांच लोगों को आजीवन कारावास व जुर्माना

**ज्ञानपुर।** ऊंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016 में वादी के पुत्र की आरोपियों द्वारा हत्या किए जाने की घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना में दर्ज मुकदमे में पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन एवं त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही के पश्चात आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय द्वारा हत्या के पांच दोषियों को आजीवन कारावास व पचीस-पचीस हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई गई।पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में दोषी अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा अधिकतम दंडात्मक कार्यवाही हेतु स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक विनय कुमार की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप मंगलवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश संख्या-दो जनपद भदोही द्वारा हत्या जैसे जघन्य अपराध के दोषी पांच आरोपी योगेश कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद पुत्र पंचू, बुधानी पुत्र पंचू ,छोटई पुत्र पंचू, शिवधारी पासी पुत्र पंचू को धारा-302 के आरोप में सश्रम आजीवन कारावास व पचीस पचीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# राजनीति के बड़े खिलाड़ी थे पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव

**बोले हसनैन**

**समाजवादी पार्टी जिला कार्यलय मे नेताजी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया याद**

**ज्ञानपुर।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यलय कंसापुर ज्ञानपुर मे नेताजी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संघर्ष को अपनाने का संकल्प लेकर जन्म दिन मनाया। नि. जिला उपाध्यक्ष हसनैन अंसारी ने कहा सदी के सबसे बड़े जननायक समाजवाद के योद्धा शोषित समाज व किसानो की आवाज हिन्दुस्तान के धरोहर धरतीपुत्र श्रद्धे नेता जी मुलायम सिंह यादव जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ। नेताजी के समाजवादी विचारधारा के संघर्षो पर चलने का संकल्प लेता हूँ।

जिला महासचिव युवजन सभा मो. अरशद ने नेताजी के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी ने कभी मुड़कर नहीं देखा। कार्यकताओं का साथ नही छोड़े एवं देश और प्रदेश में गरीब मजदूर किसानों के सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए नेताजी ने समाजवाद का रास्ता चुना था। गरीब मजदूर के हित की सोचने वाले नेताजी अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल एवं रक्षा मंत्री कार्यकाल में गरीब मजदूर किसानों के घर को रोशन किया है। संचालन विधान सभा नि अध्यक्ष सन्तोष यादव ने किया। उपस्थित पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, आरिफ सिद्दीकी, शोभनाथ यादव, जसवन्त यादव, केशनारायण यादव, सरिता बिंद, कमला शंकर महतो, लालचन्द बिंद, रमेश यादव दद्दा, राज कुमार यादव, काशीनाथ पाल, जाबेद खां, राम सजीवन मौर्य, गुलाब यादव, नन्द कुमार मौर्य, इजहर अंसारी, सनवारुल हक, रवि यादव, मयक यादव, अनुराग यादव, सुभाष यादव, बन्धु बच्चन पाल, मनोज यादव, बुधीराम यादव, मिल्लु यादव, इरसाद सिद्दीकी, लल्लन यादव, जिला मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू आदि नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नेता जी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद करते सपाई

## बीआरसी सुरियावां के सभागार में प्रधानाध्यापकों के साथ एबीएसए ने की बैठक

**सुरियावां।** बीआरसी सुरियावां के सभागार में विकासखंड के सभी प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों के प्रधानाध्यापाकों, प्रभारी प्रधानाध्यापक की मासिक बैठक मंगलवार को आहूत की गई। बैठक में निपुण लक्ष्य को प्राप्त कराने के लिए आवश्यक बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा एआरपी द्वारा की गई। साथ ही साथ आपरेशन कायाकल्प, आउट ऑफ स्कूल पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में विकासखंड सुरियावां की खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केसरवानी द्वारा विद्यालय 19 बिंदुओ से संतृप्त हो इसके निमित्त आवश्यक दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए। इस बैठक में ऑनलाइन वार्षिक डीसीएफ प्रपत्र को कैसे भरना है विशेषज्ञ के द्वारा इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, ए आर पी अभय प्रताप सिंह, अनिल कुमार तिवारी, जितेंद्र, स्वतंत्र कुमार एवं शिक्षक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नाली निर्माण में अनियमितता की जांच करने पहुंचीं अधिशासी अधिकारी

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड नंबर 25 में हाजी मोहम्मद शोएब से मंसूर कुरैशी तक हो रहे नाली निर्माण में अनियमितता को लेकर एआई एमआईएम के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य महताब आलम व नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने जिलाधिकारी से मिलकर नाली निर्माण में अनियमितताओं की लिखित शिकायत व मौखिक शिकायत की थी। डीएम ने तत्काल प्रभाव से अधिशासी अधिकारी को आदेशित किया कि मौके पर जाकर नाली निर्माण में हो रही धांधली की जांच की जाए जिस पर उन्होंने नगर पालिका परिषद का कार्य देख रहे अवर अभियंता आलोक को मौके पर आने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि अभी हम मीटिंग में व्यस्त हैं इस कारण से आ नहीं पाएंगे। जिस पर अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह अपने कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर नाली में अनियमितता बरते जाने की शिकायत को तस्दीक किया एवं ठेकेदार को नाली निर्माण में हो रही अनियमितताओं को दूर करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इसे सही ढंग से निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा तो आपके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर वार्ड वासियों में मुख्य रूप से आरिफ सिद्दीकी, फैजान अहमद, मनसूर कुरेशी, आफताब सहित काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहे।



## सीतामढ़ी मार्ग के फोरलेन सर्वे पर समाजसेवी ने जताई खुशी

**ज्ञानपुर।** विकास खंड डीघ के मदनपुर बीचपुर गांव निवासी प्रमुख समाजसेवी विजय शंकर पांडेय ने सीतामढ़ी मार्ग का फोरलेन सर्वे होने पर हर्ष व्यक्त किया साथ ही कोइरौना को तहसील बनाने और डेगूरपुर धनतुलसी गंगा घाट पर पक्का पुल बनाये जाने की मांग की है?। समाजसेवी विजय शंकर पांडेय ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सीतामढ़ी में हुई सभा के दौरान भी यह मामला उठा था। कहा कि कोनिया क्षेत्र के समुचित विकास के लिए कोइरौना को तहसील बनाया जाना जरूरी है। कोनिया के आखिरी गांव छेछुआ और कलातुलसी से ज्ञानपुर की दूरी करीब 45 किमी है। इस वजह से इस क्षेत्र में एक तहसील की जरूरत है। धनतुलसी डेंगूरपुर गंगा घाट पर पक्का पुल बनने है। यह समूचा क्षेत्र और जिला मध्य प्रदेश से सीधे जुड़ जाएगा। श्री पांडेय ने सीतामढ़ी, सेमराधनाथ के विकास के लिए इन दोनों धार्मिक स्थलों को रामायण सर्किट से जोड़ने की मांग करते हुए जंगीगंज धनतुलसी मार्ग का फोरलेन योजना के लिए सर्वे होने पर खुशी जताई है।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भीड़

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बीस से तीस नवंबर तक ग्यारह दिवसीय आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरूआत हो चुकी है। मंगलवार को नगर पालिका गोपीगंज की जनसभाओं में आप कार्यकताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए निकाय चुनाव प्रभारी मनोज गुप्ताने कहा कि निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी हर सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य नगर निगम नगर पालिका और नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त कर नगरीय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है। आप जिला प्रभारी राजन सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रत्याशियों का चयन ट्रिपल सी के आधार पर कर रही है और यह पार्टी की विश्वसनीयता ही है जिस कारण आवेदन फॉर्म लेने के लिए सैकड़ों लोग कार्यालय आकर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन फॉर्म की डिमांड बढ़ चुकी है लेकिन पार्टी सिद्धांतों के अनुसार हम प्रत्याशियों का आकलन ट्रिपल सी के आधार पर कर रहे हैं। हम आवेदक द्वारा जमा किए गए कागजात का पूर्ण रूप से जांच करवा कर ही कोई निर्णय लेते हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से, पंकज कुमार एडवोकेट, सुल्तान, इजहार, रोशन अली, आशुतोष सिंह, अक्षय यादव, अशोक यादव अनस, रमापति बिंद, दीनदयाल बिंदसहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



आम आदमी की बैठक के दौरान जुटे लोग

## बीडीओ और सीडीपीओ के साथ सीडीओ ने की बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**बैठक**

**बैठक में आंगनबाड़ी भवन निर्माण क्रियाशीलता पर दिया बल**

**ज्ञानपुर।** आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत गोद लिए गये अतिकुपोषित ग्रामों में राज्य पोषण मिशन के कार्यो के नियोजन, क्रियान्वयन, निगरानी एवं अनुश्रवण तथा कुपोषण को दूर किए जाने, आंगनवाड़ी भवन निर्माण व आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बनाए जाने हेतु अधिकारियों को आवंटित केन्द्रों विषयक बैठक मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द कुमार ने बताया कि राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी एवं कन्वर्जेन्स समिति के सदस्य आदर्श आगनबाड़ी केन्द्र बनाये जाने हेतु गोद लेने वाले समस्त जिला, ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं जिला पोषण समिति एवं निवारण समिति के सदस्यों के साथ पोषण सम्बन्धित विभिन्न आयामों पर समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी श्री भानु प्रताप सिंह ने आगनबाड़ी केन्द्रो को गोद लेने वाले अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह भी समय-समय पर केन्द्रो का निरीक्षण करते हुए केन्द्रो के विकास हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी, सुपरवाईजर, आगनबाड़ी कार्यकर्ती, चिकित्सक व सम्बन्धित के साथ बैठक कर समन्वय सहभागिता के साथ बल दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपजिलाधिकारी औराई लाल बाबू दुबे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राजेंद्र कुमार, डीआइओएस एन एल गुप्त, उपायुक्त एनआरएलएम श्यामजी, उपायुक्त मनरेगा राजाराम, पीडी डीआरडीए मनोज कुमार, समाज कल्याण अधिकारी महेन्द यादव, जिला सूचना अधिकारी डॉ.पंकज कुमार एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# धरती पुत्र के रूप अमर रहेंगे नेता जी : नीरज पहलवान

**कार्यक्रम**

**डाक बंगले पर सपा कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह का मनाया जन्मदिन**

**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** नगर के डाक बंगले पर बुधवार की सुबह सपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान की अध्यक्षता में पूर्व रक्षा मंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन केक काटकर मनाया। बैठक को संबोधित करते हुए सपा नेता नीरज पहलवान ने कहाकि संघर्षों के प्रतीक रहे नेताजी धरतीपुत्र के रूप में अंतिम दम तक प्रयास करते रहे। किसान, नौजवान, मजदूर व शोषित पीड़ित की आवाज के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने शहीदों के सम्मान को बढ़ाने के साथ ही देश की मजबूती के लिए परमाणु करार डील का भी समर्थन करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी। नेता जी आज हमारे बीच नहीं रहे पर उनके द्वारा किए गये कार्यों को देश हमेशा हमेशा याद करता रहेगा। इस अवसर पर सुरेश यादव, डॉ. हरिनाम, भानु प्रताप, कमलेश यादव, विनय सरोज, सभाजीत विश्वकर्मा, वीरेंद्र यादव, नायब, सुनील यादव, डॉ. विनोद, विशाल साहू, जगपत यादव, प्रमोद गौड़, धर्मेंद्र कुमार, जगदीश यादव, उमा शंकर जैन, सुभाष यादव, कृष्ण कुमार जायसवाल, आजाद कुरैशी, सरोज निषाद, विजय दत्त मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन मंडल ने किया।



जंयती पर पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपाजन

## ऑटो रिक्शा व प्राइवेट वाहन चालक वसूल रहे मनमाना किराया

**दबंगई**

**बाईपास के रास्ते निकल जाती हैं रोडवेज की बसें**

**मनमाना किराया देकर यात्रा करने को मजबूर हैं लोग**

**गौराबादशाहपुर।** गौराबादशाहपुर से जौनपुर तक चलने वाले अवैध ऑटो चालक व बिना परमिट की प्राइवेट बसें यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रही है और मनमाना किराया न देने पर आटो चालक और प्राइवेट बस वाले यात्रियों से मारपीट करने पर भी अमादा हो जाते हैं। गौराबादशाहपुर से जौनपुर तक रोडवेज का किराया जहां 19 रुपये है वहीं यह आटो चालक जेसीज चौराहा तक 30 से 40 रूपए तक यात्रियों से वसूल कर रहे हैं। ऊपर से ये ऑटो चालक तमाम नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से सवारियों को ठूंस ठूंस कर अपनी गाड़ियों में भरते हैं और जौनपुर तक का सफर पूरा करते हैं। तेज गति से सवारियों से खचाखच भरे वाहनों के साथ कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। इस बारे में पूछे जाने पर दैनिक सफर करने वाले कुछ यात्रियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गौराबादशाहपुर में रोडवेज की बसें आती ही नहीं है बल्कि जीवली से बाईपास के रास्ते सीधे निकल जाती हैं जिसकी वजह से हमें कस्बे में खड़े इन प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। इनको इनका मनमाना किराया न देने पर ये वाहन चालक गाली गलौज और मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं।

**विश्व मात्स्यिकी दिवस का आयोजन:** विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षाणर्थियों को विभिन्न योजनाओं में किस प्रकार से कार्य व अनुदान दिया जायेगा की जानकारी एवं उनकी समस्याओं का निराकरण एवं सुझाव दिया गया।

# काम पर विजय प्राप्त कर लेना ही रासलीला है :डॉ. सलिल

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** शहर मे चल रही भागवत कथा के छठवें दिन सत्संग में डा. संजय कृष्ण सलिल महराज ने बताया कि काम पर विजय पा लेना ही रास लीला है। यह कोई साधारण जीव के द्वारा रचित किया गया कार्य नहीं है।

उन्होने आगे बताया कि यह मेरे गोविंद ही है जो इतनी गोपियों के साथ रहकर भी पूर्ण ब्रह्म है। कुल 16108 गोपियों के साथ रहकर भी रासलीला करते हैं जिसका श्रवण ब्रह्माजी, शंकर जी एवं राजा परीक्षित भी कर रहे है जिनको एक दिन के बाद मरना है वह भी प्रभु की रासलीला का आनन्द ले रहे हैं। प्रभु मथुरा पहुंच कर कंस का बध करते हैं। अपने नाना जी को मुक्त कराकर जो कंस की बंदीगृह मे कैद थे उन्हे राज सिंहासन पर बैठाया। प्रभु के विवाह का प्रसंग भी सुनाया गया जिसमें रूकमणी का विवाह ठाकुर जी के साथ सम्पन्न हुआ और रुक्मणी के इस प्रसंग की झांकी भी दिखाई गई। इस मौके पर शहर और देहात से आये हजारो भक्तों ने आनंद उठाया। उपस्थित गणमान्यों के हाथों दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य यजमान नन्हे लाल वर्मा, सनी वर्मा, लालती देवी, संदीप वर्मा, नवदीप वर्मा, प्रियम वर्मा, राकेश सिंह, सतीश श्रीवास्तव, अमित कुमार तिवारी व अन्य गणमान्य व्यास पीठ पर उपस्थित हुए। 23 नवम्वर को विश्राम दिन होगा जिसमें सुदामा चरित्र की सुंदर झांकी व कथा प्रसंग श्रवण भक्तों को मिलेगा। इसी के उपलक्ष्य में 25 नवम्बर की शाम 5 बजे एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।



# सुरेश चंद पाठक अध्यक्ष, संजय सिंह बने मंत्री

**चुनाव**

**डाल्हनपुर में एबीआरसी पर मनोनयन कार्यक्रम का आयोजन**

**करंजाकला।** डाल्हनपुर स्थित बीआरसी करंजाकला पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का त्रय वार्षिक अधिवेशन एवं निपुण भारत मिशन, कायाकल्प, नई शिक्षा नीति 2020 विषयक संगोष्ठी सायंकाल 3:30 बजे संपन्न हुई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का स्वागत बुके स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण करके किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों की सेवा करना उनकी समस्याओं का निदान करना हमारी प्राथमिकता में है। इसके पूर्व त्रय वार्षिक अधिवेशन/चुनाव में काफी जद्दोजहद के बाद हर एक पद पर एक एक नामांकन होने से चुनाव अधिकारी शेरबहादुर मौर्य आनंद कुमार यादव एवं पर्यवेक्षक रविंद्र बहादुर सिंह प्रकिया पूरी की। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जिला महामंत्री शिव कुमार सरोज ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया जिसमें सुरेश पाठ चंद पाठक अध्यक्ष, संजय सिंह मंत्री, मोहम्मद अहसन खान कोषाध्यक्ष, मदन लाल यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राकेश कुमार भास्कर उपाध्यक्ष, जय सिंह यादव उपाध्यक्ष, मेवा लाल यादव उपाध्यक्ष, रेखा भारती उपाध्यक्ष, राजेश कुमार यादव संयुक्त मंत्री, मिश्रीलाल संयुक्त मंत्री, संजीव कुमार सिंह संयुक्त मंत्री, संजय सिंह संयुक्त मंत्री, सरिता सिंह संयुक्त मंत्री, रमाकांत पाल लेखाकार, मंजू यादव आय-व्यय निरीक्षक, सौरभ श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी, राजन सिंह प्रवक्ता एवं डॉ. अनिल कुमार मिश्र संरक्षक चुने गए। संगोष्ठी की अध्यक्षता लाल साहब यादव प्रबंधक, संचालन अतुल प्रताप सिंह एवं स्वागत मनोज कुमार यादव ने किया। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. अतुल प्रकाश यादव ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रदीप सिंह बागी, दिलीप सिंह, आनंद कुमार, नीतीश सिंह, विजय लक्ष्मी यादव, राममूरत यादव, दीपमाला, अनिल कुमार यादव, मोहम्मद हाशिम, डॉ. राम सिंह, शैलेंद्र पाल, इंदु प्रकाश यादव, विजय गुप्ता, चंद्रकांत पांडेय, श्रीपाल यादव, श्री प्रकाश पाल, अरविंद यादव, ओम प्रकाश यादव उपस्थित रहे।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# खेती को उद्यम के रूप में अपनाने की आवश्यकता

**गोष्ठी**

**रबी गोष्ठी में किसानों को किया गया प्रशिक्षित**

**जनसंदेश न्यूज**

**गभिरन।** कृषि विभाग द्वारा मंगलवार को विकास खंड खुटहन एवं करंजाकला के परिसर में कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां किसानों की आय दूनी करने के उपाय, पराली प्रबंधन, गेहूँ की लाईन में बुआई, विपणन व्यवस्था, मृदा स्वास्थ्य, रबी फसलों के वेहतर उत्पादन वाली तकनीकियों एवं लाभकारी कृषि योजनाओं से विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्रशिक्षित किया गया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अपर जिला कृषि अधिकारी डा. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश का विकास कृषि के विकास में निहित है। पूर्व में कृषि विकास हेतु संचालित योजनाओं में उत्पादन, उत्पादकता वृद्धि एवं खाद्य सुरक्षा पर विशेष बल रहा है। वर्तमान बाजार व्यवस्था में उत्पादन/उत्पादकता वृद्धि किसानों के आय में वृद्धि की गारंटी नहीं है। उत्पाद का मूल्य सम्बर्धन, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग कर किसानों की समृद्धि की जा सकती है। डा. यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को अब खेती को आजीविका के साधन के रूप में नहीं बल्कि उद्यम के रूप में अपनाने की आवश्यकता है इसमें कृषि तथा संबंधित विभागों यथा पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, मंडी का सहयोग किसानों को लेना होगा। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि करंजाकला सुनील कुमार यादव ने भी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जागरूक किया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने गौआधारित प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव तथा संचालन एडीओ मुकेश कुमार कन्नौजिया ने किया। एडीओ एजी. डा. मनोज यादव ने आभार जताया। इस मौके तकनीकी सहायक डा. चन्द्रमणि, प्रेमचन्द पाल, बीटीएम जुनेद अहमद, राजेन्द्र प्रसाद पाल, महेंद्र सिंह, अनिल सिंह, विमल सिंह, पंकज उपाध्याय, नीलम, आशा, रेखा, सुनीता, हीरालाल, लक्ष्मण दास, सभाजीत आदि किसान मौजूद रहे।



रबी गोष्ठी को सम्बोधित करते कृषि अधिकारी

# 'चाची पायं लागू, का हो बाबा-आशीर्वाद दा'

## अभी से घर-घर दस्तक देने लगे भावी पार्षद प्रत्याशी

## आरक्षण के इंतजार में पार्षद प्रत्याशियों की नींद हराम

## चुनावी चर्चा के चलते चाय-पान की अड़ियां भी गुलजार




मनोज श्रीवास्तव

**रामनगर।** चाची पायं लागू, का हाल-चाल बा। का हो बाबा-आशीर्वाद दा। परिवार में सब कुशल-मंगल हव ना। देखा आप क बेटवा चुनाव का तैयारी करत हव। आप लोगन के आर्शीवाद मिली त सेवा में कउनो कोर-कसर बाकी न छोड़ब। कुछ ऐसे नजारे रामनगर की गलियां इन दिनों देखने को मिल रहे हैं। जी हां, नगर निगम चुनाव को लेकर भावी पार्षद प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। मतदाताओं से मिलने और उनसे अपनत्व का रिश्ता जोड़ने का दौर चल निकला है। इसके बीच, नगर निगम चुनाव को लेकर पार्षद प्रत्याशियों की धड़कनें भी बढ़ने लगी है।

सभी राजनीतिक दलों के साथ निर्दल प्रत्याशी और चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुके तमाम प्रत्याशियों में आरक्षण को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। आरक्षण में हो रहे विलंब को लेकर नेताओं की प्रचार-प्रसार तो चल रहा है, लेकिन गति मंधम है। लेकिन जिन प्रत्याशियों के किसी भी हालत चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है। वे पूरे दमखम के साथ हर घर मत्था टेंकने में लगे हुए हैं। जिन्हें पार्टी के टिकट का इंतजार है, वह अभी आरक्षण के इंतजार में हैं। रामनगर पालिका परिषद का नगर निगम में विलय होने के बाद अब रामनगर में महज तीन वार्डों से पार्षदों को चुना जाना है। वार्डों के परिसीमन में आपत्तियों के बावजूद कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। यहां पर गोलाघाट, रामपुर और पुराना रामनगर वार्ड बनाए गए हैं। पिछड़ी जाति का रैपिड सर्वे होने के बाद अब वार्डों के आरक्षण के कारण का लोगों को शिद्दत से इंतजार है। कयास लगाए जा रहे हैं कि एक हफ्ते के अंदर आरक्षण सूची जारी होने की संभावना है। फिर भी राजनीतिक दिग्गज अपने-अपने फामूर्ले से आरक्षण का अनुमान लगा रहे हैं। हालांकि उन्हें भी इस बात का विश्वास नहीं है कि उनके अनुमान सही होंगे या गलत। वैसे नगर पालिका परिषद रामनगर के वाराणसी नगर निगम में शामिल होने के पूर्व रामनगर पालिका के अध्यक्ष का सपना संजोए नेताओं ने भी आरक्षण के इंतजार में पार्षद चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। नगर की प्रमुख चाय-पान की अड़िया सुबह से लेकर देर शाम तक निकाय चुनाव की चर्चा से गुलजार रहने लगी है। यहां बहस का मुद्दा सिर्फ और सिर्फ निकाय चुनाव ही रह गया है। वैसे पार्षदी का चुनाव लड़ने के इच्छा रखने वालों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है। वार्ड मात्र तीन है और चुनाव लड़ने की तैयारी करने वालों संख्या सैकड़ों का आंकड़ा पार कर गई है। आरक्षण क्रम निर्धारित होते ही इस संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल सकती है। अभी पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगे गए थे तो तीन दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने आवेदन किए थे। पार्टी का स्थानीय स्तर पर स्थापित कोई नेता शायद ही बचा था, जिसने आवेदन नहीं किया हो।







## ये सभी ठोंक रहे पार्षदी के लिए ताल

समाजवादी पार्टी की बात करें तो इसमें प्रमुख रूप से वर्तमान नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव मलिक, पूर्व नगर अध्यक्ष रामकुमार यादव राजु, पूर्व सभासद संजय यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, पूर्व सभासद कृष्ण मोहन यादव, पूर्व सभासद जवाहिर मौर्या, मस्तराम मौर्या, कैंट विधानसभा के उपाध्यक्ष विनोद यादव, सभासद मणिशंकर शर्मा, पूर्व सभासद अखिलेश यादव सहित दर्जनों नेताओं के नाम लिस्ट शामिल है। जबकि भाजपा से चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वालों की संख्या भी लगभग तीन दर्जन से भी अधिक है। हर वार्ड से एक दर्जन से भी अधिक नाम सामने आ रहे हैं। रामनगर पालिका में भाजपा के जितने भी सभासद हैं। लगभग सभी आरक्षण की बाट जोह रहे हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी की बात करें तो निवर्तमान महानगर अध्यक्ष सब्बीर खां भी वार्ड नंबर 65 से पूरे दमखम के साथ प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। लेकिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा संभावित लिखने पर कड़े तेवर दिखाए थे। लिहाजा भाजपा के भावी पार्षद प्रत्याशी अभी समय का इंतजार कर रहे हैं। इस पार्टी में जिन नामों की सर्वाधिक चर्चा है और जो नाम छनकर सामने आ रहे हैं। उसमें नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, सर्वेंद्र विक्रम सिंह का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। इसके अलावा जो नाम उभरकर सामने आएं हैं, उसमें नंदलाल चौहान, मनोज यादव, संतोष शर्मा, मुन्ना निषाद, रितेश पाल गौतम, अशोक अग्रहरि, हरिशंकर सिंह, सृजन श्रीवास्तव, अजय सेठ गणेश, विशाल जायसवाल, संतोष गुप्ता, दिलीप जायसवाल, सतनारायण मौर्या आदि चुनावी दौड़ में शामिल है। हालांकि भाजपा के कुछ स्थानीय बड़े नेताओं के भी चुनावी दौड़ में शामिल होने की पूरी संभावना बनती दिख रही हैं। जबकि कांग्रेस के स्थानीय दिग्गजों ने भी अपने आवेदन दे दिए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सभासद राजेंद्र गुप्ता, रंजना गुप्ता, जावेद कलाम समेत दर्जनों नाम शामिल है। आरक्षण की तस्वीर साफ होते ही उम्मीदवारों में प्रचार-प्रसार की रफ्तार जोर पकड़ने की उम्मीद है।



# काशी तमिल संगमम में सुर,ताल, नृत्य का हुआ संगम

आयोजन

### महिला व पुरुष नर्तकों ने 20 मिनट तक दी प्रस्तुति

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम के चौथे दिन मंगलवार को सुर,ताल, नृत्य का अनूठा समागम देखने को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत काशी के निवेदिता शिक्षा सदन के बच्चियों द्वारा लोकप्रिय गीत से शुरू किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस जयंती रवि सेक्रेटरी आरूविले फाउंडेशन पाण्डुचेरी रही । काशी-तमिल संगमम की चौथे सांस्कृतिक संध्या की दूसरी प्रस्तुति 'ठोडा' टेबल लोक नृत्य के तौर पर हुई।

तमिलनाडु से आए लोक कलाकार अल्वास के नेतृत्व में 15 महिला और पुरुष नर्तकों ने 20 मिनट तक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की तीसरी प्रस्तुति कोकालिकट्टाई की हुई। लोक कलाकारों ने शहनाई, ढोल और नृत्य करके पूरे एंफीथिएटर ग्राउंड को झूमा दिया। चौथी प्रस्तुति पंबई लोक कृत्य की हुई। मंच पर 300 साल प्राचीन इस लोक विधा को बड़ी ही संजीदगी से दिखाया गया। इसका नेतृत्व तमिलनाडु स्थित कृष्णागिरी के जी मणिकंदन ने किया। अंतिम प्रस्तुति के तौर पर सुचरिता गुप्ता की टीम ने कजरी का गायन किया । काशी तमिल संगमम में आए श्रोताओं ने कहा कि उत्तर और दक्षिण के संस्कृत कला का यह अटूट संगम काशी के धरती पर हो रहा है जहां हमें दक्षिण भारत के लोक नृत्य गायन को देखने को मिल रहा हैं।



काशी हिंदू विश्वविद्यालय एम्फी थियेटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



## तमिलभाषियों ने बाबा विश्वनाथ धाम में किया दर्शन



**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम को लेकर बनारस में तमिल भाषियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। तमिल भाषियों के लगातार यहां आने से शहर में भीड़भाड़ कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। मंगलवार को भी काशी में दूसरा दल पहुंचा। तमिल भाषियों के काशी पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने नगर भ्रमण के साथ ही काशी विश्वनाथ धाम जाकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। खास बात यह है कि काशी तमिल संगमम के चलते काशी विश्वनाथ धाम, अन्नपूर्णा मंदिर व कालभैरव मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़भाड़ कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। दर्शनार्थियों की सर्वाधिक भीड़ काशी विश्वनाथ मंदिर में दिख रही है। जहां पर दक्षिण भारत से आये श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। इसके बाद अन्नपूर्णा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीडभाड़ बढ़ गई है। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकरपुरी महराज बताते हैं कि इधर मंदिर में दक्षिण भारत से आये लोगों की भीड़ बढ़ गई है। वहीं कालभैरव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की रोज लंबी कतारें लग रही है। काशी पहुंचने पर तमिलभाषियों में कुछ अलग ही रोमांच दिख रहा है। एक माह तक चलने वाले काशी तमिल संगमम में तमिलनाडु से कलाकारों, छात्रों, साहित्यकारों, कामगारों के कई ग्रुप वाराणसी भ्रमण करने आएंगे। तमिल अतिथि आयोजन में शिरकत करने के साथ ही आध्यात्मिक नगरी में भ्रमण कर यहां की सभ्यता, संस्कृतिक, परिवेश आदि से परिचित होंगे। साथ ही यहां से जाकर दक्षिण भारत में काशी की पुरातन संस्कृति के बारे में बात करेंगे।

## तमिलनाडु से आये हस्तशिल्पियों का स्वागत



काशी तमिल संगमम के लिए आये लोगों का स्टेशन पर भव्य स्वागत

**वाराणसी।** एक माह तक चलने वाले काशी तमिल संगमम में हिस्सा लेने आये तमिलनाडु के हस्तशिल्पियों का मंगलवार को कैंट स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। काशी-तमिल संगमम में तमिल अतिथियों का दूसरा दल मंगलवार की सुबह पहुंच गया। कैंट रेलवे स्टेशन पर अतिथियों के भव्य स्वागत की तैयारियां की गई थी। दूसरे दल के अतिथि स्वागत से अभिभूत दिखे और काशी नगरी पहुंचने पर उनका रोमांच अलग ही नजर आ रहा था। तमिलनाडु के अलग -अलग जगहों से काशी तमिल संगमम में भाग लेने के बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। दूसरा दल तमिल अतिथि आयोजन में शिरकत करने के साथ ही आध्यात्मिक नगरी में भ्रमण कर यहां की सभ्यता, संस्कृतिक, परिवेश आदि से परिचित होंगे। साथ ही यहां से जाकर दक्षिण भारत में काशी की पुरातन संस्कृति के बारे में बात करेंगे। इससे उत्तर और दक्षिण भारत के बीच प्राचीन संबंधों की डोर और मजबूत होगी। वहीं दोनों क्षेत्रों के बीच कला, संगीत, ज्ञान के आदान-प्रदान के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



# स्वस्थ्य व रोग मुक्त समाज की स्थापना में अग्रणी है 'पॉपुलर हॉस्पिटल'

### हॉस्पिटल व चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से तीस वर्षों से लोगों की कर रहे हैं सेवा

### नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के छात्र पापुलर से शिक्षा व अनुभव लेकर स्वस्थ्य समाज की स्थापना को तत्पर

*वाराणसी। स्वस्थ्य समाज ही देश को नई दिशा देता है इसके लिए प्रत्येक लोगों के लिए रोग मुक्त होना अतिआवश्यक है, समाज का हर व्यक्ति स्वस्थ्य हो रोग मुक्त हो इसके लिए पॉपुलर हॉस्पिटल लगातार लोगों की सेवा में तत्पर है।*

## ताकि हो रोग मुक्त समाज

*पॉपुलर ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ.ए.के कौशिक ने बताया कि लगभग 30 वर्ष पूर्व पॉपुलर अस्पताल की स्थापना इसी उद्देश्य से की गई ताकि समाज को स्वास्थ्य एवं रोग मुक्त बनाया जा सके। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु पॉपुलर अस्पताल द्वारा चैरिटेबल ट्रस्ट की भी स्थापना की गई। जिसके माध्यम से आज भी दिव्यांग छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में नई राह दी जा रही है।*



डॉ. एके कौशिक ( चेयरमैन, पॉपुलर ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल )




## श्रद्धा विकास समिति

श्रद्धा विकास समिति की स्थापना वर्ष 1999 में की गई। जिसका उद्देश्य दिव्यांग छात्रों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना, उनके वृद्धि एवं विकास में सहायता प्रदान करना तथा उनको समाज के मध्य बेहतर जीवनशैली प्रदान करना आदि हैं। इस समिति के अन्तर्गत बच्छाव में परिवर्तन सक्षम दिव्यांग संस्थान नामक संस्था का संचालन किया जा रहा है।

## पॉपुलर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल फॉउंडेशन

पॉपुलर इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल फॉउन्डेशन की स्थापना वर्ष 2012 में की गई। चिकित्सा के क्षेत्र में आयी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कर्मियों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से स्थापित इस फाउन्डेशन के माध्यम से कम खर्च में बेहतर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल की शिक्षा गरीब परिवार के बच्चों तक पहुंचायी जा रही है। ऐसे मेधावी बच्चे नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के क्षेत्र में आगे बढ़े यही इस फाउंडेशन का उद्देश्य है। पॉपुलर नर्सिंग कॉलेज एवं पैराडिकल इंस्टीट्यूट का संचालन वाराणसी एवं मीरजापुर में किया जा रहा है। वाराणसी के बच्छांव में स्थित पॉपुलर नर्सिंग कॉलेज एवं पैराडिकल एक बहुत बड़े कैम्पस में फैला हुआ है जिसमें छात्र-छात्राओं हेतु अलग-अलग छात्रावास, शारीरिक फिटनेस को पार्क, छात्र-छात्राओं के क्लिनिकल ट्रेनिंग हेतु 100 बेड का अस्पताल एवं हरियाली से भरपूर वातावरण है।

## स्नातक एवं डिप्लोमा में संवर रहा छात्रों का भविष्य

डॉ.कौशिक बताते हैं कि देश में कई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में पॉपुलर भी शामिल है जहां स्नातक एवं डिप्लोमा कोर्स कराये जा रहे हैं, पॉपुलर पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट यू. पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होने के साथ ही डीएमएलटी, ओटी, सीटी स्कैन, डायलिसिस, कॉर्डियो, ईटीसीटी फिजियोथेरेपी में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। दोनों संस्थाओं में लगभग 480 छात्र / छात्रायें अध्ययनरत हैं जो पैरामेडिकल के क्षेत्र में हमारी संस्था द्वारा विश्व स्तर की शिक्षा सुशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्राप्त कर रहें हैं।

## प्रशिक्षिण से मुख्य धारा से जुड़ रहे दिव्यांग

डॉ.कौशिक बताते हैं कि विशेष शिक्षा में डिप्लोमा विशेष शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था परिवर्तन सक्षम दिव्यांग संस्थान वाराणसी के द्वारा दिव्यांगजनों हेतु प्राथमिक शिक्षक एवं विशेष शिक्षक बनाने हेतु भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जा रहा है, जिसका विगत वर्षों में 100 प्रतिशत परिणाम रहा है। इन कोर्सों में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर दिव्यांग बच्चों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।

## प्रशिक्षण के बाद अच्छे पैकेज पर नियुक्ति

कॉलेज में पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ-साथ छात्र / छात्रों को पॉपुलर अस्पताल में कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा छात्र / छात्रायें स्वास्थ्य एवं चिकित्सा से संबंधित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों पर जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करते हैं। संस्था से अध्ययनरत छात्र / छात्राओं का चयन पॉपुलर अस्पताल के साथ ही शहरके अन्य हॉस्पिटलों एवं शहर के बाहर के अस्पतालों में अच्छे सैलरी पैकेज पर होता है।

## शहर के अन्य अस्पतालों में प्रशिक्षण

डॉ. कौशिक बताते हैं कि संस्था शहर के अत्यधिक सम्मानित अस्पतालों जैसे- बी. एल.डब्ल्यू. केन्द्रीय चिकित्सालय, पं. दीनदयाल अस्पताल, देवा मेन्टल अस्पताल, पॉपुलर अस्पताल, सीटी अस्पताल, पॉपुलर अस्पताल, एवं मिसिरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से संबद्ध है, जहाँ छात्रों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है पॉपुलर नर्सिंग कॉलेज एवं पैराडिकल इंस्टीट्यूट में समय-समय पर छात्र / छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की शैक्षिक एवं सामाजिक गतिविधियां की जाती रहती है। नर्सिंग क्षेत्र नर्सिंग के क्षेत्र में पॉपुलर नर्सिंग कॉलेज एवं पैराडिकल इंस्टीट्यूट वाराणसी एवं मीरजापुर में, इण्डियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली (आईएनसी) अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ, यू. पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बीएससी नर्सिंग (4 वर्ष) पोस्ट बेसिक बी. एस. सी. नर्सिंग (2वर्ष). जी. एन. एम. (3 वर्ष) एवं ए. एन. एम. (2वर्ष) का संचालन किया जा रहा है। संस्था में विभिन्न प्रकार के सुरात लैब स्मार्ट क्लास रूम तथा डिजिटल लाइब्रेरी है जो छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान में सहायता प्रदान करते हैं। विभिन्न स्वास्थ्य दिवसों पर विविध प्रकार के कार्यक्रम, नाटक, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता आदि तथा रैलियों का आयोजन किया जाता रहता है। इन गतिविधियों को संस्था के सोशल मिडिया जैसे यू-ट्यूब, फेसबुक, इस्टाग्राम आदि के पेज पर देखा जा सकता है।